सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
27.12.2024
* नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

पौष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 166



12 आज 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड देंगे पीएम

## न्यूज डायरी

### विराट कोहली पर मैच फीस का 20 फीसदी जुर्माना

**नयी दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी सैम कोनस्टास और भारतीय स्टार खिलाड़ी विराट कोहली विवाद प्रक्रम में आइसीसी ने टीम इंडिया के पूर्व कप्तान पर बड़ी कार्रवाई की है। निलंबित होने से बच गये कोहली पर आइसीसी ने उन पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। साथ ही उन्हें एक डिमेरिट प्वाइंट का खामियाजा भी भुगतना पड़ा।

### नेतरहाट स्कूल के अफसर घूस लेते गिरफ्तार

**रांची।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर रोशन कुमार बख्शी को एसीबी ने गुरुवार को ₹50 हजार घूस लेते गिरफ्तार किया। एक सप्लायर से बिल निकासी के लिए उन्होंने 50 हजार घूस मांगी थी। सप्लायर ने इसकी शिकायत एसीबी से की। एसीबी पलामू प्रमंडल के एसपी अंजनी अंजन ने जांच में आरोप सही पाया।

### रातू में दिनदहाड़े 14 लाख रुपये की लूट

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक व्यक्ति से 14 लाख रुपये लूट लिये। यह घटना रातू के काठीटांड़ स्थित एसबीआइ बैंक के पास हुई। दोपहर करीब ढाई बजे हुई घटना के बाद पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गयी। जगह-जगह नाकेबंदी कर तलाशी की जा रही है। रातू थाना प्रभारी राम नारायण सिंह ने घटना की पुष्टि की है।

## मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की

# जिला अस्पतालों का बनायें हेल्थ सर्किट : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाये, ताकि जरूरत के हिसाब से मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। श्री सोरेन गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे किसी एक अस्पताल पर मरीजों का ज्यादा दबाव नहीं पड़ेगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधायें हों। उन्होंने कहा कि लोगों को राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री- डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल 24 घंटे सातों दिन कार्यरत हो। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों को और बेहतर तथा अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का भी निर्देश दिया।



### सीएम ने यह भी कहा

- कैंसर के मरीजों का डेटा तैयार करें, ताकि इलाज सुनिश्चित हो।
- राज्य में पांच नये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण जल्द पूरा करें।
- रिम्स की व्यवस्था बेहतर बनाने के लिये निर्देश दिया।
- सुंदर और स्मार्ट रांची बनाने की दिशा में साकारात्मक कार्य करें।

### सदर अस्पतालों में भी हों विशेषज्ञ चिकित्सक

मुख्यमंत्री ने सभी जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि मरीज को बेवजह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रेफर न करना पड़े। सीएम ने कहा कि अस्पतालों में किसी मरीज को बेड नहीं मिल पाता है तो किसी को जांच कराने में असुविधा होती है। ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल में ऐसी अव्यवस्था नहीं दिखे, इसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट को मजबूत और दुरुस्त करें। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लें। उन्होंने कहा कि किडनी के मरीजों को पेरीटोनियल डायलिसिस के लिए सभी जरूरी दवाई और उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग आगे बढ़े।

## पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं : वित्त मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ाने की संभावना से साफ इंकार किया है। इस मसले पर कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव ही नहीं है। केंद्र सरकार खुद विमान के ईंधन (एविएशन टरबाइन ईंधन) पर टैक्स वसूलना चाहती है। राजस्थान में हुए जीएसटी काउंसिल की बैठक में झारखंड सरकार ने इसका विरोध भी किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को जीएसटी से कंप्सेशन भी नहीं मिल पा रहा है। हवाई जहाज के ईंधन से मिलने वाला वैट राज्य का राजस्व बढ़ाने का एक स्रोत भी है। यह नुकसान झारखंड को मंजूर नहीं है।

### ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास पहुंचे रांची



**रांची।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गुरुवार को रांची पहुंचे। इस दौरान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर श्री दास ने कहा कि अब सक्रिय राजनीति में हिस्सा लेंगे। भाजपा के शीर्ष नेता जो भी जिम्मेवारी देंगे वे, उसका निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा महान पार्टी है। इसमें कोई भी समर्पित कार्यकर्ता शीर्ष तक पहुंच सकता है। साढ़े 14 महीना ओड़िशा में रहने का मौका मिला।

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की हालत नाजुक, एम्स में भर्ती

### कांग्रेस की बैठक रद्द खड़गे-राहुल दिल्ली लौटे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह (92 साल) की तबीयत गुरुवार रात अचानक बिगड़ गयी। उन्हें दिल्ली एम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत गंभीर है। इस बीच कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग रद्द कर दी गयी है। साथ ही 27 दिसंबर को होने वाले सभी प्रोग्राम भी रद्द कर दिये गये हैं। राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बेलगावी से दिल्ली रवाना हो गये हैं। समाचार लिखे जाने तक पूर्व प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी जांच कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सांस लेने में तकलीफ के चलते उन्हें भर्ती कराया गया है।



## राज्य सरकार ने जिलों को जारी किया 5 हजार 225 करोड़ रुपये



### मंइयां सम्मान योजना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 28 दिसंबर को राज्य की लगभग 56 लाख महिलाओं को मंइयां सम्मान योजना के तहत दिसंबर माह का 2500 रुपये जारी करेंगे। हालांकि मिली जानकारी के अनुसार राज्य की कई महिलाओं खाते में 2500 रुपये 26 दिसंबर से ही भेजना शुरू कर दिया गया। बता दें कि कल नामकुम में होने वाले कार्यक्रम के दौरान मंइयां सम्मान योजना की राशि उनके अकाउंट में ट्रांसफर की जायेगी। राज्य सरकार ने पांच हजार 225 करोड़ की राशि भी सभी जिलों को आवंटित कर दी है।

**महिलाओं को सालाना मिलेंगे 30 हजार रुपये :** महिलाओं के खाते में राशि भेजने की जानकारी लाभुकों को एसएमएस के जरिए भी दी जायेगी। मंइयां सम्मान योजना के तहत अब महिलाओं को सालाना 12 हजार की जगह 30 हजार रुपये मिलेंगे। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के स्तर में सुधार करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लागू किया है। नामकुम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों से लाखों से अधिक लाभुकों के शामिल होने की उम्मीद है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 71900 रु./10 ग्राम
चांदी : 91000 रु./प्रति किलो




## वीर बाल दिवस समारोह में सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का हुआ शुभारंभ

# पीएम ने गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय युवाओं के साहस और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है।

श्री मोदी ने इस दौरान सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ भी किया। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के क्रियान्वयन को मजबूत कर व सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित कर पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। इस दौरान पीएम ने लाल किले से दिए अपने भाषण का जिक्र करते हुए देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने अगले 25 सालों के लिए इस शुरूआत को बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि देश की राजनीति में एक नवीन पीढ़ी के उदय के लिए यह आवश्यक है।



**युवा केवल किताबी ज्ञान तक न रहें सीमित :** पीएम ने युवाओं को भविष्योन्मुखी बनाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि युवा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के तेज विकास की नींव रखनी है, इसलिए भारत के युवाओं को अधिक से अधिक इस समय का लाभ उठाना होगा।

**कितनी भी विकट स्थितियां आये, देश हित से बड़ा कुछ नहीं :** उन्होंने कहा कि आज हम तीसरे वीर बाल दिवस का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में वीर बाल दिवस मनाने शुरूआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस का यह दिन हमें सिखाता है कि चाहे कितनी भी विकट स्थितियां आएं, कितना भी विपरीत समय क्यों ना हो देश और देश हित से बड़ा कुछ नहीं होता।

## राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये।

**सम्मानित होने वालों में सात लड़के और 10 लड़कियां :** सम्मानित होने वालों में सात लड़के और 10 लड़कियां हैं। राष्ट्रपति ने इन्हें एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र पुस्तिका देकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस परंपरा को और मजबूत किया जाना चाहिए।

## लोस चुनाव 2024 में 64.64 करोड़ वोटरों ने वोट डाला, बना विश्व रिकार्ड

### भारत निर्वाचन आयोग ने जारी की रिपोर्ट

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** इस साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग कर नया विश्व रिकॉर्ड बना दिया। 2024 में दाखिल नामांकनों की संख्या 12,459 थी जबकि 2019 में यह संख्या 11,692 थी। इसी तरह 2019 में जहां 8,054 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा वहीं 2024 में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर जारी रिपोर्ट में दी है।

**महिला मतदाताओं की रिकार्ड भागीदारी से लोकतंत्र को मिली नई ऊंचाई :** रिपोर्ट के मुताबिक इस बार लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं ने अपनी उपस्थिति और भागीदारी से लोकतंत्र को नई ऊंचाई दी, जो महिलाओं के मताधिकार के नए मानक का संकेत है। महिला मतदाताओं का मतदान औसत 65.78 प्रतिशत रहा जबकि पुरुष मतदाताओं का यह औसत 65.55 प्रतिशत था। महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 थी जबकि 2019 में यह संख्या 726 थी। 2019 की तुलना में थर्ड-जेंडर मतदाताओं में 46.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2024 में जहां 90,28,696 पंजीकृत दिव्यांग मतदाता रहे, वहीं 2019 में यह संख्या 61,67,482 थी। वर्ष 2019 के चुनाव में 540 मतदान केंद्रों की तुलना में 2024 में केवल 40 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर 42 सांख्यिकीय रिपोर्ट और एक साथ कराए गए चार राज्य विधानसभा चुनावों पर 14-14 रिपोर्ट जारी की है।



# 100 साल की हुई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सड़क से लेकर सदन तक किया संघर्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** स्थानपा के सौ साल पूरा होने पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी ने गुरूवार को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन पार्टी के प्रदेश कार्यालय में नए संकल्प के साथ किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने 100 साल का लंबा सफर अंग्रेजों की लड़ाई से लेकर सामंती अवशेष आजादी के बाद भी देश को बनाने संवारने किसान मजदूर छात्र नौजवान के हक और अधिकार के लिए लगातार संघर्ष करती रही है।

संघर्ष के क्रम में हजारों हजार की संख्या में पार्टी के सदस्यों ने अपनी शहादत देकर लाल झंडे के रंग को और लाल गहरा कर दिया। वर्ष 2025 संगठन और संघर्ष का वर्ष रहेगा आने वाले दिन के लिए पार्टी पूरी तैयारी कर रही है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम झंडो तोलन एवं शहीद बेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### देश के निर्माण में कम्युनिस्टों की है अहम भूमिका

आरपी चौधरी ने कहा कि देश के निर्माण में कम्युनिस्टों की अहम भूमिका रही है। उन्होंने 100 साल संघर्ष की गाथा को विस्तृत रूप से लोगों बताया, भंते जैनेंद्र तथागत ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का एक इतिहास रहा है, आज तक कभी भी हालात से समझौता नहीं किया। एटक के महासचिव अशोक यादव ने कहा कि हमारा संघर्ष का एक लंबा इतिहास रहा है, देश में सबसे ज्यादा शहादत देने वाली पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी है। देश के मजदूर की लड़ाई लड़ते हुए अंग्रेजों से भी कई अधिकार प्राप्त किया, लेकिन आज मोदी सरकार मजदूरों की अधिकार को छीन रही है, 8 घंटा काम 8 घंटा आराम एवं 8 घंटे मनोरंजन की बातें मनवाई थी। लेकिन मोदी सरकार 8 घंटे की जगह 12 घंटे काम करवा रही है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, वरीय उपाध्यक्ष भंते जैनेंद्र तथागत, अब्दुल कलाम रसीदी, आरपी चौधरी, इप्टा के श्यामल मलिक, पुरंदर महतो, लक्ष्मी देवी, अमित कुमार, मनोज ठाकुर शहीद के अलावा कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गयी। इसकी अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने किया। इस अवसर पर किशुन कुमार दास ने कहा कि संगठन को सशक्त बनाने के लिये सदस्यता अभियान को सफल बनाना आवश्यक है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी से सदस्यता अभियान को पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश के सभी अधिकारियों, जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष को भी सदस्यता अभियान के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि संगठन को घर-घर तक पहुंचाने के लिये सदस्यता अभियान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन सदस्यता अभियान किया जा सकता है। मौके पर प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान ने कहा कि झारखंड के सभी अनुसूचित जाति बहुल 41 विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को सशक्त और मजबूत करना है। कार्यक्रम में कमलेश राम, खुदा राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुमार, कमलेश किशोर, गोविंदा, किशोर राम, अशोक राज, सागर पासवान, विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

# सीएस रैंक में प्रोन्नत होने पर राज्यपाल ने दी कुलकर्णी को बधाई



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी को अपर मुख्य सचिव रैंक में प्रमोशन मिलने पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उन्हें बधाई दी है। डॉ कुलकर्णी से गुरुवार को राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान राज्य ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। कहा कि नितिन मदन कुलकर्णी के प्रशासनिक अनुभव और कार्यकुशलता का लाभ राज्यवासियों को जरूर मिलेगा

# राज्य के 9 जिलों में घर बैठे मिलेगी दवाओं की जानकारी

## झारखंड में शुरू होने जा रही है ई-औषधि योजना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के 9 जिलों में ई-औषधि योजना शुरू होने जा रही है। इसके शुरू होने से राज्य के इन जिलों के लोगों को अब घर बैठे दवाओं की जानकारी मिलेगी। इस योजना के तहत रांची, लोहरदगा, गुमला, हजारीबाग, गोड्डा, गढ़वा, गिरिडीह, बोकारो और धनबाद जिलों के लोगों को अब अस्पतालों में उपलब्ध दवाओं की जानकारी घर बैठे मिल सकेगी। यह योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत लागू की जा रही हैं, जिसे स्वास्थ्य चिकित्सा और परिवार कल्याण विभाग द्वारा शुरू किया जा रहा हैं। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के अनुसार, ड्रग्स एंड वैक्सीन्स डिस्ट्रीब्यूशन को इस योजना को लागू करने के लिए कहा गया हैं। इस योजना के तहत अब अस्पतालों में दवाओं का स्टॉक खत्म होने के बाद भी नागरिकों को दवाओं की उपलब्धता के बारे में समय रहते जानकारी मिल जाएगी।

### ई-औषधि योजना के लाभ

इस योजना के लागू होने से अस्पतालों में दवाओं के स्टॉक खत्म होने की समस्या को नियंत्रित किया जा सकेगा, क्योंकि यह सिस्टम दवाओं की उपलब्धता और स्टॉक के बारे में रीयल टाइम जानकारी प्रदान करेगा। इसके अलावा, आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गरीब और कमजोर परिवारों को हर साल 5 लाख रुपये तक का निशुल्क स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा। ई-औषधि योजना का लाभ फिलहाल जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मिल सकेगा। ऐसा होने से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ और अधिक सुलभ तरीके से उठा सकेंगे।

# राजधानी समेत पांच शहरों में होगा आठ मंजिला स्पेशलाइज्ड थानों का निर्माण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सरकार ने राज्य के पांच प्रमुख शहरों क्रमशः रांची, जमशेदपुर, दुमका, देवघर और साहेबगंज में स्पेशलाइज्ड थानों के निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना बनाई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के अपराधों से निपटने के लिए एक एकीकृत और कुशल प्रणाली विकसित करना है। प्रत्येक स्पेशलाइज्ड थाना भवन में साइबर थाना, महिला थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एचटीयू) थाना और एससी-एसटी थाना होगा। इससे लोगों को एक ही स्थान पर सभी प्रकार की शिकायतें दर्ज कराने में आसानी होगी। इस योजना को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने तैयार किया है और इसके क्रियान्वयन की जिम्मेवारी आइजी प्रोविजन पंकज कंबोज को सौंपी गई है। इन थानों का निर्माण 25 डिसमिल जमीन पर किया जाएगा। ये भवन 7-8 मंजिला होंगे।

**महिलाओं के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले कमरे होंगे :** ये भवन 7-8 मंजिला होंगे और इनमें महिलाओं के लिए आधुनिक सुविधाओं वाले कमरे होंगे। जिनमें किचन और बाथरूम अटैच होंगे। एकीकृत भवन होने से पुलिस अधिकारी विभिन्न मामलों को अधिक कुशलता से संभाल पाएंगे और पीड़ितों को तुरंत न्याय दिलाने में सक्षम होंगे। थाना बनने के बाद लोगों को अब विभिन्न थानों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि वे अपनी शिकायतें एक ही स्थान पर दर्ज करा सकेंगे।

## सतीश सिन्हा बने क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य

**रांची।** भाजपा नेता सतीश सिन्हा को क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति के सदस्य बनाया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने श्री सिन्हा का नाम अनुशंसित किया है।

## अजय राय ने प्रोविंशियल फादर अजीत खेस से मिलकर क्रिसमस की दी बधाई

**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने प्रोविंशियल फादर अजीत खेस से मिलकर उन्हें क्रिसमस की बधाई दी। इस अवसर पर अजय राय ने फादर अजीत खेस को झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की ओर से क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ चर्चा की। अजय राय ने कहा यह त्योहार हमें एक दूसरे के प्रति प्रेम और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है।

# अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को भाजपा से जोड़े : कर्मवीर सिंह

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर मंथन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक गुरूवार को पार्टी मुख्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता तारिक इमरान ने की। श्री इमरान ने कहा कि संगठन महापर्व को लेकर घर-घर पहुंचने की जरूरत है। मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को पार्टी से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं का समाधान निकालने के लिये कार्यकर्ताओं को प्रयत्न करना चाहिये।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रहित की राजनीति करती है। कार्यक्रम का संचालन ताजदार आलम और धन्यवाद ज्ञापन आरिफ नासीर भप्त ने किया। बैठक मे शमीम रजा, रिकुं शेख, जावेद सलीम, नजीर खान, नइयर आजम, यासीन भारती, अलमगीर अंसारी, मो इमरान, तनवीर हुसैन, सैयद किरमानी, मो समीर, उज्ज्वल तिर्की आदि उपस्थित थे।

# दामोदर नदी को प्रदूषण से बचाने को धनबाद में लगेगा सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

## एनएमसीजी, जुडको और एजेंसी के बीच त्रीपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर

## 518 करोड़ की लागत से 192 एमएलडी के पांच एसटीपी का होगा निर्माण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दामोदर नदी को प्रदूषण मुक्त करने और पर्यावरण की संरक्षा के लिए धनबाद में सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा। इसके लिए नई दिल्ली में गुरूवार नमामि गंगे कार्यालय में त्रीपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। इस परियोजना पर 518 l06 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। 192-192 एमएलडी के पांच सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना की जायेगी। समझौते पर स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन ( एनएमसीजी ), जुडको और धनबाद वेस्ट वाटर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से हस्ताक्षर किया गया।




इस परियोजना का उद्देश्य मुख्य रूप से दामोदर नदी में गंदे पानी को गिरने से बचाकर प्रदूषण मुक्त करना है। इसके तहत 192 एमएलडी क्षमता के पांच सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट विभिन्न स्थानों पर स्थापित किये जायेंगे।

इसके अलावा हाईब्रिड एनुइटी माडल पर आधारित पंपिंग स्टेशन का भी निर्माण किया जायेगा। हाईब्रिडी एनुइटी माडल इस परियोजना के प्रभावी रूप से दीर्घावधि तक कार्यरत रहने के लिए निजी लोकभागेदारी का एक सुगम माध्यम है। जल की उच्च गुणवत्ता बढ़ाने, प्रदूषण कम करने और क्षेत्र में इकोलाजिकल गतिविधियों को बढ़ाने के तहत यह स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन का सार्थक प्रयास है।

समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान एनएमसीजी के डीजी राजीव कुमार मिततल, डीडीजी नलीन कुमार श्रीवास्तव, इडी ब्रिजेंद्र स्वरूप, सुडा डायरेक्टर अमित कुमार, जुडको के पीडीटी गोपालजी , डीजीएम आलोक कुमार और प्रोजेक्ट मैनेजर राधाकांत सिंह उपस्थित थे। सभी ने परियोजना के समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा कराने का वचन भी लिया।

## महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरा होने पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शताब्दी वर्ष का किया गया आयोजन

# इतिहास में सत्याग्रह के पैगम्बर के रूप में प्रसिद्ध हैं महात्मा गांधी : राधा कृष्ण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरा होने पर पूरे देश भर में चल रहे शताब्दी समारोह के अवसर पर गुरुवार को कांग्रेस भवन रांची में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने तक की चित्र का एक प्रदर्शनी कांग्रेस भवन के प्रांगण में लगाया गया। जहां कांग्रेस के नेता, कार्यकताओं एवं आमजनता ने काफी तदाद में गांधी से जुड़े इन चित्रों का अवलोकन कर गांधी के प्रासंगिकता को जाना।





इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गांधी के विचारों एवं आदर्शों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर उपस्थित रहें। संगोष्ठी सभा में कांग्रेस के वरीय नेता, अग्रणी संगठन विभाग के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता रमा खलखो ने की और संचालन रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप तुलस्यान ने किया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहु, एवं सह प्रभारी राजन वर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी इस आधुनिक दुनिया में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और धार्मिक समस्याओं को हल करने के लिए अहिंसक तरीकों की वकालत करने वाले अद्वितीय व्यक्ति थे। गांधी जी का मानना था कि हिंसा सिद्धांतिक रूप से गलत है और इसका विरोध हर किसी का करना भी कर्तव्य है। एक गलत को दूसरे गलत से ठीक नहीं किया जा सकता।

राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि गांधी विश्व इतिहास में सत्याग्रह के पैगम्बर के रूप में प्रसिद्ध हैं, लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह केवल सद्भावना से ओत-प्रोत लोगों द्वारा ही चलाया जा सकता है जो जनकल्याण का प्रभाव करते हैं। उन्होंने कहा कि दुख इस बात का है केन्द्र की सत्ता के द्वारा आज जिस प्रकार गांधी के विचारों को, संविधान को बदलने की बात की जा रही है यह उचित नहीं है। यह देश गांधी का है और यह देश तभी विकसित होगा जब हम गांधी जी की प्रासंगिकता को बनाये रखने में कामयाब होंगे और कांग्रेस इसके लिए सदैव तत्पर हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि इस शताब्दी समारोह का आयोजन राज्य के तमाम जिलों में किया गया और इस आयोजन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तमाम जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की और सभी पर्यवेक्षक अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर शताब्दी समारोह की भव्यता को सफलतापूर्वक संचालित करने का काम किया। संगोष्ठी के अंत में वरीय कांग्रेस नेता मणिशंकर तिवारी एवं आसिफ नईम के निधन पर पर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ जयप्रकाश गुप्ता, कुमार गौरव, गुंजन सिंह, आलोक दूबे, विनय सिन्हा दीपू, डॉ राजेश गुप्ता, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, केके गिरी, शशिभूषण राय, गजेन्द्र सिंह, आभा सिन्हा, रियाज अंसारी, चंचल चटर्जी, नेली नाथन, सुरेन राम, जगदीश साहु, मनोज सहाय पिंकू, सत्यनारायण सिंह, राजू राम, नीतू देवी, हुसैन खान, मो सफार, मेरी तिर्की, सुन्दरी तिर्की, पूजा कुमारी, निलम सहाय, अनिता सिन्हा, मीनू सिंह, प्रभात कुमार, नरेन्द्र गोपी, छोटू सिंह, त्रितेन्द्र त्रिवेदी, पूर्णिमा सिंह, राजीव चौधरी, फिरोज रज्वी मुन्ना, सुमित आदि सैकड़ो कांग्रेसजन शामिल थे।

# झारखंड के राशन कार्डधारी अब 28 फरवरी तक करा सकेंगे केवाईसी

## खाद्य आपूर्ति विभाग ने बढ़ायी ई-केवाईसी की तारीख

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड के राशन कार्डधारियों और पीडीएस डीलरों के लिए अच्छी खबर है। उन्हें अब केवाईसी के लिए हड़बड़ाने की जरूरत नहीं है। अगर आप झारखंड के राशन कार्ड होल्डर हैं और अब तक ई-केवाईसी नहीं कराया है, तो आप आराम से नये साल में भी करवा सकते हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग ने ई-केवाईसी की आखिरी तारीख को 28 फरवरी तक बढ़ा दिया है। खाद्य आपूर्ति विभा गे प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि रांची, जमशेदपुर और धनबाद के एडीएम राशनिंग और जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित अवधि के भीतर ई-केवाईसी का कार्य पूरा करें।

### ऑथटिकेशन सर्वर में तकनीकी समस्याएं

हालांकि, हाल के दिनों में आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के दौरान झारखंड ऑथटिकेशन यूजर एजेंसी (एयूए) के सर्वर पर लोड बढ़ जाने के कारण सर्वर काम नहीं कर रहा है। इसके चलते राशन वितरण में भी समस्याएं आ रही हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग ने बताया कि तकनीकी समस्याओं के कारण न तो खाद्य सामग्री का वितरण हो पा रहा है और न ही ई-केवाईसी का कार्य संपन्न हो रहा है।

**प्राथमिकता से किया जाएगा वितरण :** विभागीय सचिव ने यह भी कहा है कि पहले खाद्य और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण प्राथमिकता से किया जाएगा। इसके बाद, बचे हुए समय में ई-केवाईसी का कार्य पूरा किया जाएगा, ताकि राशन कार्ड होल्डर समय पर लाभ उठा सकें।

स्पीड न्यूज



## डॉ एके लाल मामले में डीसी से मिला आइएमए का प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जमशेदपुर शाखा का एक प्रतिनिधिमंडल आज डीसी अनन्य मित्तल से मिला और उन्हें एक मांग पत्र देकर डा एके लाल से उनके क्लिनिक में दुर्व्यवहार और मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की गयी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अध्यक्ष डा जीसी मा झी, महासचिव डा सौरव चौधरी कर रहे थे। उनके साथ डा एके लाल, डा अमित कुमार, डा दीपक कुमार, डा राम कुमार, डा एसके कुंडु, डा प्रमिला पूर्ति और डा महेश हेम्ब्रम भीथे।

## टिमकेन यूनियन के महासचिव विजय यादव की पत्नी का निधन

**जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के नेता सह टीमकेन यूनियन के महामंत्री विजय यादव की धर्मपत्नी शिला देवी का रात्रि हृदय गति रुकने से स्वर्गवास हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे से गोविंदपुर स्थित उनके आवास से स्वर्णरेखा बर्निंग घाट, भुइयांडीह के लिए निकलेगी। इस खबर से पूरे गोविंदपुर में शोक की लहर है।

## एक सूत्री मांग को लेकर आंदोलन करेंगे माध्यमिक शिक्षक

**गम्हरिया।** प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ झारखंड के वित्तरहित शिक्षकों की बैठक संघ के महासचिव राजेंद्र प्रसाद महतो की अध्यक्षता में हुई। इसमें वेतनमान की एक सूत्री मांग को लेकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। श्री महतो ने कहा कि हमारी एक सूत्री मांग वेतनमान लागू कराना है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा वेतनमान के साथ-साथ 75ः अनुदान की मांग की कहकर आंदोलन को भटकाने का प्रयास किया जा रहा है, जो महज अफवाह है। उन्होंने कहा कि वेतनमान की मांग को लेकर संघ के सदस्यों द्वारा शिक्षा मंत्री को भी ज्ञापन सौंपा गया है। संघ के सदस्यों ने कहा कि एकसूत्री वेतनमान की मांग के लेकर आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में दिनेश कुमार, अफरोज आलम, पंकज कुमार रजक, देवीलाल महतो, तरूण उपाध्याय, दीपक बारिक, गौतम प्रधान समेत संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधायक एवं जिला पार्षद ने किया उद्घाटन



**चांडिल।** अनुमंडल के भुईयांडीह में क्रिसमस एवं नव वर्ष को लेकर तिन दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है। गुरुवार को दूसरे दिन आयोजित सांसतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो एवं जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायेक ने संयुक्त रूप से फिता काटकर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, ओमप्रकाश लायेक, रविन्द्र नाथ तंतुबाय, राहुल वर्मा, शंकर लायेक, मिलन तंतुबाय, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## चियांकी कृषि विज्ञान केंद्र में जिला रबी कर्मशाला आयोजित

**मेदिनीनगर।** चियांकी कृषि विज्ञान केंद्र में जिला रबी कर्मशाला की गयी। जिसमें जिप अध्यक्ष, डी डी सी मो शब्बीर अहमद, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, चियांकि के कृषि वैज्ञानिक, जेड आर एस के वैज्ञानिक एवं आत्मा के उप परियोजना निदेशक, आत्मा के पदाधिकारी गन, बेतला एफ पी ओ के सचिव ब्रजेश पांडेय भी थे।

# भस्म रुद्राक्षधारी मनुष्य को देखकर भाग जाते हैं भूत प्रेत : वृजनंदन शास्त्री

- जहां-जहां शिव के आंसू गिरे वहां रुद्राक्ष वृक्ष उत्पन्न हुए
- मानगो वसुंधरा एस्टेट में शिव महापुराण कथा का प्रथम दिन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मानगो एनएच 33 स्थित वसुंधरा स्टेट (नियर इरीगेशन कॉलोनी) में श्री शिव महापुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन गुरूवार को वृन्दावन से पधारे स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने व्यास पीठ से शिव महापुराण, शोभायात्रा, महात्म, रूद्राक्ष, भस्म महिमा वर्णन के प्रसंग का सुंदर व्याख्यान किया। कथा के दौरान प्रसंग के आधार पर कलाकारों ने जीवंत झांकी भी प्रस्तुत की। उन्होंने शिव कथा के विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भस्म, रुद्राक्ष धारण करके नमः शिवाय मंत्र का जप करने वाला मनुष्य शिव रूप हो जाता है। भस्म रुद्राक्षधारी मनुष्य को देखकर भूत प्रेत भाग जाते हैं। देवता पास में दौड़ आते हैं। उसके यहां लक्ष्मी और सरस्वती दोनों स्थायी निवास करती हैं, विष्णु आदि सब देवता प्रसन्न होते हैं। महाराज ने आगे कहा कि जब भगवान शिव ने मानव जाति के कष्ट और पुनर्जन्म के चक्र को देखा, तो उनका हृदय करुणा से भर गया। उनकी आंखों से आंसू बहने लगे, और जहां-जहां ये आंसू गिरे, वहां रुद्राक्ष वृक्ष उत्पन्न हुए। शिवजी सदैव मृगचर्म (हिरण की खाल) धारण किए रहते हैं और शरीर पर





कथा सुनती महिलाएं और कथा सुनाते बृजनंदन शास्त्री जी।

भस्म (राख) लगाए रहते हैं। शिवजी का प्रमुख वस्त्र भस्म यानी राख है, क्योंकि उनका पूरा शरीर भस्म से ढंका रहता है। शिवपुराण के अनुसार भस्म सृष्टि का सार है, एक दिन संपूर्ण सृष्टि इसी राख के रूप में परिवर्तित हो जानी है। कथावाचक ने बताया कि शिव को अर्द्धनारीश्वर भी कहा गया है, इसका अर्थ यह नहीं है कि शिव आधे पुरुष ही हैं या उनमें संपूर्णता नहीं। दरअसल, यह शिव ही हैं, जो आधे होते हुए भी पूरे हैं। इस सृष्टि के आधार और रचयिता यानी स्त्री-पुरुष शिव और शक्ति के ही स्वरूप हैं। इनके मिलन और सृजन से यह संसार संचालित और संतुलित है। दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं। नारी प्रति है और नर पुरुष। प्रति के बिना पुरुष बेकार है और पुरुष के बिना प्रति। दोनों का अन्योन्याश्रय संबंध है। अर्धनारीश्वर शिव इसी पारस्परिकता के प्रतीक हैं। आधुनिक समय में स्त्री-पुरुष की बराबरी पर जो इतना जोर है, उसे शिव के इस स्वरूप में बखूबी देखा-समझा जा सकता है। यह बताता है कि शिव जब शक्ति युक्त होता है तभी समर्थ होता है। महाराज ने प्रदोष व्रत का वर्णन विस्तार से करते हुए आगे कहा कि प्रदोष के दिन भगवान शिव की पूजा अर्चना का काफी महत्व है। शास्त्रों में प्रदोष के व्रत की बड़ी महिमा बताई गई है। इस व्रत को श्रद्धापूर्वक विधि-विधान से जो भक्त करता है उसको जन्म-जन्मांतर के पापकर्मों से छुटकारा मिल जाता है। महीने में दो बार आने वाले प्रदोष व्रत भगवान भोलेनाथ को समर्पित है और इस दिन संध्याकाल में इनकी आराधना करने से शिव प्रसन्न होते हैं और मनचाहा वरदान देते हैं। इसका आयोजन यजमान किरण-उमाशंकर शर्मा द्वारा किया गया हैं। महाराज जी दूसरे दिन शुक्रवार को गुण निघि का पूर्व जन्म, कुबेर पद की प्राप्ति एवं शिवालय महिमा का प्रसंग सुनायेंगे। आज प्रथम दिन समाजसेवी मनमोहन खंडेलवाल, अजय श्रीवास्तव, सुनील सेठ, शशांक श्रीवास्तव धीर दत्ता, सत्यप्रकाश, उमाशंकर सिंह आदि कथा में शामिल होकर महाराज श्री से आर्शीवाद लिया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से पाशंकर शर्मा, रामाशंकर शर्मा, गिरजाशंकर शर्मा, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ष्णा शर्मा उर्फ काली शर्मा, संतोष शर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी।

### डीसी की अध्यक्षता में आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक

# पोटका-गुड़ांबादा बीएसओ को शोकॉज

- छह माह से राशन का उठाव नहीं करने वालों का कार्ड रद्द करने का दिया गया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आपूर्ति एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण, चना दालध्मकध्चीनी वितरण, डाकिया योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना एवं अन्य विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

डीसी द्वारा खाद्यान्न उठाव एवं वितरण की समीक्षा में पाया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) एवं झारखण्ड



समीक्षा बैठक करते जमशेदपुर डीसी अनन्य मित्तल।

राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (जेएसएफएसएस) में खाद्यान्न का वितरण राज्य के औसत से कम हुआ है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं पणन पदाधिकारियों ने बताया कि कई कार्डधारी राशनकार्ड बनाने के बावजूद राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं जिससे वितरण प्रतिशत में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पा रही है। साथ ही साथ नया राशनकार्ड हेतु रिक्ति भी उत्पन्न नहीं हो पा रहा है। डीसी ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि विगत छः माह से उठाव नहीं कर रहे राशनकार्डधारियों का सत्यापन के पश्चात् कार्ड रद्द करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे ताकि जरूरतमन्द लोगों को राशनकार्ड निर्गत किया जा सके।

लाभुकों के बीच नमक का वितरण भी संतोषजनक नहीं पाया गया। निर्धारित समय सीमा के अन्दर शत प्रतिशत कार्डधारियों को नमक का वितरण कराने का निदेश दिया गया। सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं पणन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेता को अविलम्ब चीनी के निर्धारित मूल्य का ठंदा क्तंजि जमा कराते हुए ससमय इसका उठाव एवं वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी एवं पणन पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी पीवीटीजी कार्डधारियों को डाकिया योजना के अन्तर्गत प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में अनिवार्य रूप से खाद्यान्न का पैकेट उनके घर पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

धान अधिप्राप्ति में प्रगति की समीक्षा के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के लिए पूरे जिले में 46 धान अधिप्राप्ति केन्द्र खोला गया है, जिसमें से अबतक 40 क्रय केन्द्र कार्यरत हैं। शेष 06 के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि केन्द्रों का जांच करते हुए दिनांक 31.12.2024 तक शुरू कराना सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी एमओ, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे।

## होटल द सिटी इन में लेट्ज सेलिब्रेट इन स्टाइल थीम पर 31 को कार्यक्रम

- जीएम नीरज सिंह ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगामी 31 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम के निमित पारडीह चौक स्थित होटल द सिटी इन में आयोजित प्रेस वार्ता में होटल के महाप्रबंधक नीरज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की 31 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले रंगारंग कार्यक्रम ''लेट्ज सेलिब्रेट इन स्टाइल'' थीम पर आधारित होगा।

कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए नीरज सिंह ने बताया की सिटी इन परिवार अपने परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष शहर के लोगों को झूमने के लिए सारेगामा फेम देबेशमिता सरकार और विजय अजीज लाइव अर्केस्ट्रा के साथ अपने गानो से अतिथिओं को झुमायेंगे, साथ हीं कोलकाता के



कार्यक्रम की जानकारी देते होटल के जीएम नीरज सिंह।

मशहूर डांस ट्रूप भी अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। साथ हीं नीरज सिंह ने बताया की बच्चों के लिए अलग से किड्स जोन भी बनाया जायेगा। नए साल की शुरुआत आकर्ष आतिशबाजी के साथ होगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुरे होटल में अतिरिक्त सीसीटीवी कमरे लगाए जा रहें हैं। अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की भी तैनाती पुरे होटल में की जा रही है ताकि अतिथियों को कोई परेशानी न हो।

## झारखंड राज्य का गठन अटल जी के दृढ़ संकल्प व दूरदर्शिता का परिणाम : सांसद

- भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ ने मनायी पूर्व पीएम भारत रत्न अटल जी की जयंती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के नेतृत्व में त्रयमकम महादेव मंदिर बडा हनुमान के सभागार में पुर्व प्रधान मंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जनशताब्दी को सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी सिंहभूम के लोक प्रिय सांसद विद्युत वरण महतो विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, मंदिर अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, नित्यानंद सिन्हा,



कार्यक्रम में उपस्थित नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष सुधांशु व अन्य।

विजय तिवारी सीताराम प्रसाद जी उपस्थित हुए।

सभी सम्मानित अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश के सह संयोजक सीताराम प्रासाद ने दी। श्री नीरज सिंह द्वारा सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि श्री विद्युत वरण महतो ने अटल जी के देश के लिए दिए गए योगदान, उनके विचारों और उनके महान नेतृत्व क्षमता को स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण अटल जी की दूर दृष्टि और उनके संकल्पों का परिणाम है। इन्होने उनके चर्चित कविताओं, उनके गुणों विकास और संगठन की मजबूती पर प्रकाश डाला। नीरज सिंह जी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी अनुपस्थिति आज हमारे संगठन को खलता है।

## सड़क और पुलों के निर्माण से विकास को मिलेगी तेज गति : जोबा माझी

- गोइलकेरा में सड़क का शिलान्यास और पुल का उद्घाटन
- सांसद के साथ विधायक जगत माझी और सोनाराम सिंकु उपस्थित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**गोइलकेरा/जमशेदपुर।** गुरुवार को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने गोइलकेरा प्रखंड में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं नवनिर्मित पुल का उद्घाटन किया। पथ निर्माण विभाग से महादेवशाल एनएच-320 डी से कुमदी तक लगभग 08.495 किमी सड़क



शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करती सांसद जोबा माझी।

शिलान्यास के मौके पर मनोहरपुर के विधायक जगत माझी उपस्थित रहे। वहीं जगन्नाथपुर विस क्षेत्र अन्तर्गत गोइलकेरा प्रखंड के आराहासा पंचायत के ग्राम कुरकुटिया के जहरा स्थल में पुल उद्घाटन के मौके पर विधायक सोनाराम सिंकु उपस्थित रहे।

इस मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा गांवों को पंचायत, पंचायत से प्रखंड को जोड़ने के लिए सड़क जरूरी। 1995 में पहली बार विधायक बने तो इसी सड़क से आवागमन करते थे।

## पर्यावरण जागरूकता पर आधारित पुस्तक स्वच्छता संवाद का विमोचन

- उप नगर आयुक्त और टाटा स्टील यूआईएसएल महाप्रबंधक ने किया विमोचन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पर्यावरण जागरूकता और युवा जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए एक प्रेरक कदम उठाते हुए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने पोटली प्रोडक्शंस और द हाइफन के सहयोग से जमशेदपुर जिले के 25 स्कूलों के 43 छात्रों द्वारा लिखित एक अभूतपूर्व पुस्तक ''स्वच्छता संवाद'' का विमोचन किया। स्वच्छ भारत अभियान (स्वच्छ भारत मिशन) के साथ संरेखित यह पहल स्वच्छ और हरित भविष्य के लिए समर्पित युवा आवाजों की रचनात्मकता और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। विमोचन कार्यक्रम में कृष्ण कुमार, उप नगर आयुक्त और रवींद्र सिंह भी थे।

# सरायकेला-खरसावां जिला में भू-जल स्तर बढ़ाने को हर चापाकल और जलमीनार के पास सोख्ता बनाने का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जल संचयन जन भागीदारी कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जल संकट से निपटने के लिए सभी को एक साथ काम करने की जरूरत पर जोर दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जल जीवन



बैठक करते डीसी रविशंकर शुक्ला।

के अस्तित्व से जुडा हुआ है, आए दिन पेयजल युक्त जल की मात्रा कम हो रही है, अतः इसके संरक्षणध्संचयन की ओर सभी को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है, बैठक के दौरान जल संचयन के महत्व पर विचार साझा किए गए तथा सभी विभागों को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए विभिन्न माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने को कहा। बैठक के दौरान उपायुक्त नें कहा कि जल संकट से बचनेध्निपटने के लिए जिला स्तर पर कार्य योजना निर्धारित करें जिससे जल की उपलब्धता, सप्लाई, स्टोरेज का आंकलन किया सके ,उपायुक्त नें कहा कि सभी चपानल तथा जलमिनार के पास सोख्तागढाध्सोखपीठ का निर्माण निश्चित रुप से करायें।

बैठक में उपायुक्त के साथ सहायक समाहर्ता श्री कुमार रजत, कार्यपालक अभियन्ता लघुसिचाई, कार्यपालक अभियन्ता भवन निर्माण, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### भक्ति की कोई उम्र नहीं : पं. जगदीश भूषण मिश्र



**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश संघ की सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन अवध से पधारे कथावाचक पं. जगदीश भूषण मिश्र ने बताया कि भगवान की भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती है। लोग सोचते हैं कि अभी तो माया संसार है जितना हो सके धन अर्जित कर लो, परिवार का पालन-पोषण करना ही हमारा धर्म है लेकिन मानव तन सिर्फ इसलिए नहीं मिला है कि केवल परिवार का पालन पोषण करें। जब तक हम भगवान के चरणों से नहीं जुड़ेंगे किसी संत का आशीर्वाद नहीं प्राप्त करेंगे तब तक हमारा कल्याण नहीं हो सकता। बताया कि ध्रुव और प्रहलाद ने पांच वर्ष की अवस्था में भगवत साधना कर अपने जीवन को सुभाषित किया और जगत के लिए वंदनीय हुए। दैत्य जाति में जन्म लेकर भी छोटी अवस्था में भगवान नरसिंह के दर्शन प्राप्त किये।

### रघुवर के रांची पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन



**जमशेदपुर।** उड़ीसा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास झारखंड के रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे जहां पर उनका वैश्य एकता मंच के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हलधर नारायण शाह, प्रदेश महासचिव श्रीकांत देव, जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद जायसवाल, महासचिव राजेश्वर साहू, किशोर साहू, बंटी अग्रवाल, मुन्ना व भारी संख्या में सदस्यों ने रांची एयरपोर्ट से लेकर उनके आवास तक भव्य एवं जोरदार अभिनंदन किया। संस्था का मानना है कि उनके राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने के बाद कार्यकर्ताओं व सामाजिक क्षेत्र में उत्साह और जागृति का संचार पैदा होगा।

### सर्किट हाउस साईं सेंटर में भजनों पर झूमे श्रोता



**जमशेदपुर।** गुरुवार को शिरडी के प्रसिद्ध भजन गायक पारस जैन जमशेदपुर पधारे। सर्किट हाउस साईं सेंटर में बाबा की आरती के साथ फिर भजन संध्या प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मिसेज डेजी ईरानी की अहम भूमिका है। इसको सफल बनाने में साईं मंदिर के अध्यक्ष रमेश नंदराजन, विजय मेहता, किरण मेहता, मिताली चोपड़ा, राजीव चोपड़ा, रोहन मेहता, शक्ति शर्मा, नलिनी राममूर्ति, अमिता राय, दास बाबू, सी इस राव, दुर्गा राव, पूरबी घोष, मल्लिका और नीरज का योगदान रहा।

### सांसद के आवास के बगल में लाखों की चोरी



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में चोरो का आतंक देखने को मिला, जहां तीन घंटे के भीतर 20 लाख के गाने और एक लाख रुपये नगद पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। बता दें कि बिष्टुपुर थाना क्षेत्र में शहर के सबसे पॉस इलाके में चोरों ने महज 3 घंटे के भीतर लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरन महतो के घर के ठीक बगल घर में परिवार के लोग 3 घंटे के लिए किसी कार्यक्रम में गए थे। शाम 7 से 10 बजे के बीच कर पीछे तरफ से घर में घुसते हैं, दरवाजों की कुंडी तोड़कर चार अलमीरा में रखे लाखों रुपये के जेवर और नगद रुपए लेकर फरार हो गये और घर से 1 किलोमीटर दूर गहने के डिब्बो को फेंक दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### साकची अग्रसेन भवन में शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव 13 जनवरी को



**जमशेदपुर।** श्री शाकंभरी माता का 11वां वार्षिक महोत्सव सह मंगलपाठ का भव्य आयोजन 13 जनवरी 2025 सोमवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में होने जा रहा हैं। इसकी तैयारी जोरों से चल रही है। आयोजन श्री शाकंभरी माता परिवार टाटानगर करेगा। गुरुवार को संस्था की अध्यक्ष नीतू हरनाथका ने प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर मंगलपाठ का कूपन का वितरण का कार्य शुरू कर दिया गया हैं। मंगलपाठ का कूपन 77177 80276, 70082 7745, 81027 38999, 93414 24569, 70044 95243 नंबर पर संपर्क करें।

### बापू के कांग्रेस अध्यक्ष चुने जाने का शताब्दी वर्ष मना



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन जिला कांग्रेस कमिटी एवं गोलमुरी प्रखण्ड कांग्रेस के तत्वावधान में 10 नंबर बस्ती, हिन्दुस्तान मित्र मण्डल चौक के समीप महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, मुख्य अतिथि रविन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, अशोक चौधरी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण ने नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने किया एवं संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि रविन्द्र सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, अशोक चौधरी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 26 दिसंबर 1924 को बेलगाम, कर्णाटक में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी का 39वॉ अधिवेशन आयोजित हुआ था। जिसमें महात्मा गाँधी जी को कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था। उक्त अधिवेशन में कांग्रेस प्रतिनिधियों को पीने के लिए कुअ खोदा गया था। जिसका नाम 'कांग्रेस कुअ' रखा गया। बेलगाम शहर में 1892 में स्वामी विवेकानंद जी नौ दिन तक रहे थे।



स्वागतम्... राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता।

## स्पीड न्यूज

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर गायत्री परिवार ने की बैठक



**सतबरवा पलामू।** 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के आयोजन को लेकर गुरुवार को महाबीर चौक सतबरवा मे गायत्री परिवार के लोगों की बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि मेदिनीनगर उपजोन समन्वयक शिव शंकर सिंह, जिला समन्वयक अंबिका सिंह थे। बैठक की अध्यक्षता अयोथ्या प्रसाद ने की। इस दौरान सर्वसम्मति से 20 से 23 फरवरी तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कराने का निर्णय लिया गया। यज्ञ टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के मैदान में होगा। मौके पर श्याम बिहारी प्रसाद, बिहारी प्रसाद, बीरेन्द्र साहू, सुरेश सिंह, अनुजीत गुप्ता, कमलेश प्रसाद, ओंकार ठाकुर, सत्यनारायण मेहता समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### बेहतर खेल का प्रदर्शन कर सभी युवा खिलाड़ी आगे बढ़ें : जिप सदस्य मीना



**पांडू पलामू।** प्रखंड के मुसीखाप पंचायत में पांडू जिप सदस्य मीना देवी ने अपने मद से बनाये गये मंच की पूजा अर्चना कर तथा फीता काट कर किया शुभारंभ किया। साथ ही शहीद भगत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिप सदस्य, पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरव, रामबिलास सिंह, पूर्व मुखिया अरविंद सिंह, सुरेंद्र सिंह, पंसस प्रवेश साव, सुरेंद्र चंद्रवंशी, अवधेश सिंह, छोटा बाबू तथा टूर्नामेंट के अध्यक्ष प्रिंस सिंह, इदरीश अंसारी, नसीम अंसारी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच कजरू कला और मुशिखाप पंचायत के बीच हुआ, जिसमें मुशिखाप 5 विकेट से विजयी हुआ। जिप सदस्य ने कहा कि खेल हमें अनुशासन में रहकर जीवन में संघर्ष करना व लक्ष्य पाना सिखाता है। बेहतर खेल का प्रदर्शन कर युवा आगे बढ़ें।

### 16 किसानों के बीच बीज का वितरण



**मेदिनीनगर।** कृषक पाठशाला सभागार चियांकी में गुरुवार को आदिवासी कल्याण आयुक्त, रांची, झारखंड सरकार के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के लिए सामुदायिक आय वृद्धि योजना कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था प्रगति एजुकेशनल एकेडमी मांडर, रांची ने सब्जी उत्पादन प्रशिक्षण के अंतर्गत 16 कृषकों को प्रशिक्षण दिया। जिसके बाद किसानों को सब्जी बीज दिया गया। इसमें डॉ विकास चतुर्वेदी, मुखिया, सोनाली बागे, मयंक गोस्वामी, बिहारी मेहता, धर्मेंद्र कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी। कहा गया कि किसान उपलब्ध कराये गये बीजों को खेत में डालकर खेती करें ताकि उन्हें बेहतर व अधिक मात्रा में फसल उत्पादन हो।

### पांकी में भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने किया गरीबों के बीच कंबल वितरण



**पांकी पलामू।** पलामू कड़ाके की ठंड में बुधवार की देर शाम भाजपा नेत्री सह प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता ने पांकी के चौक सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप वृद्ध एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा गया। मनुष्य के जीवन की सार्थकता तब होती है, जब वह गरीब की सेवा करता है। इस मौसम में गरीबों को गर्म कपड़े बांटना सच्ची मानव सेवा है। यह कंबल हर उस जरूरतरमंद के लिए जीवन दायिनी साबित होगी। कंबल वितरण से बड़ा पुनित कार्य कुछ नहीं हो सकता।

### अग्रगति ने बाल श्रम बचाव और बाल तस्करी पर आरपीएफ संग की बैठक



**मेदिनीनगर।** अग्रगति ने सीआरपीएफ कार्यालय मेदिनीनगर में आरपीएफ के साथ बाल तस्करी एवं बाल मजदूरी रेस्क्यू के लिए एक बैठक की। पलामू जिला में भारी मात्रा में हो रही बाल मजदूरी एवं तस्करी को खत्म करने के लिए अग्रगति संस्था लगातार प्रयास कर रही है। इसमें बाल मजदूरी एवं तस्करी के रेस्क्यू में हो रही कठिनाइयों पर चर्चा की गयी। बैठक चाइल्डलाइन के समन्वयक अमित कुमार, बिट्टू कुमार, मनीष कुमार, यूनिसेफ के डॉ तबरेज, उमेश कुमार, मनोज कुमार, रंजीत मेहता, मुन्ना कुमार, संस्था के पलामू सपोर्ट पर्सन निकु पाठक, शुभरा कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राजू राम, मंजु कुमारी, कांति देवी एवं पुष्पांजलि देवी भी थे।

### एसपी के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी ने की ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत वाहन चेकिंग



**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और एसआई स्वाति गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार की रात शहर थाना के समीप ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी चार और दो पहिया वाहनों को रोककर उनकी गहनतापूर्वक जांच कर चालक के मुंह में ब्रेथ एनालाइजर मशीन लगाकर शराब की जांच की गयी। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने आग्रह किया है कि लोग वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें। यदि ऐसा करते पकड़े जाते हैं तो कानूनी कार्रवाई कर फाइन लिया जायेगा। कहा कि बाइक चलाने वाले हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें। अगर आप कार चला रहे हैं, तो सीट बेल्ट जरूर बांध लें। चालकों से भी अपील है कि अपने साथ गाड़ी के सभी कागजात जरूर रखें। यातायात नियमों का पालन करें।

# आरसीआईटी के बहुविषयक विज्ञान वार्ता में लोगों ने रखे अपने विचार

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज के सभागार में गुरुवार को बहुविषयक विज्ञान वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें फैकेल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के द्वारा विज्ञान व इंजिनियरिंग के कई प्रमुख विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

फैकेल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डिन डॉ अविनाश कुमार ने छात्र छात्राओं को प्लास्टिक फ्यूल मोरिंगा के उपयोग और उसकी विशेषताओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नैतिक तथा बौधिक विकास पर बोलते हुए छात्र छात्राओं को कई टिप्स दिया। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नैतिक व बौधिक विकास बहुत ही अहम है। मौके पर उप निदेशक अनुराग चंद्रवंशी, ट्रेनिंग प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह, इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ राम कुमार सिन्हा सहित कई विभाग के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता व छात्र - छात्रा मौजूद थे।



विज्ञान वार्ता को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते डीन।

# सनातन की रक्षा में शहीद हुए युवाओं को भुलाया नहीं जा सकता : जिला संघ चालक

■ सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस मनायी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** केंद्र सरकार के दिशा निर्देशानुसार पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक दिनेश प्रसाद कश्यप एवं प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय व प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने भारत माता एवं वीर बाल शहीदों के चित्र पर दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर भैया/बहनों के द्वारा शहीद वीर बालकों के शौर्य और पराक्रम का बखान किया गया।



विज्ञान वार्ता को लेकर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते डीन।

**खास बातें :** मुख्य अतिथि श्री कश्यप ने कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। औरंगजेब ने गुरु गोविंद सिंह से मुकाबला करने के लिए उनके पीछे वजीर खान को लगाया था। उसे सरहिंद का सूबेदार बना कर भेजा गया और सिखों का दमन की खुली छूट दी गयी। गुरु गोविंद सिंह को उसके साथ कई युद्ध लड़ने पड़े। सतलुज से लेकर यमुना नदी के बीच के पूरे क्षेत्र पर वजीर खान का ही शासन चलता था। उसने गुरु गोविंद सिंह के 6 और 9 वर्षीय बेटों साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह को ज़िंदा पकड़ लिया था। प्रधानाचार्य ने कहा वीर बाल बलिदानियों के द्वारा राष्ट्र हित में किए गए बलिदानों का उल्लेख किया। इसे सफल बनाने में राजकुमार सिंह, रणजीत मिश्रा, मृत्युंजय प्रसाद, धर्मेंद्र मेहता, संजय सिन्हा, हर्षदा उपाध्याय, छाया कुमारी, दीपक पाण्डेय, अरविंद यादव, अभिषेक पाठक, सुनील गुप्ता, राजेश्वर सिंह यादव सहित सभी आचार्य-दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

# विश्रामपुर : सड़क सुरक्षा के प्रति चालकों को किया गया जागरूक

■ ग्रासिम के पार्किंग यार्ड में ग्रासिम सी एस आर, रेहला ने मोटर चालकों हेतु सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिश्रामपुर पलामू।** रेहला स्थित ग्रासिम के पार्किंग यार्ड में ग्रासिम सी एस आर, रेहला के द्वारा मोटर चालकों हेतु सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेफ्टी प्रमुख देश दीपक ने टैंकरों के माध्यम से कंपनी के द्वारा उत्पादित विभिन्न प्रकार के रासायनिक उत्पादों को कारखाना से गंतव्य स्थल तक ले जाने वाले ट्रक चालकों को रासायनिक उत्पादों के परिवहन एवं उन उत्पादों से संबंधित अपनाये जानेवाले सेफ्टी के विभिन्न आयामों के बारे में अवगत कराया। सुरक्षा विभाग के प्रमुख बिपिन दीक्षित ने सभी चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया एवं उन्हें बताया कि किस तरह से हम यातायात के छोटे-छोटे नियमों जैसे सीट बेल्ट लगाकर, मोबाइल का उपयोग नहीं करना, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाना, निर्धारित गति मानकों के हिसाब से गाड़ी को चलाना, आदि छोटे-छोटे नियमों का पालन करके खुद के साथ-साथ दूसरों को भी दुर्घटना से बचा सकते हैं।



**खास बातें :** डॉ प्रेम प्रकाश पांडे ने जरूरतमंद चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां प्रदान की तथा उनके पेशे में स्वास्थ्य से संबंधित सावधानियां एवं सुझाव के बारे में अवगत कराया। इस दौरान सभी उपस्थित चालकों के बीच प्राथमिक उपचार किट भी उपलब्ध कराए गए। इस मौके पर ग्रासिम के जनसंपर्क प्रबंधक विकास कुमार ने बताया कि यातायात सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियों का संचालन नियमित रूप से आगे भी किया जाएगा जिससे कि लोगों में जागरूकता बढ़े और यातायात सुरक्षा के नियमों का पालन हो सके। कार्यक्रम में सी एस आर के अनिल गिरि एवं जन सेवा ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हिंडालको ने लगाया मेगा हेल्थ कैंप, 350 मरीजों की जांच के बाद दी निःशुल्क दवा

# ग्रामीण स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतें : सीएस डॉ अनिल सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**पंडवा पलामू।** हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के सीएसआर इकाई ने सिक्का मोड़ स्थित खेल मैदान में मेगा हेल्थ कैंप लगाया। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ अनील सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने की। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने लोगों से कहा कि कभी भी कोई भी बीमारी को छोटा नहीं समझना चाहिए।

किसी भी तरह की परेशानी होने पर तत्काल डॉक्टर के पास जाकर उसकी जांच कराना चाहिए। क्योंकि कभी कभी छोटा बीमारी भी जानलेवा बन जाता है। कभी अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।



हेल्थ कैंप का उद्घाटन करते सीएस डॉ अनिल कुमार सिंह व अन्य।

**खास बातें :** डॉ सिंह ने सरकार द्वारा ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ग्रामीणों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंपनी के मेगा हेल्थ कैंप पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण इसका लाभ उठायें। ऐसे कैंप से गरीब असहायों को काफी लाभ होता है। संपन्न लोग बाहर जाकर इलाज करा लेते हैं लेकिन गरीब अभाव में इलाज नहीं करा पाते हैं। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि कंपनी ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही ऐसा कैंप लगाया गया। कैंप में विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जांच की। कैंप में 350 मरीजों की जांच के बाद निः शुल्क दवा भी दी गयी। कैंप में डॉ सुबोध कुमार, डॉ वर्षा, डॉ रजी, डॉ अमन तिवारी, डॉ राहुल ने मरीजों की जांच की। मौके पर कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ टी गफ्फार, गंगा हास्पिटल के पप्पु साह, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, प्रिंस सिंह, वीरेंद्र सिंह, शंकर प्रजापति, सुकन बैठा, विपुल शर्मा, रामप्रवेश पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## कृषि से जुड़े अधिकारी और पदाधिकारी पूरी लगन के साथ काम करें : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी के सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024 की गयी। जिप अध्यक्ष प्रतिमा देवी, डीडीसी शब्बीर अहमद व जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। जिप अध्यक्ष ने सभी किसानों से इसमें अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कृषि से जुड़े पदाधिकारियों से लगन से कार्य करने की बात कही ताकि किसानों की आय दुगुनी हो सके। वहीं डीडीसी श्री अहमद ने कहा कि कृषि को बढ़ावा देने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रहे हैं। कहा कि ऐसे आयोजन से प्रगतिशील किसान को कृषि के क्षेत्र में बहुत लाभ होता है। रबी फसल का उत्पादन कैसे बेहतर हो उसी को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जहां किसानों को रबी फसल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जायेगी। उन्होंने सामूहिक कृषि पर जोर देते हुए किसानों के उत्पादक समूह को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने की बात कही।



## लोहड़ा में चोरों ने किराना दुकान से नकदी समेत सामान की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के लोहड़ा एनएच 75 के किनारे स्थित तिवारी जेनरल स्टोर्स में बुधवार की रात चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़ चोरी कर ली। चोरों ने दुकान में रखे 1.40 लाख नगद व दुकान में रखे कीमती सामान चुरा लिये। जानकारी मिलते ही गुरुवार की सुबह पड़वा पुलिस घटनास्थल पहुंच जरूरी कार्रवाई की। दुकान मालिक अनुप तिवारी ने बताया कि बुधवार की शाम करीब छह बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह करीब सात बजे दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि पीछे का दरवाजा टूटा है। अनुप ने दुकान के अंदर गल्ला की जांच की तो उसमें रखे 1.40 लाख नगद गायब थे। इसके अलावा एक पैकेट का सिक्का भी गायब था। दुकान के कीमती सामान भी नहीं थे। अनुप ने बताया कि दुकान में फोटो स्टेट और इपीएस के माध्यम से पैसों की जमा निकासी भी करता था। एन एच 75 के बगल में स्थित दुकान में हुए चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश देखा गया।

» भुक्तभोगी अनूप तिवारी ने थाना में की शिकायत



### छात्रा से छेड़छाड़ करने का अभियुक्त गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** नावा जयपुर कांड संख्या 53/24 26 दिसंबर को पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी अभियुक्त सनोज यादव पिता सोहराई यादव को नावा जयपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह नावा खास का रहनेवाला है। परिजनों के अनुसार सनोज लड़की को स्कूल आने जाने में छेड़छाड़ करता था। इससे तंग लड़की के परिजनों ने उसके खिलाफ नावा जयपुर थाना में मामला दर्ज कराया। इसपर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने तत्परता दिखायी।

### ग्रामीण बैंक का नुक्कड़ नाटक आयोजित



**चैनपुर पलामू।** बाजार प्रांगण में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ने नुक्कड़ नाटक किया। मौके पर जादूगर के माध्यम से ग्राहकों को कई जानकारी देकर जागरूक किया गया। इसमें लोगों को प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी गयी। मौके पर शाखा प्रबंधक चैनपुर, नाबार्ड समन्यवक कमल मिश्रा व ग्रामीण ग्राहक भी थे।

### वाराणसी इलाज कराने गया युवक लापता



**हुसैनाबाद पलामू।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के बिंदु बिगहा निवासी ब्रजेश सिंह का पुत्र उत्कर्ष (25) के वाराणसी से वापस नहीं आने से परिजनों में कोहराम मचा है। ब्रजेश ने बताया कि उनका पुत्र वाराणसी इलाज कराने 26 सितंबर को ही गया था। अब तक घर वापस नहीं लौटा। उससे संपर्क भी नहीं हुआ है। काफी खोजबीन की। उसका फोन भी बंद है। मोबाइल लगातार बंद मिलने से किसी अनहोनी की आशंका से चिंता बढ़ी है। परिजनों ने हैदरनगर थाना में गुरुवार को आवेदन देकर पुत्र की तलाश में पुलिस से मदद की मांग की है।

### मारपीट के दो आरोपी को जेल



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के देवरी ओपी पुलिस ने आपसी विवाद में हुए मारपीट के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि कांड संख्या 259 /24, दिनांक 25.12.2024, बीएनएस की धारा 126 (2) / 74 / 75 (1) /115 (2) / 117 (2) / 118 (2) /109 (1) / 352 / 351 (2) /3 (5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिसमें ओपी क्षेत्र के बुधवा गांव निवासी स्व राजेश्वर पाठक के दो पुत्र प्राथमिकी अभियुक्त हैं। इसमें शंभू पाठक उम्र 58 वर्ष और रामचंद्र पाठक उम्र 60 वर्ष को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, डीसी और एसपी ने बच्चों को दिया कई टिप्स

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कान्वेंट स्कूल के बिश्रामपुर व पाटन शाखा के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण स्कूल प्रबंधन ने किया था। शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य केंद्र गढ़वा जिला स्थित अन्नराज डैम व जिला उद्यान रहा। जहां बच्चों को कई ऐतिहासिक चीजों की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने वनभोज का भी लुफ्त उठाया। भ्रमण के क्रम में बच्चे गढ़वा कलेक्ट्रियट भी गये। बच्चों के आग्रह पर स्कूल प्रबंधन ने उन्हें गढ़वा डीसी शेखर जमुवार व एसपी दीपक पांडेय से मुलाकात कराया। इस मुलाकात के दौरान दोनों आलाधिकारियों ने आईएएस व आईपीएस की तैयारी हेतु बच्चों को कई टिप्स दिया। एसपी दीपक पांडेय ने आईपीएस बनने का सपने रखने वाले बच्चों को अपने कुर्सी पर बैठाकर पद की जिम्मेवारी को समझाया।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

■ छात्रों ने किया फतेह सिंह व जोरावर सिंह के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक एकांकी का मंचन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के सभागार में गुरुवार को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चात विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं छात्रों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम को ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा प्रतीक्षा प्रभात एवं सृष्टि पाठक ने हिन्दी व अंग्रेजी में संबोधित किया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा सृष्टि पाठक ने हिंदी में गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्रों की जीवनी पर प्रकाश डाला। आदित्य गुप्ता, शिवांश पांडे, अक्शा नाज, रिधम सिंह, वीर सिंह और दिव्यराज सिंह आदि छात्रों द्वारा फतेह सिंह व जोरावर सिंह के जीवन पर आधारित प्रेरणादायक एकांकी का मंचन किया गया। प्राचार्य ने कहा कि - पंजाबी में सिख शब्द की उत्पत्ति संस्कृत शब्द शिष्य से हुई है, जिनका अनुवाद सीखने वाला या शिष्य होता है।



# सेंट्रल यूनिवर्सिटी की मांग को लेकर मंत्री मुरुगन को ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मोहम्मदगंज पलामू।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज मंत्री एल मुरुगन के मोहम्मदगंज आगमन पर जिला पार्षद अंजू देवी व युवा समाजसेवी अश्विनी सिंह के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों ने मोहम्मदगंज में सेंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना को लेकर मांग पत्र सौंपा। केंद्रीय मंत्री श्री मुरुगन ने देश के आकांक्षी जिला पलामू में केंद्रीय विवि की मांग को जनहित में शिक्षा की दृष्टिकोण से उचित बताते हुए इसमें सार्थक पहल की बात कही है। मांग पत्र में कहा गया है कि शैक्षणिक दृष्टिकोण से पिछड़े पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल के मोहम्मदगंज प्रखंड के उतर कोयल सिंचाई परियोजना की सैकड़ों एकड़ अनुपयोगी भूमि, जिसपर दो दशक से झाड़ी उगे हुए हैं। केंद्र सरकार नये केंद्रीय विवि खोलने प्रस्तावित योजना हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध है। स्वच्छ वातावरण के लिए सुरमई हरे भरे पहाड़ी वादियों से घिरा और कलकल करती कोयल नदी के किनारे उक्त स्थल है।



मंत्री को ज्ञापन सौंपते लोग।

**खास बातें :** पलामू जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी और गढ़वा जिला मुख्यालय से करीब 30 किमी पर अवस्थित मोहम्मदगंज से 30 किमी पर बिहार राज्य की सीमा, 60 किमी पर छतीसगढ़ और 80 किमी पर उत्तरप्रदेश की सीमा लगती है। रेल कनेक्टिविटी और रोड कनेक्टिविटी से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय विवि खोले जाने की उच्च शिक्षा का सकल नामांकन अनुपात (जीआईआर) राष्ट्रीय औसत से कम है। मानक को पूरा करता है। मोहम्मदगंज में केंद्रीय विवि खोले जाने से पलामू गढ़वा जिला क्षेत्र के अलावा राज्य के सीमावर्ती बिहार राज्य के औरंगाबाद, रोहतास और छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश के छात्र-छात्राओं को बेहतर उच्च शिक्षा मिल सकता है। साथ ही पिछड़े पलामू जिला को विकास की प्रगति के पथ पर एक नया आयाम मिलेगा।

# कृषकों को हित में नजदीकी पैक्स सेंटर से जोड़ें : विवेकानंद त्रिपाठी

■ इंटक के प्रदेश सचिव सह पूर्व मंत्री प्रतिनिधि ने उपायुक्त पलामू को ज्ञापन सौंपकर किसानों के हित में नजदीकी पैक्स के माध्यम से धान खरीदवाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** इंटक के प्रदेश सचिव सह पूर्व मंत्री प्रतिनिधि विवेका त्रिपाठी ने उपायुक्त पलामू को ज्ञापन सौंपकर किसानों के हित में नजदीकी पैक्स के माध्यम से धान क्रय किये जाने की मांग किया है ताकि किसानों को धान बिक्री करने में परेशानी नहीं हो।

श्री त्रिपाठी ने उपायुक्त पलामू को सौंपे गये ज्ञापन में कहा है कि जिले के सभी पैक्स केंद्र पर धान की खरीद प्रारंभ हो गई है। लेकिन बहुत से किसानों को नजदीकी पैक्स सेंटर से नहीं जोड़ते हुए उन्हें दूर के पैक्स सेंटर में जोड़ दिया गया है। जिससे किसानों को काफी असुविधा हो रही है।

श्री त्रिपाठी ने कहा है कि उदाहरण के तौर पर देखा जाये तो नगरनिगम क्षेत्र के लिए सदर प्रखंड के ग्राम जमूने सुविधाजनक रहता वैसे ही सदर प्रखंड के ग्राम लहलहे के कृषकों के लिए लहलहे पैक्स सेंटर सुविधाजनक रहतालेकिन लहलहे के किसानों को जमूने पैक्स सेंटर से और सिंगरा के कृषकों को लहलहे पैक्स सेंटर से जोड़ा दिया गया है जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है और कृषकों को धान बिक्री करने में काफी परेशानी हो रही है।

श्री त्रिपाठी ने उपायुक्त पलामू से इस संबंध में उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कृषकों को नजदीकी पैक्स सेंटर से जोड़ने का अनुरोध किया है। जिससे कृषकों को धान बिक्री करने में सुविधा हो।



विवेकानंद त्रिपाठी।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
शुक्रवार 27.12.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 246
epaper.khabarmantra.net
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



# दिव्यांग युवती से दुष्कर्म के आरोपी अजीत डोम को भेजा गया जेल

## धारा 183 के तहत बयान दर्ज करने के लिए मूक वधिर एक्सपर्ट नियुक्त करने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** विगत 23 दिसंबर की रात दिव्यांग युवती के साथ दुष्कर्म का आरोपी सेंट्रल हॉस्पिटल का सफाई कर्मी अजीत डोम को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडे की अदालत ने आरोपी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। चूंकि पीड़िता बोल नहीं पाती है, इस कारण धारा 183 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत उसका बयान दर्ज करने के लिए मूक बधिर एक्सपर्ट को नियुक्त करने का आदेश अदालत ने दिया है, जो पीड़िता द्वारा इशारे में बताई गई बातों को मजिस्ट्रेट के समक्ष कलमबद्ध कराएंगे।



कोर्ट में पेशी के दौरान काफी संख्या में महिला पुरुष कोर्ट पहुंच गए। सभी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के कोर्ट कैंपस में घुसने का प्रयास करने लगे। तत्काल पुलिस बल ने उन लोगों को रोक दिया। महिलाएं काफी आक्रोशित थी और आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग कर रही थी। पुलिस ने महिलाओं को समझा कर शांत कराने का प्रयास किया। महिलाएं इतनी उग्र थीं कि मौके पर ही फैसला कर देना चाह रही थी।

बताया जाता है कि आरोपी अजीत दो शादियां कर चुका है। युवती मानसिक रूप से कमजोर है और बोल नहीं पाती है। आरोप है कि विगत 22 दिसंबर रविवार की रात 2 बजे वह शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। तभी आरोपी मुंह दबा कर उसे अपने आवास के एक कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुराचार के बाद आरोपी ने जान मारने की नीयत से युवती को लहूलुहान कर दिया और फिर सोमवार सुबह 5 बजे मृत समझकर चहारदीवारी से उसे बाहर फेंक दिया था। परिजनों को युवती जख्मी हालत में मिली थी।

### क्या हैं मामला

धनबाद सेंट्रल हॉस्पिटल के सफाईकर्मी अजीत डोम ने सरायढेला थाना क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय दिव्यांग युवती के साथ रविवार 22 दिसंबर 2024 की रात दुष्कर्म किया था। वारदात के बाद इलाके के लोग आक्रोशित हो गए थे। स्थानीय लोगों ने 23 दिसंबर 2024 की शाम आरोपी के घर में तोड़फोड़ की तथा गिरफ्तारी नहीं होने पर रात 11 बजे आरोपी का घर फूंक डाला था। घटना के बाद से आरोपी फरार था। इसके बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर डालसा की टीम ने सदर अस्पताल जाकर पीड़िता के समुचित इलाज की व्यवस्था की थी तथा सरायढेला पुलिस को अविलंब आरोपी को गिरफ्तार करने का आदेश दिया था।

# बांग्ला एशोसिएशन ने धनबाद सांसद का किया पुतला दहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी/बलियापुर।** निरसा के गोपीनाथपुर में धनबाद सांसद ढुल्लू महतो की बयानबाजी के विरोध में गुरुवार को बलियापुर चौक पर झारखंड बंगाली एसोसिएशन ने सांसद का पुतला दहन किया।

एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सांसद ने निरसा विधायक अरूप चटर्जी को बांग्लादेशी बताया था और उनके पिता स्व गुरदास चटर्जी के विषय में अभद्र टिप्पणी की थी। उसी के विरोध में सांसद का पुतला दहन किया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी बाँग्लाभाषी थे। धनबाद पूर्व में बंगाल के पुरुलिया जिले के अंतर्गत था। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लगभग 60 प्रतिशत बंगाली संस्कृति मानने वालों ने सांसद के पक्ष में मताधिकार का प्रयोग किया था। परंतु अब वह सांसद बनने के बाद बांग्ला भाषा के खिलाफ खुले मंच से उल्टी सीधी बयान बाजी कर रहे हैं। उनको बंगाली समाज कभी माफ नहीं करेगा।

## होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के खिलाफ होगा डोर टू डोर सर्वे

**मैथन।** चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा ने होल्डिंग टैक्स बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी बकायेदारों को पूर्व से लंबित बकाया राशि को शीघ्र ही जमा कर देने हेतु जांच टीम का गठन किया है।

शहर के विभिन्न वार्डों में होल्डिंग बकायेदारों के यहां नगर प्रबंधक मुकेश निरंजन, नगर प्रबंधक नजरुल इस्लाम, कनीय अभियंता व सुपरवाइजर सहित नगर परिषद की टीम व अन्य कर्मी डोर टू डोर जाएंगे। सभी बकायेदारों से अपील की गई है कि सात दिनों के भीतर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स नगर परिषद कार्यालय में जमा करें अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# मंत्री दीपिका पांडे ने दिये ग्रामीण विकास की योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश

## गिरिडीह में मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक

- पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने विकास कार्यों को तेज करने का निर्देश दिया है। गिरिडीह के नया परिसदन भवन में गुरुवार को अधिकारियों से मंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा उन्हें निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद, गिरिडीह, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, एन आर ई पी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डीपीएम, जे एस एल पी एस, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, सभी प्रखंड समन्वयक सहित जिला के अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।



**खास बातें :** मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने उप विकास आयुक्त से सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने की बात कहीं। उन्होंने मनरेगा, अबुआ आवास योजना तथा मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना समेत कई योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के साथ ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के तहत संचालित योजनाओं का लाभ स-समय लाभुकों मिले, यह सुनिश्चित करें। इसके अलावा 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित मईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में लाभुकों की संख्या को लेकर सभी संबंधित प्रखंड को जरूरी निर्देश दिए मनरेगा और अबुआ आवास योजनाओं को भी पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए।

## एक नजर में

### शिक्षक डॉ सी पी सिंह का शव पंचतत्व में विलीन



**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी कारखाने के केमिकल विभाग के पूर्व कर्मी सह केमिस्ट्री के शिक्षक डॉ चित्तरंजन प्रसाद सिंह को गुरुवार को लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। उनका निधन मंगलवार की देर शाम लगभग 8 बजे हो गया था। उनका अंतिम संस्कार सिंदरी के दामोदर नदी घाट पर किया गया। एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवा सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए बताया कि डॉ सी पी सिंह एशोसिएशन के सक्रिय सदस्य थे। उन्होंने बीआईटी सिंदरी में भी अपना योगदान दिया था। उनके संरक्षण में सिंदरी व के के पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों ने रसायन शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की। उनके एक पुत्र व एक पुत्री विदेश में रहते हैं। डॉ सी पी सिंह अपने पीछे पत्नी सुचित्रा सिंह, पुत्र व दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गए हैं।

### सीएनआई चर्च पचम्बा में मसीहियों ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस त्योहार



**गिरिडीह।** स्टीवेंसन मेमोरियल चर्च/सीएनआई चर्च पचम्बा में बड़ा दिन के अवसर पर मसीही समुदाय के लोगों ने यीशु मसीह के जन्म दिवस पर आराधना की। चर्च आराधना का संचालन प्रेसबिटर इंचार्ज रेव्ह सन्नी दास ने किया। गया। साथ में पूर्व रेव्ह एसटी हंसदा भी मौजूद थे। उन्होंने सभी को क्रिसमस की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर देश प्रदेश के साथ विदेश के श्रद्धालु भी पहुंचे। संडे विशेष गीत महिलाओं एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। क्रिसमस गीत पर नृत्य प्रस्तुति भी एलेक्स एवं उनकी टीम ने इस अवसर पर चर्च सचिव जॉय हेम्बरोम, केपी मरांडी, विलियम जेकब, रंजना जेकब, रॉनी रोहन दास, मनोज लाल, अजय रुबेन, प्रतुल चौधरी, कानन किस्कू, वचन प्रीत, एलेक्स रॉयल, सतीश केशप, ग्लोरिया केशप, अतिन्द्र सरकार, सुभाष मंडल, दीपक वेशली, अजय मरंडी, अल्बर्ट दाउद मरांडी, झरना दिपाली आदि मौजूद थे।

## छात्रा से अभद्र व्यवहार पर भड़के छात्र, प्रिंसिपल से की शिकायत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा डिग्री कॉलेज की छात्रा रिया पासवान के साथ कॉलेज के लेक्चरर आम्रपाली कुजूर द्वारा अभद्र व्यवहार के विरोध में छात्र छात्राओं ने प्रिसिंपल आर के सिंह के समक्ष बिरोध जताया। नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अंशु तिवारी, राकेश सिंह और सुधांशु गुप्ता ने किया। रिया ने लिखित शिकायत में कहा है कि प्रैक्टिकल के सम्बंध में शिक्षिका से मोबाइल पर पूछताछ की तो वह भड़क गई और फोन कर गंदी गालियां देने लगी। विद्यार्थी परिषद और छात्रा ने आम्रपाली शिक्षिका को तुरंत हटाने की मांग की।

प्रिंसिपल के समक्ष आम्रपाली कुजूर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि क्रिसमस की रात 12 बजे रिया ने मोबाइल पर मैसेज कर प्रैक्टिकल के सम्बंध में पूछताछ की, जो गलत है। पूर्व में भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। शिक्षिका ने कहा कि उन्होंने छात्रा को अपशब्द नही बोला है, सिर्फ मैसेज करने को मना किया है। इस अवसर पर श्री तिवारी ने प्रिसिंपल से कहा कि कॉलेज में मिशनरी छात्र छात्राओं को प्रलोभन देकर मतांतरण कराने की कोशिश की जा रही है। ऐसा होने पर कॉलेज में तालाबंदी की जाएगी। हालांकि प्रिसिंपल ने इस आरोप को खारिज किया है।

## वीर बाल दिवस पर गुरु गोविंद सिंह के सपूतों की शहादत को किया याद

# धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म भी करेगा हमारी रक्षा: रोहित लाल सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** धर्म की रक्षा के लिए गुरुगोविंद सिंह के चार सपूतों के बलिदान दिवस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर भाजपा ने वीर बाल दिवस के रूप में मनाया। भाजपा सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक के नेतृत्व में सिंदरी गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में वीर बाल सपूतों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए।

मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह ने कहा कि गुरुगोविंद सिंह के दो नन्हे लाल जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने इस्लाम धर्म को स्वीकार नहीं करते हुए दीवार में चुनवाना पसंद किया। अगर हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा अवश्य करेगा। सिंदरी विधानसभा भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ने कहा कि चारों साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए शहादत देकर मिसाल कायम की। ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर और नगर अध्यक्ष ने कहा कि चार बालकों ने अपनी शहादत धर्म की रक्षा के लिए दी, तो हम क्यों नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री ने चारों बाल सपूतों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।




### मौके पर थे मैजूद

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश सिंह, मनोज मिश्रा, प्रकाश बाउरी, आशीष मुखर्जी, विजय सिंह, राजेश चौधरी, इंद्रमोहन सिंह, राघव तिवारी, इंदरजीत सिंह, विजय नाहा, नकुल सिंह, गणपति बाउरी, संजू महतो, प्रदीप हांडी, सुनील शर्मा, चुमकी देवी, शशि सिंह, कुमार राजेश, गोवर्धन मंडल, अजय लाल, गुहीराम पाल, शैलेन मंडल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पुटकी बाजार चेम्बर का चुनाव सह आमसभा 22 फरवरी को

**पुटकी।** पुटकी बाजार चेम्बर ऑफ कॉमर्स का द्विवार्षिक चुनाव सह आमसभा 22 फरवरी को होगा। सीधे मतदान से करीब 450 मतदाता अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। चेम्बर के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने कहा कि चुनाव संबंधी अन्य सारी गतिविधियों की तिथि व चुनाव प्रभारियों की घोषणा बाद में की जाएगी। इसके पूर्व संगठन की समीक्षा बैठक 19 जनवरी को होगी। सभी कार्यक्रमों का निर्णय गुरुवार को चेम्बर की बैठक में लिया गया। बैठक में चेम्बर के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा, मुर्तजा अंसारी, शाहरूख खान, मो. हाफिज, रामप्रताप शर्मा, नागेश्वर शर्मा, राजू अंसारी, मो आजाद, महेंद्र बर्णवाल आदि मौजूद थे।

## 59 लाख 1 हजार में हुई करमदाहा मेला की नीलामी, इलियास अंसारी को मिली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के बराकर नदी किनारे स्थित दुखिया मंदिर परिसर में 15 जनवरी से प्रारंभ होने वाले 15 दिवसीय करमदाहा मेला के लिए सत्र 2024-25 की बंदोबस्ती की प्रक्रिया गुरुवार को जिला परिषद कार्यालय में संपन्न हुई। उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार की उपस्थिति में मेला की नीलामी 59 लाख 1000 रुपये में हुई। इस नीलामी में कुल तीन आवेदनकर्ता थे, इलियास अंसारी, फिरोज अंसारी और ताजकिर अंसारी। चंदाडीह लखनपुर गांव के इलियास अंसारी ने सबसे अधिक 59 लाख की बोली लगाकर इस महत्वपूर्ण मेले की डाक अपने नाम की। डीडीसी ने बताया कि मेला डाक की यह अब तक की सबसे बड़ी राशि है। इलियास अंसारी ने मेले की डाक प्राप्त करने के बाद जिला प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की अपील की, क्योंकि इस बार बड़ी राशि में डाक हुआ है और मेले में अधिक संख्या में लोग आ सकते हैं। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि मेला की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे और प्रशासन पूरी सजगता के साथ सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। करमदाहा मेला 15 जनवरी से प्रारंभ होगा, जो 15 दिन तक चलेगा। मेला में झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल, ओडिशा और अन्य राज्यों के दुकानदार भी अपनी दुकानें लगाते हैं। मौके पर इकबाल हुसैन शमशेर आलम मुख्तार आलम आरिफ हुसैन, असीदुल, आफताब, जाहिद हुसैन, मिनहाज अंसारी, लालो अंसारी सहित मेला कमेटी के लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने स्कूल व आंगनबाड़ी में बच्चों को दिया बैग और स्वेटर



**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शिवलीबाडी दक्षिण पंचायत की मुखिया चंचल देवी ने गुरुवार को गाड़ी खाना प्राथमिक विद्यालय, गुरुद्वारा रोड मध्य विद्यालय, बाधाकुड़ी उर्दू विद्यालय में बच्चों के बीच बैग का वितरण किया। बढ़ती ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में मुखिया ने बच्चों को स्वेटर दिये। मौके पर समाजसेवी पप्पू यादव, स्कूल के शिक्षक व आंगनबाड़ी की सेविका भी मौजूद थी।

### भाजपा महिला मोर्चा ने जताया फिल्म डाइरेक्टर श्याम बेनेगल के निधन पर शोक

**सिंदरी।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष चंदना बनर्जी के निवास स्थान पर बैठक हुई, जिसमें फिल्म डायरेक्टर श्याम बेनेगल के निधन पर शोक प्रकट किया गया। बैठक में मोर्चा की प्रदेश मंत्री सपना गुप्ता ने कहा कि श्याम बेनेगल के निधन के साथ ही एक युग का अंत हो गया। इस क्षति की भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेई को भी नमन किया। बैठक में आरती प्रसाद, सुमन कुमार पाठक, उपेंद्र पटेल, वीरेंद्र प्रसाद, पापाई चक्रवर्ती, साधना चक्रवर्ती, रूप सिंह, विनोद सिंह, रूमा बनर्जी, शिल्पा ममता, सीमा नमता, नम्रता शाह, मयूरी शाह, पूजा सिंह, पुष्पलता, शिखा, शिखा दुबे, रिया महतो, संजीत रजक, डिंपल जायसवाल, सीमा जायसवाल तथा मनकी भूमि मौजूद थे।

## फिर बेअसर हुआ अतिक्रमण उन्मूलन अभियान, हीरापुर में सजने लगी दुकानें

# 8 लेन सड़क पर जारी है असर्फी अस्पताल का कब्जा

**मिथिलेश कुमार**

**धनबाद।** शहर में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान एक बार फिर बेअसर साबित होने लगा है। कुछ दिन पूर्व ही हीरापुर विवेकानंद चौक से चिरागोड़ा बीडीओ ऑफिस तथा बरमसिया से बैंक मोड़ तक हटाई गई सैकड़ों दुकानें फिर से सड़क पर आने लगी हैं। कई गुमटी, झोपड़ीनुमा दुकानें तथा उनके आगे शेड लगाने का काम शुरू हो चुका है। कुछ दुकानों का अपना तर्क है कि अभी बैंक मोड़ ओवर ब्रिज का मेंटनेस नहीं होने जा रहा है, इसका डेट आगे बढ़ गया है। जब मेंटनेस को लेकर अभियान चलेगा तो देखा जाएगा। ऐसे भी निगम के लिए तो सिर्फ गरीब और छोटे दुकानदार ही अतिक्रमणकारी हैं। रसूखदारो पर तो कार्रवाई होती नहीं है।

शहर के बुद्धिजीवियों का मानना है की अतिक्रमण उन्मूलन अभियान धन उगाही का जरिया बन चुका है। निगम की टीम सड़क से ठेला, खोमचा व झुग्गी-झोपड़ीनुमा दुकानें हटाती हैं। बाद में उन्हीं में से कुछ वापस दुकानें लगवा भी देते हैं। बदले में उनकी जेब गर्म हो जाती है। यह सिलसिला कई सालों से चल रहा है और लगता है चलता ही रहेगा।



### वर्षो से है एसडीएम बंगले के आगे अतिक्रमण

शहर के हीरापुर क्षेत्र में पुलिस लाइन से डीआरएम बिल्डिंग तक फल, सब्जी, फूल की दुकानों के साथ ठेले खमोचे भी लगाते हैं। कोर्ट आने वाले लोगों की गाड़ियां भी उसके आगे खड़ी हो जाती हैं। लगभग 30 फीट की सड़क 10 फीट में सिकुड़ जाती है। वहीं हटिया मोड़ से एसडीएम बंगला तक सड़क के दोनों ओर फुटपाथ से लेकर कई बिल्डिंग की सीढ़ियां भी सड़क की जमीन पर बनी हुई हैं। फुटपाथ तो उजड़ता है, पुन: बस भी जाता, लेकिन सीढ़ियों को कुछ नहीं होता है। बिल्डिंग मालिकों को नोटिस भेजने के बाद सब कुछ मैनेज हो जाता है।

### बैंक मोड़ में निगम खुद करता है अतिक्रमण

शहर के सबसे व्यस्त क्षेत्र बैंक मोड़ में जेपी चौक से पेट्रोल पंप तक सड़क के दोनों ओर निगम पार्किंग की वसूली करता है। शांति भवन, राजेंद्र मार्केट, राठौर मेंशन, उर्मिला टावर, श्री लक्ष्मी कांपलेक्स, आदित्य विजन तक सड़कों से ही हर दिन पार्किंग शुल्क लिया जाता है। कई दुकानों का सामान, ठेले खोमचे सब सड़क पर ही रहते हैं। यहां ज्यादातर बिल्डिंगों में पार्किंग की व्यवस्था तो है, लेकिन उसमें दुकानें चलती हैं। बिल्डरों ने पार्किंग की जगह ही बेच डाली है। यह बात निगम के अफसर भी जानते हैं, लेकिन बिल्डरों से भिड़ना उनके वश की बात नहीं है।

### सिटी सेंटर की पार्किंग से नहीं हटी दुकानें

शहर के सिटी सेंटर के बेसमेंट में शुरू से दुकानें चल रही हैं। पूर्व नगर आयुक्त रमेश घोलप ने उसे तोड़ने की कोशिश की थी, परंतु दूसरे दिन ही उनका तबादला हो गया था। 2023 के मार्च महीने में वर्तमान नगर प्रशासक सतेंद्र कुमार ने जिओ मार्ट सहित 8 दुकानों को खाली करने का नोटिस थमाया था, उसके बाद बिल्डर कोर्ट चला गया। मामला अभी तक कोर्ट में है। बिल्डिंग के आगे छोटे बड़े वाहन अब भी खड़े हो रहे हैं। साथ में ठेले खोमचे भी लग रहे हैं।

# रक्षा निर्यात में तेजी

रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि 2023-24 में देश का रक्षा निर्यात 22,000 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े पर पहुंच गया। निर्यात की यह रकम 2013-14 से अब तक 31 गुना बढ़ चुकी है। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में निर्यात 32.5 फीसदी गुना बढ़ा है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3,885 करोड़ रुपये से 78 फीसदी अधिक था। पिछले दिनों रक्षा निर्यात को और गति मिली, जब निजी क्षेत्र की देसी रक्षा विनिमार्ता टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने मोरक्को की रॉयल आर्म्ड फोर्सेस के साथ समझौते की घोषणा की। इस समझौते के तहत मोरक्को की सेना के जवानों को ले जाने के लिए बख्तरबंद वाहन बनाए जाएंगे। इन्हें व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म्स या व्हाप 88 कहा जाता है। इन्हें मोरक्को के कासाब्लांका में बनाया जाएगा। यह पहला मौका है, जब कोई भारतीय रक्षा विनिमार्ता देश से बाहर रक्षा विनिर्माण कारखाना लगा रही है। यह मोरक्को का भी पहला बड़ा रक्षा विनिर्माण संयंत्र होगा। व्हाप के आकार, सुरक्षा, तरह-तरह के इस्तेमाल और कम कीमत को देखते हुए माना जा रहा है कि उपद्रव से जूझ रही अफ्रीकी सेनाएं इसे खरीदने के लिए आकर्षित होंगी। देश के रक्षा निर्यात में तेजी का कुछ श्रेय कीमत की सीढ़ी पर हमारी उछाल को भी जाता है। दशक भर पहले भारत कम कीमत के गोला-बारूद और हथियार ही निर्यात करता था। आज हम तेजस हल्के लड़ाकू विमान, पिनाक मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर और ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल जैसे महंगे हथियार प्लेटफॉर्म पूर्वी एशियाई देशों को बेच रहे हैं, जिनमें वियतनाम, मलेशिया और फिलिपींस शामिल हैं। एक ब्रह्मोस मिसाइल की कीमत करीब 36.5 लाख डॉलर है। दिलचस्प है कि दस साल पहले हम साल में कुल इतनी कीमत का रक्षा निर्यात कर पाते थे।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष : यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन : शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह : कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या : अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन : भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

# हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद का हल





-योगेन्द्र योगी

> कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है।

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं।

लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया।

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्युटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है।

देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरूआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा।

राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी। इससे नक्सलियों के कुप्रचार का रास्ता और भी आसान हो गया। यही वजह रही कि पश्चिमी बंगाल से शुरू हुआ नक्सलवाद सीमावर्ती राज्यों में फैलता चला गया। बीते दशकों के दौरान नक्सलियों और सुरक्षाबलों को भारी जनहानि उठानी पड़ी। नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य ठप्प पड़ गए। इसका फायदा उठा कर कट्टर नक्सलियों को युवाओं को बहकाने का मौका मिल गया। नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों ने दो स्तरीय नीति बनाई। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के राहत पैकेज और हिंसा करने वालों के प्रति सख्ती की नीति अपनाई। इसी के तहत राज्यों में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को अनुग्रह राशि देने का प्रावधान किया गया। इनके पुनर्वास की योजना को मंजूरी दी गई। विवाह करने के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया ताकि युवा हिंसा का रास्ता छोड़ कर परिवार-समाज के साथ सामान्य जीवन बिता सकें। इसके अलावा केंद्र और राज्य संयुक्त तौर पर नक्सलियों से निपटने की रणनीति पर लगातार कार्यरत हैं। नक्सलियों के राहत पैकेज की रफ्तार बेशक धीमी हों, किन्तु इसका फायदा उठा कर अब तक बड़ी संख्या में युवा हथियार छोड़ कर सामान्य जीवन व्यतीत करने में सफल रहे हैं।

नक्सलियों पर सुरक्षा बलों पर दवाब के साथ जरूरत इस बात की है कि विकास की रफ्तार तेज की जाए। नक्सलवाद के जड़ सहित खात्मे के लिए दवाब और विकास की रणनीति जरूरी है। सच्चाई यह भी है कि नक्सल प्रभावित राज्यों में जिस तेजी से विकास होना चाहिए था, वह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ है। नक्सल प्रभावित इलाके आज भी पानी, बिजली, स्कूल-अस्पताल और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रहें है। पिछड़ेपन के ऐसे हालत नक्सलवाद के कुप्रचार का रास्ता आसान बनाते हैं। दशकों तक राज्यों में नक्सली हिंसा की मूल वजह भी विकास में पिछड़ापन रही है। इसके अलावा सरकारी स्तर पर भ्रष्टाचार और लालफीताशाही ने नक्सलवाद की आग में घी का काम किया है। ऐसे हालात ने नक्सली विचारधारा को पनपने और फलने-फूलने के लिए वातावरण तैयार किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि विकास का आकर्षण नक्सलियों को हथियार डालने के लिए प्रेरित करेगा। देश के अन्य हिस्सों की तरह दुगर्म नक्सली इलाकों में विकास की रफ्तार तेज करनी होगी। नक्सली क्षेत्रों में समर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए पैकेज को प्रचार माध्यमों के जरिए प्रभावी बनाना होगा। राहत पुनर्वास पैकेज की जानकारी नही होना भी नक्सलियों के मुख्यधारा में शामिल नहीं होने में प्रमुख बाधा बनी हुई है। इन बाधाओं को हटा कर ही देश के नक्सल प्रभावित राज्यों में अमन-चैन कायम किया जा सकता है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**विद्या** ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वाद्धनमाप्नोति धनाद्धर्मं ततः सुखम्।।

शिक्षा जीवन के सम्पूर्ण परिष्करण के अतिरिक्त हमें सम्मान पूर्वक जीवन निर्वाह के साधन भी प्रदान करती है। जीवन में धन, यश, कीर्ति एवं सुख प्राप्ति का मूल ज्ञान ही है। अतः शिक्षित और संस्कारवान बनें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**भाजपा** शासित असम और उत्तरप्रदेश में लोकतंत्र और संविधान की फिर से हत्या हुई है। अत्यधिक पुलिस बल के कारण गुवाहाटी में मृदुल इस्लाम और लखनऊ में प्रभात पांडे, हमारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मृत्यु बहुत दुखद और निंदनीय है।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# भागीरथ, भोज, छत्रसाल की विरासत के संवाहक पीएम मोदी

- विष्णुदत्त शर्मा

## सामयिक

मध्य प्रदेश की पुण्यभूमि, जो अपनी सांस्कृतिक विविधता और ऐतिहासिक गौरव के लिए प्रसिद्ध है, अब एक और ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने जा रही है। 25 दिसंबर 2024 को मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यानस यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों से होगा। यह क्षण न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे भारत के लिए विकास, जल संरक्षण एवं जल समृद्धि की दिशा में एक नया अध्याय लिखने वाला होगा, साथ ही यह भारत की जल क्रांति की नई गाथा लिखने का भी प्रतीक बनेगा। शुभ योग यह है कि परियोजना का भूमिपूजन आधुनिक भारत के स्वप्न द्दष्टा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयीजी की 100वीं जयंती के दिन हो रहा है, जिन्होंने भारत के विकास के लिए अनेक सपने देखे थे, उनमें नदियों को जोड़ना विशेष रूप से शामिल था। उन्होंने इस दिशा में प्रारंभिक कदम भी उठाए थे। प्रधानमंत्री मोदीजी अब स्वप्न द्दष्टा वाजपेयीजी के सपने साकार करने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहे हैं। यह परियोजना प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता, मध्य प्रदेश के प्रति उनके विशेष स्नेह और अटलजी के विचारों के प्रति समर्पण का एक और प्रमाण है, जो मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी।

प्राचीन भारतीय पौराणिक कथाओं में गंगा की धरा पर उपस्थिति का श्रेय राजा भागीरथ को दिया जाता है। राजा भागीरथ के तप और साधना से गंगा धरती पर अवतरित हुईं, जिसकी उपस्थिति से भारत का भू-भाग समृद्ध हुआ, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी भी आधुनिक भागीरथ हैं। मोदीजी ने भी जल संकट से जूझते भारत के लिए एक नई जल क्रांति की शुरूआत की है। जल संसाधनों को भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बनाया है। उनके नेतृत्व में जल केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि मानवता के भविष्य और विकास का आधार बन गया है। गुजरात में जब वे मुख्यमंत्री थे, तब उनकी जल नीतियों ने सूखे और जल संकट से जूझते गुजरात को जलसमृद्धि का अनूठा उदाहरण बनाया। गुजरात, जो कभी सूखे और जल संकट का प्रतीक था, आज नर्मदा नदी के जल से आच्छादित है। उनकी दूरद्दष्टि और अदम्य साहस ने नर्मदा नदी के जल को सही दिशा में मोड़ते हुए गुजरात की प्यास बुझाई, कृषि क्षेत्र को समृद्ध किया और नर्मदा के जल से साबरमती नदी को भी नया जीवन दिया। यह उनकी नीतियों और इच्छाशक्ति का ही परिणाम है कि गुजरात में जल के अभाव का स्थान जल के सदुपयोग और समृद्धि ने ले लिया। गुजरात में उनका काम जल संकट से जूझ रहे राज्यों के लिए आदर्श बन चुका है।

प्रधानमंत्री मोदीजी ने जल संरक्षण को केवल एक सरकारी नीति तक ही सीमित नहीं रखा। उन्होंने इसे राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बनाया। उनके अनुसार, जल का प्रबंधन एक पुण्य कर्म है, जिसमें वर्तमान की जरूरतें और भविष्य की पीढ़ियों का उत्तरदायित्व दोनों निहित हैं। उनका यह कथन इस सोच को सार्थक रूप देता है कि जल का सवाल केवल संसाधनों का नहीं, बल्कि मानवता के अस्तित्व का है। इसलिए प्रधानमंत्री मोदीजी को आधुनिक राजा भोज कहना न्याय संगत है। राजा भोज ने जल संरक्षण के लिए ऐसी संरचनाएं बनाईं, जो सदियों बाद भी जल प्रबंधन की उत्कृष्ट मिसाल बनी हुई हैं। भोपाल का ऐतिहासिक बड़ा तालाब राजा भोज की जल संरक्षण क्षमता का अद्भुत उदाहरण है, जो सदियों बीत जाने के बाद भी लाखों लोगों की प्यास बुझा रहा है। दो नदियों के संगम से बनाए गए इस तालाब ने यह सिद्ध कर दिया है कि जल संरक्षण केवल उस समय की आवश्यकता ही नहीं, बल्कि उसे पीढ़ियों के लिए उपहार के रूप में संरक्षित किया जाता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी का द्दष्टिकोण भी ऐसा ही है। वे जल संरचनाओं के जनक राजाभोज की परंपरा को आधुनिकता के साथ मानवता के अस्तित्व के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। उनका मानना है कि जल का संरक्षण केवल वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकता नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा है-जल संचय केवल एक प्रयास नहीं, यह एक पुण्य है। इसमें उदारता और उत्तरदायित्व दोनों निहित हैं। आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आकलन करेंगी, तो यह केवल हमारी आर्थिक उपलब्धियों या भौतिक विकास पर आधारित नहीं होगा। उनका पहला प्रश्न यही होगा कि हमने जल के प्रति क्या द्दष्टिकोण अपनाया।

# सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने की जरूरत

आर.के. सिन्हा

## समाज

**भारत** अपने नागरिकों को सेहतमंद रखने के लिए तुरंत एक अहम कदम यह उठा सकता है कि वह केन्द्र और राज्य सरकारों की सेवाओं से जुड़े सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ा दे। पिछले कुछ दशकों में भारतीयों की औसत उम्र में भी लगातार सुधार हो रहा है। भारत ने स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और जीवन स्तर में महत्वपूर्ण प्रगति की है। भारत में औसत उम्र का दर 1950 में लगभग 37 वर्ष से बढ़ कर अब लगभग 70 वर्ष की हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों की रिटायरमेंट की आयु इन परिवर्तनों के साथ तालमेल नहीं बैठ पाई है। डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई है, पर इसे और बढ़ाने की गुंजाइश है, क्योंकि सरकारी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों की कमी है। वक्त का तकाजा है कि डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को 70 वर्ष तक कर दिया जाए। आपको देशभर में हजारों अनुभवी डॉक्टर मिल जाएंगे जो 70 साल तो छोड़िए 75 और उससे भी अधिक उम्र में प्रैक्टिस कर रहे हैं। राजधानी के राममनोहर लोहिया अस्पताल से जुड़े हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.के. करौली तो 90 साल की उम्र तक रोगियों को रोजाना चार-पांच घंटों तक देखा करते थे। वे नेहरू जी से लेकर शास्त्री जी के भी चिकित्सक थे। मुंबई में भी 80 से ज्यादा वसंत देखने के बाद भी मशहूर डॉक्टर डॉ. बी.के. गोयल एक्टिव थे। इस तरह के सैकड़ों उदाहरण आपको मिल सकते हैं।

भारत में आने वाले सालों में अनेकों नए मेडिकल कॉलेज स्थापित होने जा रहे हैं। सरकार की कोशिश है कि हर साल देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 50 हजार से ज्यादा डॉक्टर देश को मिलें। इनके अलावा वे डॉक्टर भी हैं जो भारत के बाहर जाकर मेडिसन की डिग्री लेकर आते हैं। आप मान सकते हैं कि देश के हेल्थ सेक्टर में डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि लगातार होती रहेगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह भी सुनिश्चित करना होगा कि अनुभवी और वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लाभ देश के हेल्थ सेक्टर को मिलता रहे। यह बात इसलिए कही जा रही है, क्योंकि अनुभव का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल मानते हैं कि सरकारी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ा कर 70 करने से न केवल अनुभवी डॉक्टरों की कमी दूर होगी, बल्कि युवा चिकित्सकों को जरूरी मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।

दरअसल, मेडिसन की दुनिया में अनुभव का बहुत अधिक महत्व है। यहां जब कोई नौजवान मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेता है, उसके बाद वह अपने अध्यापकों के अलावा मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ और अनुभवी डॉक्टरों के संपर्क में लगातार रहता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव का लंबे समय तक लाभ उन्हें मिलता रहे, जो इस पेशे में आ रहे हैं। वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुभव और इस पेशे में आए नए डॉक्टर मिलजुल कर मरीजों के रोगों के उपचार को बेहतर तरीके से कर सकते हैं। इस रोशनी में सरकारी डॉक्टरों की रिटायरमेंट उम्र को बढ़ाना जरूरी कदम हो सकता है। चूंकि डॉक्टर अपने स्वास्थ्य पर बहुत ध्यान देते हैं इसलिए वे 70 साल की उम्र तक तो पूरी तरह से काम करने लायक होते हैं।

क्या किसी को बताने की जरूरत है कि अब भी देश के ग्रामीण हिस्सों में अनुभवी डॉक्टरों की भारी कमी है? ग्रामीण भारत की जनता बीमार होने पर बड़े शहरों के अस्पतालों में पहुंचती है। अगर उनके गांवों के पास पर्याप्त डॉक्टर और श्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध हों तो वे क्यों सैकड़ों मील का सफर कर यहां आयेंगे? सरकारी डॉक्टरों की उम्र बढ़ाने से गांवों में डॉक्टरों की कमी को कुछ हद तक पूर किया जा सकता है। ग्रामीण भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है। इस समस्या का एक हल यह भी है कि रिटायरमेंट की आयु बढ़ने से वहां पर तैनात डॉक्टरों को सेवा करने का मौका मिलता रहेगा। डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि देश के ग्रामीण भागों में सर्जनों, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों, फिजीशियनों और बाल रोग विशेषज्ञों की मांग को भी पूरा करने की जरूरत है। डॉक्टरों के सेवा विस्तार से गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है। वरिष्ठ डॉक्टर अक्सर हेल्थ सेक्टर मैनेजमेंट और नीति निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका सेवा विस्तार करने से उनकी विशेषज्ञता का उपयोग नीतियों को आकार देने और अस्पताल प्रबंधन को बेहतर बनाने में किया जा सकेगा। जैसा कि ऊपर कहा गया कि जब भारत में डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित की गई, तो हिन्दुस्तानियों की औसत उम्र काफी कम थी। 1950 और 1960 के दशक में जब औसत उम्र कम थी तो 55 वर्ष की सेवानिवृत्ति की आयु उचित मानी जाती थी। 1970 के दशक में बढ़ कर 58 वर्ष हुई और फिर 1990 के दशक में 60 वर्ष। 2017 में केंद्र सरकार के डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष कर दी गई थी, ताकि अनुभवी चिकित्सा पेशेवरों को अधिक समय तक बनाए रखा जा सके।

अब वक्त का तकाजा है कि केन्द्र और राज्य सरकारों के अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों की रिटायरमेंट की उम्र को बढ़ाया जाए।

अमेरिका और यूरोप के देशों में शोध कार्यों से जुड़े डॉक्टर जीवन भर सेवा में रहते हैं। जब यह व्यवस्था अन्य देशों में हो सकती है तो फिर भारत में क्यों नहीं। भारत में तो अनुभवी डॉक्टरों की हमेशा ही मांग बनी रहती है। भारत के लिए अपने डॉक्टरों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु की समीक्षा करने का समय आ गया है।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



रामगढ़। गुरूवार को रामगढ़ में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूटी संख्या जेएच01ई 1943 पर एक युवक जा रहा था और एक ट्रेलर संख्या जेएच05डी 3568 ने उसे चपेट में ले लिया । बताया जाता है युवक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी। जब हादसा हुआ उस वक्त युवक अपनी दुकान खोलने के लिए जा रहा था। मृतक की पहचान पतरातू डीजल कॉलोनी निवासी सद्दाम के रूप में हुई है। उसके पिता पतरातू रेलवे में कार्य करते हैं। युवक पतरातू से रामगढ़ अपनी मोबाइल दुकान खोलने के लिये आ रहा था। उसी दौरान सुभाष चौक कैंटोनमेंट ऑफिस के निकट पटेल चौक की तरफ से आ रहे ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रेलर को कब्जे में ले लिया। चालक को हिरासत में ले लिया गया है। जबकि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### स्टीम कोयला लदा दो ट्रैक्टर जब्त



कुजू। कुजू पुलिस ने कुजू कोलियरी के पास से अवैध स्टीम कोयला लदे दो ट्रैक्टर को जब्त किया। जब्त दोनों ट्रैक्टर पर करीब 8 टन कोयला लोड है। जानकारी के अनुसार रामगढ़ एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली कि कुजू कोलियरी के पास अवैध स्टीम कोयला लोडकर ट्रैक्टर निकल रहा है। इसके बाद उन्होंने छापामारी दल का गठन किया। जिसमें कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद सदलबल जवानों के साथ पहुंचकर कुजू कोलियरी के पास से अवैध स्टीम कोयला लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही कुजू पुलिस ने 6 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया। बताया जाता है कि आरा डुमरबेड़ा के कोयला तस्कर कुजू कोलियरी पानी टंकी के पास अवैध रूप से मुहाना बनाकर मजदूरो के माध्मय से कोयला निकालते है। साथ ही पास के ईट भट्टों में मोटी रकम लेकर बेचते है। वहीं रात के अंधेरे में भी कोयला तस्कर अवैध रूप से कोयला को मुहानों से निकालकर फैक्ट्रियों में भी भेजने का काम करते है। पुलिस के कार्रवाई से अवैध कोयला कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### इंटक सचिव महेश सिंह का स्वागत



कुजू। करमा परियोजना में गुरुवार को इंटक आरसीएमयू के कुमार महेश सिंह को रीजनल सचिव ( सीसीएल ) का बनाए जाने पर सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह की अध्यक्षता व संचालन आरसीएमयू करमा शाखा अध्यक्ष सुदेश उरांव ने किया। इस बीच कुमार महेश सिंह का स्वागत जोरदार फूलमाला पहनाकर, बुके देकर व सॉल देकर कोलियरी के कामगारों द्वारा किया गया। मौके पर रीजनल सचिव श्री सिंह ने कहा कि आपलोगों ने मुझे जो सम्मान दिया है इसका कर्ज आजीवन मेरे ऊपर रहेगा। मैं मजदूरों के मान और सम्मान में कभी भी कमी नहीं होने दूंगा। मौके पर रामरतन सिंह, राजकुमार ठाकुर, रोहन महतो, टीरु मांझी, संदीप कुमार, अंकित कुमार, हेमंत सिंह, रॉयल मांझी, हाजी अफजल बाबू, बूटी तिवारी, संतोष कुमार, अमरजीत सिंह, सत्येंद्र सिंह, सत्येंद्र रॉय, ललन यादव, दिनेश मांझी, अशोक प्रसाद, संजय कुमार, राजो देवी, तीला देवी, मनीष कुमार, अर्जुन मुंडा, बीरबल मुंडा आदि शामिल थे।

### श्री अग्रसेन स्कूल में खेलकूद शुरू



भुरकुंडा (रामगढ़)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार से दो दिवसीय व्यक्तित्व विकास व खेलकूद का उद्घाटन निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, क्विज और मोटिवेशनल कार्यक्रमों में भाग लिया। शिविर में बच्चों को नैतिक शिक्षा दी गई। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि यह शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को विकसित करने और उन्हें जीवन के लिए तैयार करने में मदद करेगा। हमें उम्मीद है कि यह शिविर विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव होगा और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगा। शिविर के पहले दिन छात्राओं से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा दिखाई। नृत्य, संगीत और नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। गणित रेस में रूखसाना परवीन, साक्षी गोस्वामी, स्वेता कुमारी, सूई-धागा रेस में कौशिकी सिंह, अंजली कुमारी, सृष्टि कुमारी, स्केटिंग में तन्वी कुमारी, सोनाक्षी कुमारी कर्ण, कुमारी पल्लवी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान मिला।

### पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने मृतक के परिजन को दिया 50 हजार रूपये



भुरकुंडा (रामगढ़)। बासल थाना क्षेत्र अंतर्गत लबगा निवासी चरकी देवी पति हरिचन मुंडा के 18 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार मुंडा ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित था। जिसका विगत दिनों इलाज के दौरान जेनेटिक सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची में मौत हो गई थी। उनके परिजन अत्यंत गरीब परिवार से हैं। पारिवारिक आर्थिक स्थिति काफी दयनीय रहने की जानकारी ग्रामीण एवं कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद को दी गई। जानकारी मिलते ही अंबा प्रसाद ने तत्काल मुख्यमंत्री असाध्य रोग योजना से इलाज का खर्च उपलब्ध कराने हेतु अनुशंसा किया। इसके बाद पचास हजार रुपए की मदद के तौर पर बतौर सांत्वना राशि उपलब्ध कराई गई।

# सांसद कार्यालय में मना वीर बाल दिवस

## भाजपा ने गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों को किया याद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। शहर के झंडा चौक के समीप स्थित सांसद मनीष जायसवाल के कार्यालय सभागार में गुरुवार की शाम को हजारीबाग भाजपा की ओर से बीजेपी जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत गाथा की विस्तृत चर्चा करते हुए धर्म और देश की रक्षा के लिए बाल उम्र में दिए गए उनके शहादत को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सरदार रोशन सिंह ने वीर बाल दिवस पर विस्तार से प्रकाश डाला ।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने साहिबजादों की बेमिसाल शहादत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व 9 जनवरी 2022 को यह घोषणा किया था कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत को याद करते हुए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस आयोजित किया जाएगा और भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने के लिए एक राजपत्र

**सांसद, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समेत सिख धर्म के गणमान्य लोग हुये शामिल**

अधिसूचना जारी की, तदनुरूप, अब हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए यह शहादत प्रेरणा है कि धर्म और राष्ट्र के लिए ऐसे सर्वोच्च शहादत भी दिया जा सकता है। कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी सह भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार साहू ने कहा कि ऐसे शहादत की गाथाओं को पाठ्य पुस्तकों में शामिल कर भावी पीढ़ी को जागरूक करना चाहिए।

पवन कुमार साहू ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा की 300 वर्ष पुराने इतिहास को जीवंत कर उनकी गाथाओं के माध्यम से देश और समाज में जागृति लाने का सकारात्मक कार्य किया जा रहा है।

सिख समाज के डॉ. ए. पी. सिंह सहित भाजपा नेता हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव ने भी संबोधित किया। मंच संचालन भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश



चंद्रवंशी ने किया । मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, सुदेश चंद्रवंशी, अशोक यादव, जिला पदाधिकारी रेणुका साहू ,जयनारायण प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, दीपक मेहता, मनमीत अकेला, खोखा सिंह ,इंद्र नारायण कुशवाहा ,अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र बिहारी, रतन सिंह, डॉ ऐ एपी सिंह ,बलजीत सिंह, रोशन ,सिंह ,मनजीत सिंह ,कुलवंत सिंह बग्गा, दीपक मनजीत सिंह, महेंद्र ठाकु,र ऋषि शर्मा, राजीव बग्गा, कर्मचारी साव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# बरही के जवाहर घाट में बोटिंग शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरही। कोडरमा और हजारीबाग की सीमा पर स्थित जवाहर घाट अब सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां शुरू की गई शिकारा बोटिंग ने क्षेत्र को एक नया पर्यटन आयाम दिया है। सैलानी अब कश्मीर की डल झील जैसी अनुभूति का आनंद यहीं पर उठा सकते हैं। शांत पानी पर शिकारा बोटिंग करते हुए पर्यटक प्रकृति की खूबसूरती और सुकून का अनुभव कर रहे हैं।

डल झील की तरह देश-विदेश से पर्यटक आकर्षित करने का प्रयास जवाहर घाट में भी किया जा रहा है। इसके अलावा, क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए कई बड़े कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रयासों से इस क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से समृद्ध बनाने के लिए करोड़ों रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

जवाहर घाट के साथ तिलैया डैम



को भी एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बनाने की योजना है। यहां वाटर स्पोर्ट्स, शिकारा बोटिंग और रिसॉर्ट जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। यह न केवल स्थानीय सैलानियों के लिए बल्कि दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

**प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिकता का संगम :** शिकारा बोटिंग के जरिए जवाहर घाट का सौंदर्य और अधिक निखर कर सामने आ रहा है। जहां पहले सैलानियों को केवल तिलैया डैम का आनंद मिलता था, अब उन्हें शिकारा बोटिंग का अद्वितीय अनुभव भी मिल रहा है। इन प्रयासों से न केवल क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

**पर्यटन क्षेत्र के विकास की योजनाएं :** सरकार की ओर से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रिसॉर्ट्स, वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं और मनोरंजन के अन्य साधन विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इससे उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में यह क्षेत्र देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी जगह बनाएगा।

### बड़कागांव व मांडू को ले झामुमो ने किया मंथन

रामगढ़। विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। रामगढ़ जिले में एक सीट पर गठबंधन की जीत हुई और दो सीट पर हार मिली है। बड़कागांव और मांडू विधानसभा सीट से इंडी गठबंधन के उम्मीदवार की हार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने मंथन किया है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान विधानसभा चुनाव की समीक्षा की गई। साथ ही पार्टी की सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई। यहां पंचायत और बूथ स्तर की कमेटी की मजबूती पर बल दिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अभी से ही सदस्यता अभियान चलाई जाएगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इंडी गठबंधन सरकार की सभी योजना को जिले के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए हर टोले, मुहल्ले में झामुमो के सिपाही दौरा करेंगे।

### चरही में 30 टन कोयला बरामद

चरही। सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के तापीन नार्थ के पिंडरा में कोयले कि तस्करी को रोकने के लिए छापेमारी करने के लिये छापेमारी कि गई।सीसीएल क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी डॉ. रंजीत कुमार विमल ने बताया कि उपरोक्त स्थान पर तस्करी के लिए कोयला को भंडारण किया गया था।जिसकी गुप्त सूचना मिली थी।जिस क्रम में छापेमारी की गई।और 30 टन कोयले को बरामद किया गया। डॉ. बिमल ने कहा कि कोयले की तसकरी पर विराम लगाने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। कोयले को हाइवा पर लोड कर वजन कराकर तापीन नॉर्थ कोलियरी प्रबंधन के सुपुर्द किया गया। छापेमारी में सुरक्षा निरीक्षक मनेही राजभर, प्रधान सुरक्षा प्रहरी उजय कुमार सिंह, प्रधान सुरक्षा प्रहरी जागो मांझी, सुरक्षा उप निरीक्षक विकास कुमार सिंह व होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# जिंदल स्टील एंड पावर को मिला सेफ्टी अवार्ड



**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। देश के अग्रणी उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर के पतरातू प्लांट को 12वें वैश्विक सुरक्षा शिखर सम्मेलन में स्टील और पावर क्षेत्र में ग्लोबल सेफ्टी समिट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। 23 दिसंबर को नई दिल्ली के होटल ली मेरिडियन में वर्ल्ड सेफ्टी फोरम, लंदन और यूनाइटेड किंगडम और यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क इंडिया द्वारा आयोजित सम्मेलन में जेएसपी पतरातू के सुरक्षा विभाग के प्रमुख अशोक कुमार सिंह ने यह प्रतिष्ठित सुरक्षा पुरस्कार प्राप्त किया। यह उल्लेखनीय उपलब्धि सुरक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने की दिशा में जिन्दल स्टील एंड पावर पतरातू के प्लांट प्रमुख सत्येन्द्र सिंह के मार्गदर्शन तथा सभी कर्मचारियों एवं मजदूर भाइयों के प्लांट परिसर में संपूर्ण सुरक्षा के प्रति अद्वितीय समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मना वीर बाल दिवस



रजरप्पा। सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह जी के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान के लिए विद्यालय ने श्रद्धापूर्वक वीर बाल दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, प्राचार्य उमेश प्रसाद एवं प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना के द्वारा संयुक्त रूप से पुष्पार्चन कर किया गया। चंद्रशेखर चौधरी ने कहा हमे सदैव अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए उसके लिए चाहे हमे अपने प्राणों का ही बलिदान क्यों ना करना पड़े।प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस भारतीयता रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है,ये दिन हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। आचार्य बच्चूलाल तिवारी ने वीर बाल दिवस के महत्व और इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम मे छात्रों ने देशभक्ति और बलिदान पर आधारित गीत, भाषण और कविता पाठ प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से साहिबजादों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं को जीवंत किया।

# गांधी उच्च विद्यालय में वनभोज व मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- **कई राज्यों से आये थे छात्र पुरानी यादों को किया ताजा**
- **गीत और संगीत का चला दौर लजीज व्यंजनों का उठाया आनंद**

भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं द्वारा गुरूवार को पतरातू के नलकारी नदी तट पर तृतीय वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महात्मा गांधी उच्च विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा के 90 बैच के छात्रा-छात्राएं अपने परिजनों के साथ शामिल हुएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेंद्र सिन्हा और संचालन अधिवक्ता धनंजय यादव व विनय मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह की शुरूवात दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह में विद्यार्थियों ने 34 वर्षों की पुरानी यादों को ताजा करते हुए इसे पल को यादगार बना दिया। साथ ही बिताए गए पल ने अब रिश्तों को नई धार दी है। साथ ही इन यादों को और भी यादगार बना दिया। इससे पूर्व तमाम विद्यार्थियों ने अपने-अपने बच्चों को एक-दूसरे से परिचय प्राप्त कराया। समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें नृत्य-गीत-संगीत, चुटकुले आदि का दौर चला। जिसमें विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक गीतों के माध्यम से समां बांध दिया। इसके बाद सामुहिक भोज का आयोजन हुआ। लजीज व्यंजनों का सामुहिक रूप से विद्यार्थियों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम के संयोजक योगेंद्र सिन्हा ने बताया कि सबों के सहयोग मिलन व जुटान समारोह सम्पन्न हुआ है। ऐसे कार्यक्रम भूली-




बिसरी यादों को जोड़ने के साथ-साथ रिश्तों को भी मजबूत करता है। आने वाले समय में इसे और भी यादगार बनाया जायेगा। पुनर्मिलन समारोह में राजेश सिंह, संजय अग्रवाल, संजय प्रसाद, मौसमी गांगुली, सुधीर वर्मा, पूनम कंचन, विभा वर्मा, कौशल्या कुमारी, कविता अग्रवाल, अरविंद सहाय, रामाशीष मेहता, राकेश मुखर्जी, उमेश दांगी, बिनोद बिहारी महतो, चंचल सिंह, जगदीश राणा, धनंजय साहू, पंकज डे, शिवा महतो, सुकर महतो, इरशाद खान, और योगेंद्र सिन्हा सहित कई साथी शामिल हुए।

## एक नजर में

### आइलेक्स पब्लिक स्कूल बरही ने ओएसिस पब्लिक स्कूल हजारीबाग को 179 रनों से हराया



बरही। हजारीबाग में आयोजित लक्ष्मी देवी जयसवाल मेमोरियल इंटर स्कूल टूर्नामेंट के पहले नॉकआउट मैच में आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओएसिस पब्लिक स्कूल हजारीबाग को 179 रनों के बड़े अंतर से हराया। मैच की शुरूआत में ओएसिस पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।आईलेक्स पब्लिक स्कूल ने तूफानी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 35 ओवरों में 9 विकेट खोकर 219 रन बनाए। दीपक प्रसाद ने 67 गेंदों पर नाबाद 59 रन बनाते हुए टीम के स्कोर को मजबूत किया।जवाबी पारी में ओएसिस पब्लिक स्कूल की टीम 13 .5 ओवर में सिर्फ 40 रनों पर ढेर हो गई। आईलेक्स के गेंदबाज नीतीश कुमार ने 3 ओवर में मात्र 9 रन देकर 4 विकेट चटकाए और ओएसिस की बल्लेबाजी को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। इस शानदार प्रदर्शन के लिए नीतीश कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टीम के कोच भूषण कुमार ने खिलाड़ियों को इस शानदार जीत के लिए बधाई दी। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि यह केवल शुरूआत है, इसे मंजिल समझकर रुकना नहीं। आईलेक्स पब्लिक स्कूल की इस जीत ने टूनार्मेंट में उनकी स्थिति को और मजबूत कर दिया है।

### फसल बीमा योजना का अंतिम तिथि 31 तक

टाटीझरिया । टाटीझरिया प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो,खैरा, डहरभंगा,टाटीझरिया,डूमर, धरमपुर बेड़म आठों पंचायत के किसानों से आग्रह किया कि सरकार के निर्देशानुसार 31 दिसंबर तक ही बिरसा प्रधानमंत्री कृषि फसल बीमा योजना की अंतिम तिथि की गई है। इसलिए क्षेत्र के सभी योग्य किसान अपने फसलों में चना , मूंग, मसूर ,गेहूं,मक्का ,सरसों ,अरहर,समेत अन्य फसलों का बीमा अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर फसल बीमा योजना फॉर्म को भरकर योजना का लाभ ले। एवं अपने आस पास के लोगों को फसल बीमा योजना करवाने के लिए जागरूक करे। वही उन्होंने टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र वासियों को आगमी अंग्रेजी वर्ष के नया साल के अवसर पर शुभकामनाएं दी।

### दारु : अवैध लकड़ी लदा पिकअप जब्त

दारु। कबलासी पंचायत के ग्राम तीउज मे बुधवार को दिन दहाड़े लकड़ी तस्कर 11 बोटा लकड़ी पिक अप वाहन मे लादकर लेकर भागने की फिराक मे थे। दारु थाना प्रभारी शफीक खान ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कारवाई करते हुए दो लोगों को मौके से हिरासत मे ले लिया जबकि तीउज निवासी बिपिन सिंह अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया। इस बारे थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हे गुप्त सूचना मिली थी कि लकड़ी की तस्करी की जा रही है इस आधार पर करवाई कर सफेद रंग का पिकअप वाहन, दो बाइक, एक आरी और 11 बोटा अकसिया किस्म कि लकड़ी को बरामद किया गया। इस मौके से आवेश कुमार पिता अशोक प्रसाद मेहता उरुक्का ईचाक औ राजकुमार मेहता पिता शयमलाल मेहता बड़का खुर्द ईचाक निवासी को गिरफ्तार किया गया जबकि एक अन्य ब्यक्ति मौके से फरार होने मे सफल रहा। फरार ब्यक्ति तीउज गांव के ही बिपिन सिंह बताये जा रहे है जो कि मौके से अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गये। दारु थाना मे इस सम्बन्ध मे कांड संख्या 162/24 मे मामला दर्ज कर गिरफ्तार दोनो आरोपियों को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया।

### सड़क में अनियमितताओं पर ग्रामीणों में आक्रोश

बरही। पीडब्लूडी रोड डिवीजन हजारीबाग द्वारा अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय से बांझेडीह होते हुए गुड़ियों विजैया मार्ग का छह लेन निर्माण कार्य जारी है। निर्माण एजेंसी द्वारा सड़क की स्वीकृत चौड़ाई 18 फीट से कम करने के प्रयासों ने स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है और उनकी मांग है कि सड़क की चौड़ाई 18 फीट से कम नहीं होनी चाहिए। इस मुद्दे पर आयोजित बैठक में जनप्रतिनिधि, रोड डिवीजन के अधिकारी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में विधायक मनोज कुमार यादव के मार्गदर्शन में ग्रामीणों की उचित मांग पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान विधायक मनोज कुमार यादव और सांसद मनीष जायसवाल से फोन पर वार्ता कर समस्या के समाधान पर चर्चा की गई। दोनों जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों के हितों का आश्वासन दिया। अंततः निर्णय लिया गया कि निर्माण एजेंसी और विभाग डीएफओ हजारीबाग से अनुमति लेकर 18 फीट चौड़ाई में आ रही बाधाओं को दूर करेंगे। इस प्रक्रिया में विधायक, सांसद, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामीण और सामाजिक कार्यकर्ता भी शामिल रहेंगे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से यह समस्या जल्द सुलझ जाएगी और सड़क का निर्माण स्वीकृत मानकों के अनुसार होगा। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, मुखिया संघ अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यादव, विजैया मुखिया प्रतिनिधि मो. मंसूर, कांति देवी, संवेदक हिमांशु कुमार, कौशल किशोर सहदेव, पीडब्लूडी एसडीओ, कन्सल्टेंशी के लोग मौजूद थे।

### डीपीएस के पांच सौ छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बरकट्ठा। प्रखंड के गंगपाचो स्थित प्लस टू डिवाइन पब्लिक स्कूल (डीपीएस) के पांच सौ छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। छात्रों ने भद्रकाली मंदिर, पारसनाथ और बोधगया का भ्रमण किया। प्राचार्या ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति कि यह योजना रहती है की हमें हर प्रकार से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक विकास के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। बच्चे आंखों देखी घटनाओं को जीवन पर्यंत याद रखते हैं। प्रकृति के बीच की शिक्षा उनके मन मस्तिष्क में सदा के लिए छप जाती है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने का अभिन्न अंग है। स्कूल निदेशक आईपी भारती ने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों में उत्सुकता तो बनती ही है। साथ ही साथ एक नए वातावरण में शिक्षा ग्रहण करना उनके लिए आसान और आंखों देखी शिक्षा को आत्मसात करना और भी सरल हो जाता है। बच्चों ने अपने इतिहास, भूगोल, विज्ञान और सामाजिक व्यवस्था से रूबरू हुए।

### वर्णवाल सेवा समिति ने मनायी अहिबरन की जयंती

रामगढ़। साहू धर्मशाला के सभागार में गुरुवार को वर्णवाल सेवा समिति रामगढ़ की ओर से महाराजा अहिबरन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान समाज के अध्यक्ष्ज पंकज कुमार वर्णवाल, छोटु लाल मोदी, दीलीप वर्णवाल, मदन मोदी, लक्ष्मी वर्णवाल, प्रियंका देवी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने महाराजा अहिबरन के बारें में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि उनका जैसा दानबीर दूसरा कोई नहीं हुआ। हमें उनके बताए हुए रास्ते में चलने का संकल्प लेना चाहिए। समारोह में मुख्य रूप से मदन मोदी, बादल वर्णवाल, शेखर वर्णवाल, संजय वर्णवाल, पक श वर्णवाल, सागर वर्णवाल, अभिषेक वर्णवाल, सुरेश वर्णवाल, टिंकु वर्णवाल, राजेद.वर्णवाल, अजय वर्णवाल, विकास वर्णवाल, पुनम वर्णवाल व अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## ग्रिजली कॉलेज ने गोद लिए इंदरवाटांड़ गांव के ग्रामीणों के बीच किया कंबल वितरण



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव इंदरवाटांड़ में सभी ग्रामीणों के घर-घर जाकर कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि मानवता का परम कर्तव्य एक-दूसरे को ससमय सहयोग करना होता है। वहीं उन्होंने कहा कि महाविद्यालय द्वारा इस कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए ग्रामीणों के लिए कम्बल उपलब्ध कराया है। वहीं सभी ग्रामीण वासीयों ने कंबल प्राप्त कर खुशी जाहिर की और धन्यवाद दिया। मौके पर कुणाल, ओशो, अंशुमन, डॉ.मृदुला भगत, खुशबू कुमारी सिंहा, डॉ.पूजा कुमारी, सौरभ शर्मा समेत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल ट्रेन का परिचालन अब 29 जनवरी तक

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धनबाद-जम्मूतवी-धनबाद के बीच चलने वाली विशेष ट्रेन 03309/03310 के परिचालन की अवधि को 29 जनवरी 2025 तक बढ़ा दिया गया है, यह ट्रेन कोडरमा, गया, डीडीयू, प्रयागराज जंक्शन और दिल्ली के रास्ते संचालित होती है। वहीं हाजीपुर जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि गाड़ी संख्या 03309 धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस स्पेशल अब 28 जनवरी 2025 तक हर मंगलवार और शनिवार को धनबाद से जम्मूतवी के लिए चलेगी। वहीं गाड़ी संख्या 03310 जम्मूतवी-धनबाद एक्सप्रेस स्पेशल 29 जनवरी 2025 तक हर बुधवार और रविवार को जम्मूतवी से धनबाद के लिए संचालित की जायेगी। इस विस्तार से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी, खासकर उन लोगों को जो नियमित यात्रा के लिए इस ट्रेन पर निर्भर हैं। रेलवे की यह पहल यात्रियों की बढ़ती मांग और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए की गयी।

## समेकित कीट प्रबंधन व फसलों के पोषक प्रबंधन पर प्रशिक्षण

**कोडरमा।** फसल सुरक्षा योजनान्तर्गत संयुक्त कृषि भवन सभागार में पांच दिवसीय जिला युवा कौशल संवर्द्धन के तहत जिले के उद्यान मित्रों एवं किसान मित्रों को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, गोरिया करमा, बरही एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, जयनगर, कोडरमा द्वारा समेकित कीट प्रबंधन एवं फसलों के पोषक प्रबंधन पर प्रशिक्षण दिया गया। वहीं जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा फसल उत्पादन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादकता को बढ़ाने को लेकर फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजनान्तर्गत प्रचार-प्रसार के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं आईएआरआई निदेशक विशाल नाथ एवं वैज्ञानिक डॉ.पंकज कुमार सिन्हा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र जयनगर के वरीय वैज्ञानिक डॉ.एक़े.राय मौजूद थे।

## मेघातरी में डीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**कोडरमा।** प्रखंड अंतर्गत मेघातरी पंचायत के विष्णीटीकर खेल मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी डीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस खेल का उद्घाटन मेघातरी पंचायत के उप मुखिया जीतू थापा द्वारा किया गया। वहीं सभी टीमों के कप्तान ने मिलकर अतिथियों का स्वागत किया। इस डीपीएल टुर्नामेंट में छह टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में अस्मित, सन्नी, आदित्य, प्रिंस, राजा, आदर्श व कई युवा लगे हुए हैं। मौके पर मिथिलेश कुमार, डॉ.शिवश्मन, दामोदर कुमार, गोल्डन उर्फ आकाश कुमार, मुन्ना सिंह, अमर कुमार, संजय सिंह आदि उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## युवती ने की आत्महत्या

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत देवी मंडप रोड स्थित एक मकान में बीती रात 17 वर्षीय एक युवती ने फांसी लागकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतका की पहचान सुहानी सिन्हा पिता सुनील सिन्हा के रूप में हुई है। मामले को लेकर मृतका के चाचा अनिल सिन्हा ने बताया कि बुधवार की रात वे सब बिशुनपुर रोड स्थित अपने किसी रिश्तेदार के यहां पार्टी में गए हुए थे, वापस लौटे तो देखा कि सुहानी का कमरा बंद पड़ा हुआ है। दरवाजा खटखटाने पर जब सुहानी द्वारा दरवाजा नहीं खोला गया, तो दरवाजा तोड़कर अंदर घुसने पर देखा कि वो फांसी पर झूल रही है। जिसके पश्चात् उसे आनन फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस को सूचना मिलने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजानों को सौंप दिया एवं आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है।

# कोडरमा जिले में सभी लोगों का आधार शत-प्रतिशत बनाया जाना है : रवि प्रकाश

- समाहरणालय सभागार में आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की की अध्यक्षता में आधार निगरानी समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिला परियोजना पदाधिकारी यूआईडी रवि प्रकाश द्वारा बताया गया कि जिले में सभी आयु वर्ग के लोगों का आधार शत-प्रतिशत बनाया जाना है। कोडरमा जिला अंतर्गत करीब 77000 शून्य से 5 वर्ष के बच्चों का आधार कार्ड बनाया जाना है, जिसके लिए सभी महिला पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण उपरांत आधार किट में ऑनबार्डिंग करने का निर्देश दिया गया। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लिए नया आधार पंजीकरण के उपरान्त यूआईडी स्टेट पोर्टल के माध्यम से कुल छूटे हुए 10 नये व्यक्तियों का नया आधार पंजीकरण का भौतिक सत्यापन कर प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वहीं शून्य से 5 वर्ष वर्ग के बच्चों का आधार बनाने को लेकर जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी आधार किट को एक्टिव करने का निर्देश दिया गया। जिले के छूटे हुए आदिम जनजातियों, जिनका आधार कार्ड नहीं बन सका है, उनका आधार बनाने के लिए एक सप्ताह में सभी प्रखंडों के बिरहोर टोला में विशेष शिविर का आयोजन करने का निर्देश दिया गया। वहीं पोस्ट ऑफिस, बैंक एवं पंचायत स्तर पर संचालित आधार केंद्र को जो बंद हो चुके हैं, पुनः चालू करवाने का निर्देश दिया गया।

मौके पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कोडरमा, प्रभारी निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक मैनेजर, डाक निरीक्षक, यूआईडी प्रतिनिधि रांची, डीपीओ यूआईडी कोडरमा, इडीएम कोडरमा, सीएससी मैनेजर एवं सभी महिला पर्यवेक्षक मौजूद थे।

# उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने डोमचांच अंचल का किया औचक निरीक्षण

- निरीक्षण के क्रम में अंचल कर्मी उपेंद्र को बिना अनुमति के छुट्टी पर रहने के कारण एक दिन का वेतन और शो-कॉउज करने का दिया है निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज गुरुवार को डोमचांच प्रखंड के अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने म्युटेशन, ऑनलाइन पेंडिंग प्लॉट, खाता नम्बर सुधार तथा अन्य लंबित आवेदनों से संबंधित जानकारी अंचल निरीक्षक से ली। साथ ही उन्होंने एक अंचल कर्मी उपेंद्र को बिना अनुमति के छुट्टी पर रहने के कारण एक दिन का वेतन और शो-कॉउज करने का निर्देश दिया है। वहीं उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में जनता का जमीन से जुड़े मामले को सुना और त्वरित कार्यवाई करने का निर्देश भी दिया। वहीं उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को समय पर निष्पादित करने, जो भी शिकायतें हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर समाधान करने, ऑनलाईन खाता व प्लॉट संबधित सुधार के लिए जो भी आवेदन आये हैं, उसे जांच कर सुधार करने का निर्देश दिया है।

वहीं जमीन से जुड़ी समस्या को लेकर पिंकू कुमार, नवीन कुमार सिंह मसनोडीह, सकुना देवी कबराबूट, शकुंतला देवी डोमचांच, प्रदीप कुमार राम दुरोडीह आदि अंचल कार्यालय पहुंचे थे। मौके पर बीडीओ भोला पांडेय, सीओ रविन्द्र पांडेय सहित अंचल व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय स्तर पर भारत को जानो प्रतियोगिता गोमती नगर लखनऊ में 19 जनवरी को



**कोडरमा।** अपने देश की संस्कृति, धर्म, इतिहास, भूगोल, विज्ञान की जानकारी प्राप्त कराने तथा छात्र छात्राओं में देश के प्रति प्रेम गर्व एवं समर्पण का भाव जागृत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष संपूर्ण देश के कोने कोने में फैली शाखाओं के स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक भारत विकास परिषद् के बैनर तले आयोजित होनेवाली भारत को जानो प्रतियोगिता अपने आप में अनूठी है। पिछले दिनों झारखंड के आईआईटी आईएसएम धनबाद के सभागार में क्षेत्रीय स्तर पर भारत को जानो प्रतियोगिता हुई, जिसमें पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार एवं झारखंड के प्रांत स्तरीय विजेता टीमों ने भाग लिया। झारखंड के नॉर्थ प्रांत से प्रांत स्तरीय विजेता टीम जूनियर लेवल डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तिलैया की टीम शामिल हुई थी। इस प्रतियोगिता के संयोजक नॉर्थ झारखंड प्रांत के वित्त सचिव अश्विनी तिवारी एवं सह संयोजक धनबाद के अध्यक्ष सोमनाथ पूर्ति को बनाया गया था, जबकि क्विज मास्टर हरियाणा के डॉ. अशोक चौधरी एवं डीबीसी के राजेश कुमार थे। वहीं प्रांतीय अध्यक्ष रामप्रवेश पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर भारत को जानो प्रतियोगिता 19 जनवरी को लखनऊमें होगी, जिसमें ईस्ट रीजन से सीनियर ग्रुप की विजेता टीम कोलकाता की आदर्श मा. विद्यालय बीटी रोड कोलकाता एवं जूनियर में उड़ीसा प्रांत के दीप पाल स्कूल बहरामपुर की टीम भाग लेगी। राष्ट्रीय स्तर पर होनेवाली प्रतियोगिता में ईस्ट रीजन का प्रतिनिधित्व क्षेत्रीय अध्यक्ष सुमन सिंह, पटना क्षेत्रीय सचिव पूरण चंद खुटिया श्री जगन्नाथपुरी, उड़ीसा तथा झारखंड के हरि रंजन सिंह, सचिव संस्कार करेंगे।

## मदनगुंडी टोल प्लाजा पर हुई मारपीट घटना को लेकर थाना में दिया आवेदन

**चंदवारा (कोडरमा)।** कोडरमा से बरही के बीच मदनगुंडी में हाल में शुरू हुए टोल प्लाजा पर बुधवार की सुबह हुई मारपीट की घटना को लेकर टोल प्लाजा के प्रबंधक ने चंदवारा थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। थाना को दिये आवेदन में मदनगुंडी टोल प्लाजा के प्रबंधक रंजन यादव गया बिहार निवासी ने बताया कि सुबह करीब 7:43 बजे कार जेएच10एएम-6368 से सुधीर यादव अपने चार साथियों के साथ आया और टोल प्लाजा का थम्ब तोड़ दिया, इसका कारण पूछने पर हमारे कर्मचारियों पर सुधीर यादव और उसके चारों साथियों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे सभी लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। वहीं आरोपी आरएफआइडी हैंडल, कुछ जरूरी कागजात, कीमती सामान सहित 50 हजार रुपये भी ले गये, इन लोगों ने ऑफिस में घुसकर तोड़फोड़ भी की और ऑफिस ब्वॉय को भी बुरी तरह पीटा, साथ ही सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं आरोपी कृष्णा कावेरी बस जेएच12एन-0216 बस का मालिक है। वह अक्सर धमकी देता है कि मेरी बस से कोई टोल नहीं लेना है, नहीं तो टोल को बम से उड़ा देंगे। इस घटना से हमारे टोल कर्मचारी बहुत डरे हुए हैं। इधर कृष्णा कावेरी बस के चालक ने भी टोल कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जीआरपी कोडरमा की टीम ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ बिहार के एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी की पहचान विकास साहनी, पिता गौतम साहनी, रघुनाथपुर बेगुसराय बिहार निवासी के रूप में हुई है। वहीं जीआरपी प्रभारी उपेंद्र पासवान ने बताया कि मेरे नेतृत्व में कोडरमा स्टेशन पर जांच की जा रही थी, इसी दौरान प्लेटफार्म नंबर चार-पांच के पैदल फुट ओवरब्रिज के पास एक युवक को काले रंग के पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में देखा गया। युवक के कब्जे वाली बैग की जांच की गयी तो उसमें छह बोतल फुल अंग्रेजी शराब व एक केन बीयर बरामद किया गया। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ जीआरपी थाना में कांड संख्या 46/24 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## अवैध ढिबरा लदा टेंपो जब्त, चालक फरार

**कोडरमा।** डोमचांच रेंजर रवींद्र कुमार को मिली सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने डोमचांच जंगल से ढिबरा लदे टेंपो को जब्त किया। विभाग को सूचना मिली थी कि ढिबरा लदा टेंपो तिलैया की तरफ जा रहा है जब वन विभाग की टीम जंगल पहुंची, तो चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया। मौके पर से टीम ने ढिबरा लदे टेंपो को जब्त कर लिया। छापामारी में रेंजर रवींद्र कुमार के अलावा वनरक्षी शामिल थे।

# वीर बालकों का बलिदान देश हमेशा याद करेगा : डॉ. नीरा यादव

- भाजपा की ओर से गोमिया स्थित गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** भाजपा की ओर से गुरुवार को गोमिया स्थित गुरुद्वारे में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव मौजूद थीं। वहीं उन्होंने कहा कि यह दिन उन वीर बालकों के बलिदान को याद करने का दिन है, जिन्होंने देश व धर्म की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। देश उनके बलिदान को हमेशा याद करेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि आज के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करने से देश के बच्चों में राष्ट्र के बारे में जानकारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि सिक्ख पंथ के 10वें गुरु गोविन्द सिंह के सुपुत्रों ने धर्म की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह हमेशा भारतीय इतिहास में स्वर्णीम अक्षरों में लिखा रहेगा। उनके बलिदान का ही परिणाम है कि देश में उस समय जबरन धर्म परिवर्तन करने पर रोक लगी और धर्म की रक्षा हुई। उन्होंने कहा कि 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज के दिन को मनाने की घोषणा की, क्योंकि इस दिन गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेहसिंह ने अपना बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि सिख पंथ ने सदा देश की एकता व अखण्डता के लिए अपना बलिदान दिया है। वहीं अन्य वक्ताओं ने इस दिन के ऐतिहासिक तथ्य को उजागर करते हुए कहा कि देश के इतिहास के साथ सदा अन्याय किया गया। जिन लोगों को इतिहास में सम्मान के साथ याद किया जाना था, उन्हें एक षड्यंत्र पूर्वक भूला दिया गया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और सिख समाज के लोग मौजूद थे।

## राजद युवा नेता संतोष यादव ने मंत्री संजय सिंह यादव से की मुलाकात



**डोमचांच (कोडरमा)।** राजद युवा नेता संतोष यादव ने गुरुवार को मंत्री संजय सिंह यादव से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री को कोडरमा जिला के ज्वलंत मुद्दों से अवगत कराकर समाधान की मांग की। वहीं संतोष यादव ने बताया कि अभ्रक, स्क्रैप ढिबरा सहित अन्य बिंदुओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है। इस पर मंत्री ने हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य राजू कुमार यादव, संतोष कुमार, उमेश यादव, सुरेश यादव आदि मौजूद थे।

# जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर श्री चंदप्रभु और तेईसवें तीर्थंकर श्रीपार्श्व नाथ का जन्म और तप कल्याणक महोत्सव मना

- दोनों मंदिरों में 1008 श्री चंदप्रभु भगवान और 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर प्रथम अभिषेक के साथ सैकड़ों लोगों ने अभिषेक किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा पूज्य आर्यिका 105 विभाश्री माता जी के मंगल सानिध्य में जैन धर्म के आठवें तीर्थकर देवाधिदेव 1008 चंदाप्रभु भगवान और 23वें तीर्थंकर 1008 श्री पारसनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक बहुत ही भक्ति भाव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं गुरुवार को दोनों मंदिरों में 1008 श्री चंदप्रभु भगवान और 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर प्रथम अभिषेक के साथ सैकड़ों लोगों द्वारा अभिषेक किया गया, पश्चात् मूलनायक 1008 श्री पारसनाथ भगवान की प्रतिमा पर सहस्त्र नाम का जाप के साथ शांतिधारा आर्यिका 105 विनयश्री माता जी के मुखारबिंद से हुआ। जिसका सौभाग्य समाज के गिरनार यात्रा में जाने वाले भक्तों और बाहर पाण्डुकशीला पर 1008 श्री चंदप्रभु भगवान की प्रतिमा पर समाज के अजित राजेश गंगवाल, राकेश आदित्य छाबड़ा, सुशील, ईशान काशलिवाल के परिवार को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके बाद सुबोध गंगवाल के नेतृत्व में संगीतमय पूजन, कल्याण मंदिर विधान के साथ जन्म कल्याण पर प्रभु के चरणों में श्री फल और अर्घ समर्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के आर्यिका 105 विनय श्री माता जी ने बताया कि दोनों भगवान का जन्म वाराणसी के काशी नगरी में आज से हजारों वर्ष पूर्व हुआ था, तब से पूरे विश्व में जन्म कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। जैन तीर्थंकर का ही कल्याणक मनाया जाता है।

मौके पर अभिषेक शास्त्री, राज कुमार अजमेरा, नवीन जैन, समाज के सभी पदाधिकारी एवं लोग मौजूद थे।

एक नजर में

## गिद्धौर में मकर संक्रांति पर लगने वाले पशु मेले की डाक संपन्न, 80500 रु. में दीपेंद्र पांडे को मिली जिम्मेदारी



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के चतरा-हजारीबाग मुख्य बॉर्डर के समीप बलबल गर्म कुंड में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय ऐतिहासिक पशु मेले के लिए गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में डाक की प्रक्रिया संपन्न हुई। यह बैठक जिला परिषद सदस्य अनीता देवी और प्रखंड प्रमुख अनिता यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव और सीईओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने किया। डाक प्रक्रिया में तीन इच्छुक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया, जिनमें सिकंदर रवानी, अर्जुन यादव और दीपेंद्र पांडे शामिल थे। सरकारी डाक की आरंभिक राशि 77,769 रुपये तय की गई थी। बोली प्रक्रिया के अंत में दीपेंद्र पांडे ने 80,500 रुपये की बोली लगाकर मेले की जिम्मेदारी अपने नाम की। बैठक में कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे, जिनमें जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, अंचला अधिकारी अनंत विश्वकर्मा, पूर्व विधायक जय प्रकाश भोक्ता, प्रमोद सिंह, मुखिया जगदीश यादव, बालेश्वर यादव, और अन्य गणमान्य शामिल थे। पशु मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर और परंपरा का प्रतीक है। प्रशासन ने मेले को सुचारु संचालित करने और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है।

## टंडवा में नो एंट्री के बावजूद कोयला लदे वाहनों की मनमानी, राहगीरों को हो रही परेशानी



**चतरा।** प्रशासन द्वारा टंडवा में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए नो एंट्री का नियम लागू किया गया है। हालांकि, नियम लागू होने के बावजूद कोयला लदे वाहन रास्ते के दोनों ओर खड़े होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इन वाहनों के अनियमित खड़े रहने से आम राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के किनारे खड़े इन वाहनों के कारण न केवल ट्रैफिक जाम हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नो एंट्री नियम लागू होने से उन्हें राहत की उम्मीद थी, लेकिन कोयला लदे वाहनों की मनमानी ने इस राहत को संकट में बदल दिया है। लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और इन वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## बिचौलियों और नक्सलियों के कारण चतरा जिले में सरकारी आवास योजनाएं प्रभावित

**चतरा।** जिले के प्रतापपुर प्रखंड में आदिवासी समुदायों के लिए शुरू की गई बिरसा आवास, पीएम आवास और अबुआ आवास जैसी सरकारी योजनाएं बिचौलियों और अन्य चुनौतियों के कारण अपने उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रही हैं। बिचौलिये इन योजनाओं के लाभार्थियों को पूरा लाभ मिलने से रोक रहे हैं। वे धन का गबन कर आवास निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ देते हैं। इसका सीधा प्रभाव बैगा और बिरहोर जैसे वंचित आदिवासी परिवारों पर पड़ा है, जो अब तक पक्के मकानों का लाभ नहीं उठा सके हैं। हिंदियाकला गांव में स्थिति और गंभीर हो गई है, जहां लाभार्थियों ने स्वयं आवास निर्माण का प्रयास किया, लेकिन नक्सलियों द्वारा लेवी मांगे जाने के कारण काम रुक गया। इस घटना ने न केवल सरकारी योजनाओं की प्रगति को बाधित किया है, बल्कि ग्रामीणों को भय के माहौल में जीने पर मजबूर कर दिया है। लाभार्थियों ने प्रशासन से बिचौलियों और नक्सलियों के हस्तक्षेप को रोकने और आवास निर्माण में तेजी लाने की अपील की है।

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हंटरगंज।** विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत गुरुवार को लगभग 2 बजे हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के जोरीकला पंचायत अंतर्गत बीच बाजार मोहल्ला जोरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। डालसा सचिव के मार्गदर्शन में पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता ने घर-घर जाकर लोगों को कानून की बुनियादी जानकारी दी। विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया तथा नशा उन्मूलन, साइबर क्राइम, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विधित सेवाएं, मोटर दुर्घटना, साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय, बालकों के अधिकार, बाल श्रम एवं बाहर कमाने जाने पर श्रम विभाग में निबंधन कराकर जाने के बारे में जागरूक किया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए हेल्पलाइन नंबर 151000 के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर अवध केशरी, महेन्द्र राम, रंजीत गुप्ता, सुधीर गुप्ता, दीपक कुमार, सुधीर केशरी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बीडीओ ने की कई योजनाओं की जांच, दिए निर्देश

**सिमरिया।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने गुरुवार को प्रखंड के ग्राम पंचायत हुरनाली का निरीक्षण किया। मनरेगा से क्रियान्वित कूप एवं आम बागवानी, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना के लाभार्थियों की सूची का दीवाल लेखन का निरीक्षण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के वैसे लाभुक जिनके द्वारा अभी तक आवास निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। उनको एक माह के अंदर आवास पूर्ण करने को कहा गया अन्यथा राशि वसूली हेतु कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मनरेगा से क्रियान्वित योजनाओं एवं अबुआ आवास में सूचना पट लगाने, आवास का निर्माण तय मानक के अनुसार ही करने तथा आम बागवानी में पौधों का उचित देखभाल करने का निर्देश दिया है।

## जिप उपाध्यक्ष के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था विंध्याचल, प्रयागराज, काशी, अयोध्या और चित्रकूट के लिए रवाना



**चतरा।** गुरुवार को जिले में आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला, जब जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का एक बड़ा जत्था विंध्याचल, प्रयागराज, काशी, अयोध्या और चित्रकूट के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस धार्मिक यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए, जो भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण नजर आए। यात्रा का शुभारंभ इटखोरी के प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना और प्रार्थना के साथ हुआ। मां भद्रकाली से सुख-शांति और सफल यात्रा की कामना के बाद जत्था तीर्थ स्थलों की ओर रवाना हुआ। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि धार्मिक यात्राएं न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करती हैं, बल्कि लोगों को हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर से जोड़ने का भी काम करती हैं। यात्रा के आयोजकों ने बताया कि श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन और मार्गदर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु विंध्याचल में मां विंध्यवासिनी के दर्शन करेंगे, प्रयागराज में संगम पर पवित्र स्नान करेंगे, काशी में बाबा विश्वनाथ की पूजा करेंगे और अयोध्या व चित्रकूट में भगवान राम से जुड़े स्थानों का दर्शन करेंगे।

# चतरा में पत्थर माइंस की मापी शुरू

- पत्थर माफियाओं में मचा हड़कंप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिले में संचालित पत्थर माइंस की मापी का कार्य शुरू हो गया है। इस अभियान में एसी, जिला खनन पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वन क्षेत्र के अधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। मापी टीम ने अभियान के तहत पत्थर माइंस की सटीक मापी का कार्य शुरू कर दिया है। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि मापी का कार्य पूरा होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी, जिसे उपायुक्त को सौंपा जाएगा। इसके आधार पर अवैध उत्खनन में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अभियान की शुरूआत के साथ ही पत्थर माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। यदि मापी का कार्य ईमानदारी से पूरा किया गया, तो कई पत्थर माफियाओं की अवैध गतिविधियां उजागर हो सकती हैं।

जानकारी के मुताबिक, कई माइंस संचालक लीज से अधिक क्षेत्र में पत्थर उत्खनन कर चुके हैं। साथ ही, कुछ प्रभावशाली नेताओं के नाम भी अवैध खनन में सामने आ सकते हैं।

माइंस मापी के दौरान यह भी पाया गया है कि कई लीज धारक खनन के बाद गड्ढों को भरने के प्रावधान का पालन नहीं कर रहे हैं। यदि मापी नियम संगत तरीके से की गई, तो अवैध खनन में लिप्त संचालकों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

### अवैध खनन का लंबा इतिहास

पिछले कुछ वर्षों में जिले में अवैध पत्थर खनन का खेल बड़े पैमाने पर चला है। कई माफियाओं को खनन विभाग द्वारा जुर्माना भरने के लिए मजबूर किया गया है, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन बदस्तूर जारी है। मापी अभियान से उम्मीद की जा रही है कि इससे अवैध गतिविधियों पर लगाम लगेगी और खनन कार्यों में पारदर्शिता आएगी।

## स्पीड न्यूज

### शहीद अल्बर्ट एक्का की जयंती पर जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन



गुमला। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का की जयंती के अवसर पर 27 दिसंबर को जारी प्रखंड परिसर में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में तैयारियों की समीक्षा हेतु गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक में शिविर की तैयारी और उसके सफल आयोजन पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में विभागवार स्टॉल लगाकर सभी सरकारी योजनाओं से नागरिकों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि शिविर का आयोजन पूर्वाह्न 10 बजे से शुरू हो और सभी संबंधित अधिकारी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य जारी प्रखंड के सभी नागरिकों की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है, साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। जारी प्रखंड के नागरिक इस शिविर में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें दर्ज कराएं व योजनाओं का लाभ उठाएं।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में वैदिक मैथ्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



गुमला। महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में वैदिक मैथ्स क्विज का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने कहा कि इस क्विज का उद्देश्य नई पीढ़ी को वैदिक गणित के बारे में बताना और भारत के महान गणितज्ञों के योगदान से परिचित कराना है। पवित्र कुमार मोहंती ने कहा कि वैदिक गणित की जड़ें हजारों साल पुराने प्राचीन भारतीय शास्त्रों वेदों में हैं। वैदिक गणित की खोज जगद्गुरु स्वामी भारती कृष्ण तीर्थ ने 1911 और 1918 के बीच की थी। क्विजमास्टर अभिजीत झा ने बताया कि वैदिक गणित का मतलब है 'वेदों से प्राप्त गणित है। वैदिक गणित में 16 मूल सूत्र और 13 उपसूत्र हैं। वैदिक गणित प्रश्नोत्तरी में कक्षा अष्टम ए के अथर्व त्रिपाठी एवं मानवी सिंह की टीम ने प्रथम, कक्षा अष्टम बी के युवराज अग्रवाल एवं अंश राज की टीम ने द्वितीय तथा कक्षा सप्तम ए की ख्याति मंत्री एवं सारिका कुमारी पोद्दार की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दर्शक दीर्घा में मयंक कुमार गुप्ता ने भी एक सही उत्तर दिया।

### गुरु गोविंद सिंह के साहबजादे के बलिदान की याद में निकाली गयी प्रभात फेरी



गुमला। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार बेटों की अद्वितीय बहादुरी और बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस मनाते हैं। सहिबजायदे के अमर बलिदान एवं शहादत को याद करते हुए गुरुवार को पालकोट रोड स्थित गुरुद्वारे से प्रभात फेरी निकाली गयी। रैली पालकोट रोड से आरंभ होकर मेन रोड होते हुए जशपुर रोड गुरुद्वारा में सभी के भले की अरदास कर समाप्त हुईं। जिसमें धर्म समुदाय के लोगों के साथ साथ शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और समुदाय के लोग शामिल हुए। साथ ही शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के युवा, बच्चे तथा बुजुर्ग मिलकर शब्द कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी में शामिल हुए। भ्रमण उपरांत प्रभात फेरी का स्वागत करते हुए चाय, नाश्ते आदि के लंगर का प्रबंध जशपुर रोड गुरुद्वारा में की गई। गुरु गोविंद सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष जसबीर सिंह तथा सचिव गगनदीप सिंह द्वारा बताया गया प्रभातफेरी के अलावे शाम 6 बजे से पालकोट रोड गुरुद्वारा में चार सहिबजायदे की याद में विशेष कीर्तन दीवान होगा। इस अवसर पर भाई साहिब जरनैल सिंह द्वारा गुरु के भजन कीर्तन किया जाएगा। उपरांत गुरु का लंगर होगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय कुमार लाल, यशवंत सिंह, कमलेश उरांव, सबिन्द्र सिंह, संदीप कुमार, हरमीत सिंह, राजेश सिंह, भूपन साहू, सत्यनारायण पटेल, श्याम गुप्ता, कौशलेंद्र आदि मौजूद थे।

### महिलाओं पर अन्याय व जुल्म बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : पुष्पा उरांव

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल की केंद्रीय सदस्य सह महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की प्रभारी पुष्पा उरांव ने गुजरात के भरूच झगड़िया में हुई झारखंड के पलामू की बेटी के साथ दुष्कर्म की घटना के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त की है। उरांव ने कहा है कि देश में जिस तरह महिला व बच्चियों पर अन्याय व जुल्म बेरोकटोक जारी है उसे देख लगता है कि महिला सुरक्षा सिर्फ कागजी बनी हुई है। गुमला जिला सहित झारखंड एवं देश के कई हिस्सों में महिला उत्पीड़न व अत्याचार बढ़े हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बहुत जल्द महिला मंडल सहयोग संचालन समिति महिला अत्याचार के विरुद्ध और उनके हक के लिए सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। क्योंकि जिस कदर जुल्म बढ़ रहे हैं, सिर्फ निंदा या कैंडल जलाने से काम नहीं चलने वाला है। महिला समाज को इज्जत आबरू व जान बचाने के लिए सड़क पर आंदोलन करने का समय आ गया है।

### गुमला के कांसीटोली सौ जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल



गुमला। सर्वेश्वरी समूह के उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के तहत समूह की गुमला शाखा के सौजन्य से प्रखंड के कांसीटोली गांव में एक सौ जरुरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। गांव में आयोजित वितरण कार्यक्रम की शुरूआत अघोरेश्वर महाप्रभू की पूजन आरती के साथ हुआ। आचार्य भोला नाथ दास के द्वारा पूजा सम्पन्न कराया गया। शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद, मंत्री बिपिन कुमार सिन्हा एवं आश्रम कुमार के द्वारा समूह के उद्देश्यों एवं किये जाने वाले कल्याणकारी कार्यों की व्याख्या किया गया।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं होगी : डीसी

### कर्ण सत्यार्थी ने किया पार्क का औचक निरीक्षण, स्थिति में सुधारने के दिये निर्देश

पार्क में बनेगा जिले के सभी शहीदों की स्मारक

खबर मन्त्र संवाददाता



पार्क का निरीक्षण करते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व अन्य।

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को बिरसा मुंडा एग्रो पार्क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क की जर्जर स्थिति और जगह-जगह फैली गंदगी को देखकर उपायुक्त ने नाराजगी जतायी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और संचालकों को निर्देश दिया कि पार्क की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाएं। पूरे पार्क में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाए। दीवारों का रंग-रोगन और टूटे हुए सामानों की मरम्मत जल्द की जाए। वहीं तालाब के गंदे पानी को साफ कर उसकी उचित देखभाल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपयुक्त ने जर्जर स्थिति में पड़े मछलीघर को शीघ्र चालू करने और उसके नवनिर्माण का भी निर्देश दिया है। उपायुक्त ने डीडीसी के नेतृत्व में एक समिति के गठन का आदेश दिया जो पार्क की सभी समस्याओं को चिन्हित कर समाधान की दिशा में कार्य करेगी। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि 15 जनवरी तक पार्क की सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त हो जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने डीएसओ गुमला को निर्देशित किया कि पार्क में जिले के सभी शहीदों का स्मारक बनाने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि बिरसा मुंडा एग्रो पार्क जिले की धरोहर है। इसकी उपेक्षा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया है कि पार्क को स्वच्छ और आकर्षक बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## वीर बाल दिवस पर हम अपने शौर्य और बलिदान को याद करके गौरव महसूस करते हैं : विकास भारती

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में वीर बाल दिवस मनाया गया। 26 दिसंबर 1705 को बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत हुई थी। कार्यक्रम का प्रारंभ अंतिम सिख गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। आचार्य विकास भारती के द्वारा सिखों के दसवीं गुरु गोविंद सिंह जी के चार वीर पुत्रों के बलिदान और साहस के बारे में बताया वीर बाल दिवस गुरु जी के पुत्रों के बलिदान को समर्पित है। इतिहास और भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत महत्वपूर्ण तिथि है ?। धर्म और मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण निछावर किया। अपनी छोटी उम्र में धर्म और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।जोरावर सिंह की उम्र 9 वर्ष और फतेह सिंह की उम्र 7 वर्ष की थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि वीर बालक के बलिदान की कहानी हमें प्रेरणा देती हैं और हमेशा देंगे। हम इनके त्याग और धैर्य को नमन करते हैं जो हर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाए यह निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया जिसका लक्ष्य देश की युवाओं, बच्चों और उनके योगदान और कार्यों के लिए सम्मानित करना है।

### गणतंत्र दिवस परेड कैंप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे लोहरदगा के सुधांशु



लोहरदगा। शहर के शांति नगर किस्को मोड, लोहरदगा के रहने वाले चंद्रभूषण प्रसाद के सुपुत्र सुधांशु कुमार को गणतंत्र दिवस 2025 पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। वे नई दिल्ली में आयोजित होने वाले रिपब्लिक डे कैंप में हिस्सा लेंगे। सुधांशु वाई बी एन यूनिवर्सिटी के छात्र है और उनकी मेहनत और लगन ने यूनिवर्सिटी और झारखंड दोनों का नाम रौशन किया है। सुधांशु ने अपने चयन पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह उनके लिए एक सपना सच होने जैसा है। वे पहले एनएसएस के द्वारा आयोजित कैंप में विवि स्तर पर चयनित हुए, उसके बाद उन्होंने राज्य स्तर पर अपना चयन सुनिश्चित किया। उसके उपरांत वे दस दिनों के लिए नवंबर में ट्रेनिंग और फाइनल सिलेक्शन के लिए पटना के बीआईटी मेसरा में आयोजित कैंप में भाग लिया और वहां से अंतिम चयन लेकर राष्ट्रीय स्तर पर अब वह 26 जनवरी 2025 के गणतंत्र दिवस परेड कैंप में शामिल होंगे। अब वे 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय कैंप नई दिल्ली में हिस्सा लेंगे। उन्होंने अपने प्रशिक्षको और परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा और समर्थन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की।

# गुमला : अंधविश्वास में बुजुर्ग को मारपीट कर जलती चिता में फेंका, हुई दर्दनाक मौत



घटना के बाद गांव में लगी ग्रामीणों की भीड़।



इसी चिता में जलाया गया वृद्ध ग्रामीण को।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के कोराम्बी गांव में दिल को दहला देने वाली घटना सामने आयी है। जहां जलती चिता में बुजुर्ग व्यक्ति को जिंदा झोंक दिया गया। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गयी है। बताया जाता है कि बुधवार को गांव की वृद्ध महिला मंगरी उरांव की कुंआ में नहाने के दौरान फिसलकर डूबने से मौत हो गयी थी। महिला का शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन गांव ले आये। जहां शाम में मृत महिला का अन्तिम संस्कार के लिये ले गये। जहां मृतक वृद्ध बुधेश्वर उरांव भी गया था। उसी दौरान मृतका मंगरी का भाई झाड़ी उरांव, बेटा करमपाल उरांव सहित अन्य ने 60 वर्षीय वृद्ध बुधेश्वर को मारपीट कर जलती चिता में झोंक दिया। घटना में वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी। इधर मृतक के घर नहीं लौटने पर परिजनों के द्वारा खोजबीन की गई तब गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा घटना की जानकारी दी गई। सुबह में परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने चीता में जला हुआ शव देखा और इसकी जानकारी पुलिस को दी। गुमला पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं जांच के लिए रांची से फॉरेंसिक की टीम को मौके पर बुलाया गया है। बताया जाता है कि मृतक पहले ओझामति का काम करता था। ग्रामीण दबे जुबान से डायन बिसाही के शक में हत्या की आशंका व्यक्त कर रहे है।

### डायन बिसाही के शक में वृद्ध महिला की हत्या



गिरफ्तार अभियुक्त।

बसिया। बसिया अनुमंडल के कुरकुरा थाना अंतर्गत डायन विसाही के शक में बुधवार को कुल्लू बुरु गया टोली गांव निवासी 55 वर्ष एक वृद्ध महिला की टांगी से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई। कुरकुरा थाना अंतर्गत कुल्लु बुरु गया टोली गांव निवासी इतवारी मुण्डाईन करीब सुबह 6:00 बजे जब अपने घर से अपने खेत की ओर निकली। तभी उसी के गांव के 24 वर्ष युवक सुनील आइंद ने टांगी से उसके सिर पर वार कर निर्मम हत्या कर दी। जिसकी सूचना कुरकुरा थाना प्रभारी मनीष पूर्ति को मिलने पर मौके वारदात पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी के द्वारा टीम गठित कर अपराधी को पकड़ लिया गया एवं गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि वह बार-बार बीमार रहता था। वहीं मृतिका के सपने आते थे। इसलिए डायन विसाही के शक में उसकी हत्या कर दी।

## बसिया प्रखंड के कुडदगा गांव में पेयजल के लिए मचा हाहाकार

गांव की 10 में से 9 चापानल खराब, सोलर तारापूर्ति सिस्टम 2 साल से बेकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गुमला।** बसिया प्रखंड के तुरबंगा पंचायत के कुडदगा गांव के लोग ठंड के इस मौसम में भीषण पेयजल जल समस्या से जूझ रहे हैं। गांव में कुल दस चापानल हैं और नौ चापानल खराब पड़े हुए हैं। एक चापानल में पूरे गांव की आबादी पेयजल के लिए आत्मनिर्भर है। वहीं गांव का सोलर जलापूर्ति सिस्टम भी पिछले दो साल से बेकार पड़ा हुआ। इस बात का खुलासा मिशन बदलाव के ग्रामीण जिला अध्यक्ष बिनोद साहू ने बसिया प्रखंड के दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात के बाद हुई। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की परेशानियों से पूरा गांव में हाहाकार मचा हुआ है। मुखिया से लेकर विभाग की चुप्पी भी ग्रामीणों की समझ से परे है। मिशन बदलाव के बिनोद साहू ग्रामीणों से मिलने के बाद वहां के समस्या से मुखिया को अवगत कराया। ग्रामीणो को अश्वास्त किया गया कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो मिशन बदलाव से अवश्य संपर्क करें।

### आठ वर्षीय बच्ची को बंदूक के छर्रे से लगी चोट

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर।** कुरूमगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सकरा पहाड़ टोली में एक दुखद घटना सामने आई है। जहां 8 वर्षीय अनुष्का पिता स्व विशु उरांव को उसके घर में रखे हुए भरटुआ बंदूक के फायर होने से गंभीर चोटें आई हैं। घटना के 24 दिसंबर को लगभग पूर्वाहन 11:00 बजे की है। जब अनुष्का को बंदूक के छर्रे से पेट में चोट लगी।परिजनों ने इस गंभीर घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी और घायल बच्ची को तत्काल गुमला के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम अस्पताल रेफर किया है। पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अनुष्का के घर से भरी हुई भरटुआ बंदूक बरामद कर ली है। पुलिस ने जख्मी बच्ची और उसके परिजनों का बयान दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने इस घटना को लेकर लोगों से अपील की है कि ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर मदद मिल सके। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और पुलिस ने पूरी स्थिति पर नजर बनाए रखी है।

### भारतीय जनता पार्टी ने मनाया वीर बाल दिवस



लोहरदगा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 9 जनवरी 2022 को या घोषणा किया था कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई। खासकर जोरावर और फतेह सिंह की। सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था। इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। शांति आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में 60 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, जितेंद्र सिंह, ओम प्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो, संजय अग्रवाल, अजय पंकज, नवीन टिंकू, समेला भगत, बाल्मीकि कुमार, सजल, सचिन, गुप्तेश्वर, निधिकांत, अमरेश भारती, सत्यम, दिलीप सिंह, सुधांशु, शंकर प्रजापति आदि मौजूद थे।

### बिजली करेंट के चपेट में आने से अधेड़ की मौत

सेन्हा-लोहरदगा। बिजली की करेंट लगने से घटना स्थल पर ही अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की ग्राम में बुधवार शाम को घटना होने की बात सामने आई है। वही मृतक का पहचान मुर्की निवासी स्व अघिन उरांव का 53 वर्षीय पुत्र गंगा उरांव के रूप में किया गया है। परिजनों के द्वारा बताया गया कि बुधवार को शाम में करीब 4:30 बजे गंगा उरांव मुर्की टडिया डांड स्थित नदी के समीप मटर खेत की सिंचाई करने गया हुआ था। जो देर शाम तक घर नही आया तो मां के कहने पर पुत्र शंकर उरांव मटर खेत गया। जहां पिता को मुंह के बल खेत में गिरा हुआ पाया और सिंचाई किया हुआ। वही सिंचाई किया हुआ खेत में कुछ दूरी पर नंगा बिजली तार गिरा देख पिता का मौत होने का दावा करते हुए घटना की सूचना परिजन व ग्रामीणों को दिया। सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को एस आई पंकज कुमार यादव दलबल के साथ मुर्की ग्राम पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज पुलिस अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दी है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के बताये अनुसार गंगा उरांव की मौत बिजली करेंट लगने से हुआ है।

## झारखंड-बिहार क्षेत्र के सेवा प्रमुख एवं झारखंड प्रांतीय संघ संचालक को किया गया सम्मानित

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला सेवा भारती द्वारा जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ के आवासीय परिसर में झारखंड-बिहार क्षेत्र के सेवा प्रमुख त्रिवेणी जी एवं झारखंड प्रांतीय संघ संचालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल को अंग वस्त्र देखकर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने सेवा प्रमुख त्रिवेणी जी को श्रीमद्भागवत गीता की पुस्तिका देकर सम्मानित किया एवं एक शिष्टाचार विचार गोष्ठी की गई। जिसमें की जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी, सहकोषाध्यक्ष नीरज साहू, अतुल सर्राफ आदि उपस्थित थे। अवधेश मित्तल एवं जयप्रकाश शर्मा ने भी सेवा भारती के द्वारा चल रहे साफ सफाई एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। त्रिवेणी जी ने कहा कि हमारा तो जीवन लोगों का सेवा के लिए ही है और हम हर जगह जाकर लोगों से मुलाकात कर सेवा संबंधित प्रेरणा देते हैं जिससे कि लोगों के बीच आपस में विश्वास कायम रह सके।

### वामदलों ने मनु स्मृति का दहन किया

लोहरदगा। वामदलों के तत्वावधान में मनु स्मृति का दहन कार्यक्रम किस्को मोड़ में किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि एक ही रास्ते से आने वाले तमाम इंसानों को मनु स्मृति द्वारा वर्ण व्यवस्था में बांट कर ऊंच-नीच की भावना पैदा कर आपस में अधिसंख्य मनुष्यों को तिरस्कृत करने की कार्रवाई आजतक की जा रही है। इसलिए आज के वैज्ञानिक और बौद्धिक युग में इसकी प्रासंगिकता नहीं रह गई है और सभी जाति, धर्म के विद्वानों द्वारा निर्मित संविधान सभा के संरक्षण में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर द्वारा लिखित भारत का संविधान दुनिया के सभी देशों से सर्वोत्तम संविधान सर्वग्राह्य है। जिसके आधार पर हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, इसाई सभी भारत में रामराज्य की भांति बाघ-बकरी एक साथ एक ही घाट में पानी पीते हैं। इसलिए आपस में बैर-भाव पैदा करने वाले मनुस्मृति को जलाया गया। पहले वक्ताओं ने मनु स्मृति और भारत के संविधान में निहित तत्वों, धाराओं, विचारों तथा समय और काल का विस्तार से तुलनात्मक वर्णन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात मनु महाराज द्वारा रचित मनु स्मृति का दहन किया गया। कार्यक्रम में महेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार वर्मा, लाल धनंजय नाथ शाहदेव, बच्चू नारायण सिंह, गोपाल महतों, पारसनाथ महतों, शिवनाथ यादव, उपेंद्र साहू, प्रताप भगत, मो कैश, लखन राम, सुरेश उरांव, मो जफर, अनिल दास, फिरोज अंसारी, विनोद भगत, राजकुमार टोप्पो, दिव्यांशु कुमार, आशीष प्रशांता उरांव, दिलमुनि कुजूर आदि शामिल हुए तथा कार्यक्रम का संबोधन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप वर्मा तथा संचालन महेश कुमार सिंह ने किया।

### झारखंड आंदोलनकारी स्व लाल चंद्रमनी नाथ शाहदेव की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



लोहरदगा। झारखंड आंदोलनकारी सह आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष स्वर्गीय लाल चंद्रमनी नाथ शाहदेव के 13 वे पुण्यतिथि के अवसर पर कचमची चौक भंडरा में उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, देवेंद्र साहू, दिलीप साहू, आकाश यादव, पंकज मिश्रा, प्रदीप सिंह, हरि उरांव,प्रतीक्षा सिंह, रितिक शिवांशु, प्रतीक सिंह, लाल रणधीर नाथ शाहदेव, लाल उमाकांत नाथ शाहदेव, राजेश ठाकुर, बालचंद साहू,शिव साहू सहित कचमची के ग्रामीण उपस्थित थे।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## गांधी जी ने न सिर्फ देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि समाज सुधार के कार्य भी किये : चैतु उरांव

>> महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के सौ वर्ष पूरे होने पर कांग्रेसियों ने मनाया शताब्दी समारोह सह विचार गोष्ठी का आयोजन

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष होने के सौ वर्ष पूरे होने पर शताब्दी समारोह सह विचार गोष्ठी का आयोजन जिला अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में इंडोर स्टेडियम गुमला में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। मौके पर चैतु उरांव ने कहा कि आज के ही सन 1924 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी चुने गए थे। महात्मा गांधी के बलिदान और देश को आजादी कराने में उनके बेहद महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रपिता का ओहदा दिया गया। गांधी जी ने न सिर्फ देश के लिए आजादी की लड़ाई लड़ी, बल्कि समाज सुधार के कार्य भी किए। महात्मा गांधी की ताकत सत्य और अहिंसा के सिद्धांत थे। सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर उन्होंने आजादी की लड़ाई में कई आंदोलन किए और अंग्रेजो को भारत छोड़ने पर मजबूर कर दिया। गांधी जी के पास अद्भुत नेतृत्व क्षमता थी। गांधी जी के विचारों ने भारत के देशभक्तों की दो पीढ़ियों को प्रेरित किया। गांधी जी समाज में फैली बुराइयों जैसे छुआछूत, शराब, जातीय भेदभाव, असमानता, महिलाओं के साथ भेदभाव के भी घोर विरोधी थी। उन्होंने सिर्फ आजादी की ही लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि समाज में दलितों की स्थिति बेहतर करने व उन्हें बराबरी का हक दिलाने के लिए भी लड़ाई लड़ी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस महात्मा गांधी के बताए मार्गों पर चलते हुए आज अपने मुकाम को हासिल किया है और आगे आने वाले दिनों में भी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगी। मौके पर रमेश चिनी, आशिक अंसारी, अखिल रहमान, विष्णु राम, मुरली मनोहर प्रसाद, खालिद शाह, फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, तरुण गोप, लखन राम, ज्योति कुजूर, क्रिस्टीना तिर्की, क्रिस्टीना टोप्पो, ललिता देवी, इबरार अंसारी, सुष्मिता कुमारी, अंजली सिंह, पुष्पा कुमारी, हेमावती कुमारी, कल्याणी, पुजा, किरण, आंचल, दिव्या कुमारी, पल्लवी, सुलेखा कुमारी, दिलीप नायक, मुन्ना महतो, कलशपती कुमारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खरता स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में पूजा व मेला का होगा आयोजन

मेला को लेकर हुई बैठक

### मकर संक्रांति के अवसर पर होगा रंगारंग कार्यक्रम

खबर मंत्र संवाददाता



**कैरो।** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो प्रखंड के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में आगामी 14 जनवरी को प्रत्येक वर्ष की तरह मकर संक्रांति के अवसर पर मेला के आयोजन को लेकर बैठक किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को सुबह में पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण व दोपहर 12 बजे से झारखंड के मशहूर कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। मेला में पंचायत से राज्य स्तर के कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में मेला समिति के अध्यक्ष तिवारी बाबा, बीरबल महली, बजरंगी यादव, जुगल साहू, जगरनाथ उरांव, कार्तिक महली, पारस नाथ यादव, बहादुर उरांव, बन्धु उरांव, सुसेन महतो, अनु तिवारी, दिनेश उरांव, सुरेश साहू, उमेश महली, किशुन उरांव, राजेश महली, बुधेश्वर मुंडा, जयमंगल मुंडा, राजेंद्र मुंडा, संतोष भगत, शंकर उरांव, पपु साहू, मिर्जा उरांव, सरविन्दा महली, राजेश उरांव, रामचंद्र उरांव, अनिरुद्ध लोहरा, विरसा उरांव, विनोद उरांव,शेखर महली, राजेश यादव, राजा ठाकुर, शंभु तिवारी, मृदुल तिवारी, बुधुवा टाना भगत, जगे टाना भगत सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### प्रमुख ने डीडीसी से की बीपीओ को हटाने की मांग

**केतार।** प्रमुख चंद्रवाती देवी ने उप विकास आयुक्त गढ़वा से मनरेगा योजना में घोर अनियमितता बरतने पर बीपीओ नीरज कुमार पाल को तत्काल केतार ब्लॉक से हटाकर नए बीपीओ के पद पर पदस्थापित करने की मांग की है। प्रमुख ने आवेदन में जिक्र किया है कि पदाधिकारियों की मिली भगत से मनरेगा योजना में नियम कानून को ताख पर रखकर बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है।

### होली फेथ के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**डंडई।** मुख्यालय के होली फेथ पब्लिक स्कूल के बच्चों अपने शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ गुरूवार की सुबह पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण विंध्याचल धाम, चित्रकूट धाम, मैहर धाम के लिए रवाना हुए। इस दौरान अभिभावकों ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते हुए छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

### केंद्रीय टीम ने किया प्रमुख योजनाओं का निरीक्षण

**मझिआंव।** सांसद आदर्श ग्राम पंचायत योजना के तहत संसद के द्वारा गोद लिए गए रामपुर पंचायत का केंद्रीय टीम ने विकास योजनाओं का मूल्यांकन किया। मूल्यांकन के दौरान केंद्रीय टीम के फील्ड ऑफिसर श्याम दयाल द्विवेदी ने बताया कि सांसद आदर्श ग्राम पंचायत योजना 2014 में लागू हुआ था। इधर झारखंड में 2019-20 में लागू किया गया।

### गरीब व असहाय के बीच कंबल का वितरण

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर स्थित सर्वेश्वरी समूह आश्रम की ओर से गुरुवार को 50 गरीब असहाय, वृद्ध व दिव्यांगों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कंबल प्रदान किया गया। कंबल का वितरण भवनाथपुर के पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह व गिरिवर सिंह ने संयुक्त रूप से बाबा अघोरेश्वर महाप्रभु एंव गुरू पद संभव राम जी की तस्वीर पर मल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर महेंद्र प्रसाद सिंह ने समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

### आधा दर्जन मोटरसाइकिल जप्त

**भंडरिया।** पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर आधा दर्जन मोटरसाइकिल को जप्त कर लिया। इसकी जानकारी देते हुए भंडरिया थाना के एसआई रंजीत चाधैरी ने बताया कि गढ़वा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बृहस्पतिवार को भंडरिया वन डीपु के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान में दो पहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट आदि की जांच की गई।

### 18 पोल से 33 हजार केवीए का तार काटकर चोरी

**चंदवा।** चंदवा में इन दिनों चोरो का दु:साहस थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्क्रैप माफिया व संगठित चोर गिरोह प्लांट से स्क्रैप चोरी, डेड हाई टेंशन टॉवर की चोरी के साथ अब 33 हजार केवीए के तार को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। बुधवार की देर रात्रि चोर गिरोह के द्वारा थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत अंतर्गत पुतरीटोला से बेतर बिजली सब स्टेशन के बीच लगभग 18 पोल से 33 हजार केवीए का तार को काटकर चोरी कर ली।

### साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादत दिवस मनी

**चंदवा।** भाजपा मंडल कमेटी के द्वारा गुरुवार को चंदवा के शुक्रबाजार स्थित चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल परिसर में साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह के शहादत स्मृति दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर भाजपा नेता दीपक निषाद, विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप ठाकुर ने कहा की भारत में हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु-गुरु गोविंद सिंह जी के चार वीर पुत्रों के अद्वितीय बलिदान और साहस के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है।

## एसीबी की टीम ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासी पदाधिकारी को

# 50 हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** झारखंड के प्रतिष्ठित विद्यालय में से एक नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासी पदाधिकारी रोशन कुमार बख्शी को एसीबी की टीम ने बृहस्पतिवार सुबह उनके घर से 50,000 रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 नवंबर विद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय में अतिथियों के भोजन की व्यवस्था को लेकर नेतरहाट के होटल संचालक रविंद्र यादव को कांट्रेक्ट दिया गया। पहली बार कॉन्ट्रैक्ट मिलने पर अनुमान न होने की वजह से भोजन सुविधा उपलब्ध कराने में देर हुई जिसके बाद भी 850 प्लेट भोजन का बिल विद्यालय प्रबंधन को दिया गया। जिसे प्रशासी पदाधिकारी के द्वारा अस्वीकृत कर दिया गया। जिसके बाद किसी भी प्रकार अपना बिल पास कराने को लेकर रिश्वत की पेशकश की गई। साथ ही पदाधिकारी को फंसाने की रणनीति बनाई और एसीबी को रिश्वत मांगने की सूचना देते हुए शिकायत कर दी। जिसके शिकायत पर एसीबी की टीम ने शिकायतकर्ता को 50,000 रुपए देकर आरोपी पदाधिकारी के पास भेजा। जहां पैसा लेते ही पहले से घात लगा कर बैठे एसीबी टीम ने पहुंच कर आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। वही इस संबंध में शिकायतकर्ता से फोन कर विस्तृत जानकारी मांगने पर 5 मिनट बाद जानकारी देने की बात कह कर फोन काट कर स्विच ऑफ कर दिया गया।



गिरफ्तार अधिकारी

## विद्यार्थियों को सर्वगुण सम्पन्न बनाने का कार्य कर रही है जीटीपीएस: प्रकाश राम



कार्यक्रम का उद्घाटन करते विधायक व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा के लुकुईया बिजली स्टेशन समीप स्थित ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार विधायक प्रकाश राम, विशिष्ट अतिथि जीटीपीएस के चेयरमैन सह पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, निदेशिका कादम्बरी सिंह, प्रिंसिपल हिमांशु सिंह, भाजयुमो नेता आजातशत्रु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन को उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने नृत्य व नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खासकर महाभारत थीम डांस, मेरे घर राम आये हैं, स्वच्छ भारत मिशन पर आधारित नाटक व डांस, मोबाइल के दुष्प्रभाव, जैसी करनी वैसी भरनी का नाट्य रूपांतरण समेत कई कार्यक्रम लोगो को खूब भाया व जमकर तालियां भी बटोरी।

# दो बड़ी लूटकांड का उद्भेदन, नौ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने गुरुवार को दो लूट कांड का उद्भेदन कर लिया। इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लूट का ट्रेलर व इंजन, कांड में प्रयुक्त दो कार एवं कांड में अभियुक्तों के द्वारा प्रयुक्त किए गए आठ मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार लोगों में रमना थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी मुजीब अंसारी का पुत्र तैकीर आलम, सीरिया टोगर निवासी शमसुद्दीन अंसारी का पुत्र निसार अंसारी उर्फ छोटू, महबूब अंसारी का पुत्र इमाम अंसारी, परसवान गांव निवासी स्व. फिरोज अंसारी का पुत्र फिरदौस अंसारी, बिशुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी गांव निवासी शमशेर आलम का पुत्र अल्ताफ अंसारी, पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के लोकया गांव निवासी राम क्रेस चौरसिया का पुत्र शत्रुघ्न चौरसिया, बिहार के गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के शेरघाटी महुआमा गांव निवासी स्व. मोहन यादव का पुत्र पंकज कुमार यादव एवं बेलदार बिगहा गांव निवासी हलखोरी यादव का पुत्र बुटू यादव का नाम शामिल है। इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडेय ने गुरूवार को गढ़वा थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी। एसपी श्री पांडेय ने बताया कि गत 20 व 21 दिसंबर की रात्रि 7 से 8 अपराधियों ने एक 18 चक्का ट्रेलर गाड़ी (बीआर 06 जीजी 2577) को गढ़वा थाना क्षेत्र के रंका रोड स्थित ओबरा के पास अशोक लेलैंड इंजन सफेद बलेनो कार के द्वारा ओवरटेक कर लूट लिया गया था। उस कांड को गढ़वा थाना में कांड संख्या 689/24 के तहत दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि इस घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए उनके दिशा निर्देश में एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। उन्होंने बताया कि टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उसी रात घटना के लूट गए इंजन एवं टाली को रंका क्षेत्र अंतर्गत जेपीएस लाइन होटल लरकोरिया स्थित इम्तियाज होटल के समीप से बरामद कर लिया गया था। उन्होंने बताया कि छापामारी टीम के द्वारा घटना में संलिप्त सभी 9 अपराधियों को अलग-अलग जगह से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके निशानदेही पर लूट में प्रयुक्त बलेनो कार तथा अशोक लीलैड कंपनी का इंजन को भी बरामद कर लिया गया है। इन अभियुक्तो के द्वारा ही 26 व 27 अगस्त की रात्रि में गढ़वा-रेहला मार्ग पर बेलचंपा के पास लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में भी गढ़वा थाना संख्या 451/24 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि इस कांड में स्विफ्ट डिजायर कार को बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि लूटे गए टाली को बरामद करने के लिए एक टीम राज्य से बाहर भेजा गया है। एसपी ने बताया कि अपराधियों के द्वारा लूटे गए टाली को चांडिल के पास एक गेराज में पेंट कर दिया गया था। ताकि उसकी पहचान न हो सके। उन्होंने बताया की लूटी गई टाली की कीमत लगभग 16 से 17 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि लूट की टाली को अपराधियों के द्वारा पांच लाख रूपये में बेचा गया था। एसपी ने बताया कि लूटी हुई टाली को अपने साथ लाए इंजन में जोड़कर ले जाता था वह इंजन शेरघाटी का बिट्टू यादव का है। उन्होंने बताया कि दो लूट की घटना में एक टाली को उक्त लोगों के द्वारा बेचा गया है। उसका पैसा का भुगतान किसके द्वारा किया गया है इसकी जांच पुलिस कर रही है। उन्होंने बताया कि अनराज घाटी के पास इंजन से टाली खोलने का प्रयास किया था, लेकिन टाली इंजन से उतरकर नीचे गिर गया इसके कारण इन लोगों से दोबारा उठ नहीं पाया। उन्होंने बताया कि तैफीर आलम पेशा से चालक था इसलिए इसकी जानकारी उसके पास था। उन्होंने बताया कि अपराधियों के द्वारा सिर्फ टाली को लूट लिया जाता था।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

## एक नजर में

### गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों जोरावर सिंह व फतेह सिंह का मनाया गया शहादत दिवस

**बरवाडीह।** आज भारतीय जनता पार्टी के मंडल कार्यसमिति सदस्य शिबू प्रसाद के खुरा स्थित आवास पर सिखों के दसवें गुरु- गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह तथा फतेह सिंह का शहादत दिवस उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल महामंत्री सह कार्यक्रम के संयोजक मनोज प्रसाद ने किया। जबकि कार्यक्रम प्रभारी जिला मंत्री ईश्वरी सिंह ने उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरूआत किए। मुख्य अतिथि ईश्वरी सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सिखों के दसवें गुरु-गुरु गोविंद सिंह के धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके दो छोटे साहबजादे ने निरंकुश शासक के आगे झुकने से इनकार कर दिया था।

### 100 बड़े होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को नोटिस

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत होल्डिंग टैक्स एवं बकाया जलकर वसूली हेतु वर्तमान में नोटिस निर्गत किया जा रहा है। जिसमे होल्डिंग टैक्स में कुल 100 (एक सौ) बड़े बकायदारों को नोटिस दिया गया है तथा जलकर में 16 उपभोक्ताओं को द्वितीय नोटिस निर्गत किया गया है। होल्डिंग टैक्स नहीं जमा करने वाले बकायदारों पर झारखंड म्युनिसिपल एक्ट के तहत अकाउंट फ्रीज, वॉटर कनेक्शन डिस्कनेक्ट एवं म्युनिसिपल सर्विसेस जैसी सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है। साथ ही वाटर यूजर चार्ज में जिन बकायेदारो को द्वितीय नोटिस निर्गत किया गया है। उन बकायेदारो को सूचित किया जाता है कि वे सभी सात दिनों के अंदर वाटर यूजर चार्ज जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा उन सभी बकायेदारो पर सर्टिफिकेट केस करते हुए राशि की वसूली की जाएगी।

### मनिका प्रखंड में बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को भाजपा ने दिया श्रद्धांजलि

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप स्थित अतिथि शाला भवन में दिन गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष मंदीप कुमार के नेतृत्व में बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। वहीं कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी कौशल किशोर प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी बबन पासवान, अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सह कार्यक्रम सह संयोजक कलाम अंसारी, विश्वनाथ राय, सत्यनारायण प्रसाद, मण्डल महामंत्री धर्मजीत राय, मण्डल उपाध्यक्ष मनोज यादव, अंकित कुमार, परमेश्वर सिंह, गिरधारी मिस्त्री, बिटू कुमार, राजेश कुमार, परमेश्वर सिंह, गुलाबी सिंह समेत भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कृषि महाविद्यालय में जिला स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन

**गढ़वा।** कृषि महाविद्यालय गढ़वा के सभागार में गुरूवार को जिला स्तरीय रबी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद ने फसल सुरक्षा योजना, कृषकों को लेकर प्रखंड स्तर पर कार्यशाला, कृषि एवं उद्यान कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने गढ़वा जिले में कृषि के क्षेत्र में चल रही बाकी सभी योजना के बारे में विस्तार से बताया। जिला में कितने किसान को लाभ मिल रहा है उसकी जानकारी दी गई एवं अन्य किसान कैसे लाभ ले इसके बारे बताया गया। केभीके के वैज्ञानिक ने गेहूं एवं अन्य रबी फसलों की उन्नत उत्पादन के लिए तकनीकी जानकारी दी।

### भवनाथपुर जिपस ने पुत्र व भांजी के जन्मदिन पर किया कंबल का वितरण

**भवनाथपुर।** झारखण्ड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन ठाकुर एवं भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य ने अपने पुत्र आदेल शिवा व भांजी चांदनी कुमारी के जन्मदिन के अवसर पर कैलान पंचायत में महादलित परिवार के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, कुंदन ठाकुर, पंचायत की मुखिया सुकनी देवी, समाज कल्याण सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश ठाकुर ने संयुक्त रूप से महादलित परिवार के बीच कंबल का वितरण किया।

### परिजनों ने रंजीत की हत्या को बताया साजिश, थाना में दिया आवेदन

**डंडई।** थाना क्षेत्र के रारो गांव के भोकचाही टोला में पांच दिन पूर्व कुएं से मिले शव की घटना को लेकर मृतक रंजीत गुप्ता के पिता नंदू साव ने बताया कि घटना के एक दिन पूर्व 21 दिसंबर शनिवार को देर शाम को गांव के ही राजेंद्र गुप्ता पिता जवाहीर साव, अनीस अंसारी पिता इशहाक अंसारी बाइक पर सवार होकर मेरे पास पहुंचे और राजेंद्र गुप्ता के द्वारा हमें तरह-तरह की धमकियां दिया गया और कहा कि आप अपने बेटे रंजीत गुप्ता को समझा दो नहीं तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा तभी से हमलोग काफी भयभीत थे। अगले दिन सुबह ही मेरे बेटे की शव कुआं से बरामद हुआ। घटना को लेकर नंदू साव ने बताया कि मेरा पुत्र का संपर्क राजेंद्र गुप्ता की पुत्री से था। वह लड़की मोबाइल से कई बार दिन में बात भी करती थी। घटना की रात में भी मेरे पुत्र से उस लड़की की बातचीत हुई थी। उन्होंने बताया की सोची-समझी साजिश के तहत रंजीत को हत्या कर उसका शव को कुआं में डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि लड़की मेरे बेटे से शादी करना चाहती थी। लेकिन लड़की के परिजन को यह पसंद नहीं था। इस संबंध में डंडई थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान की जा रही है।

### बोदा पंचायत के चिरो गांव में चोरो ने गिराया हाई टेंशन टॉवर

**चंदवा।** इन दिनों प्रखंड में हाई टेंशन टॉवर गिराकर स्क्रैप कटिंग व बेचने का धंधा बन गया है। आए दिन किसी न किसी गांव में स्क्रैप मांफिया हाई टेंशन टॉवर को गिरा रहे हैं। इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर वाहनों की मदद से स्थानीय व बाहर के कबाड़ी दुकानों में बेच रहे हैं। मंगलवार की रात भी बोदा पंचायत अंतर्गत चिरो गांव के सरना टोली में खड़ा हाई टेंशन टॉवर को स्क्रैप मांफियाओं ने गिरा दिया। इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर करीब दो-तीन टन स्क्रैप की चोरी भी कर ली है। घटनास्थल पर अब भी ध्वस्त टॉवर पड़ा है।

## जूनियर वर्ग में साउथ प्वाइंट और ज्ञान निकेतन रेहला सेमीफाइनल में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 11वें दिन खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच में साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की टीम ने रोमांचक मुकाबले में बीएसकेडी को दो विकेट से जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में ज्ञान निकेतन स्कूल रेहला की टीम ने बीपी डीएवी को एक तरफा मुकाबले में पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मौके पर कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, आकाश कुमार, शहजाद खान, धीरज, रोहित प्रजापति, नितेश शामिल थे। अंपायर की भूमिका रोहन तिवारी, आलोक कुमार, अभिषेक और मनीष उपाध्याय, कॉमेंटेटर की भूमिका प्रिंस खान ने निभाई।



मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष व अन्य

### धान अधिप्राप्ति और फसल बीमा को लेकर बैठक

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में बिरसा प्रधानमंत्री बीमा योजना व लेम्पस द्वारा धान अधिप्राप्ति से सम्बन्धित बैठक बीसीओ सुमन कुमार की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में बीटीएम प्रमानंद, लेम्पस के अध्यक्ष व सचिव शामिल हुए। बैठक में सभी लैम्पस एवं मित्रों को राज्य सरकार से अधिसूचित रबि फसलो के लिये बीमा करवाने हेतु किसानों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया। मौके पर लैम्पस सचिव राकेश कुमार, राजेश्वर उरांव, लुधेश्वर गंझु, कृषक मित्र मंटु उरांव, जगदिश उरांव, राजेश प्रसाद, बालदेव यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## गारु प्रखंड में मनरेगा योजना के तहत चल रहे

# टीसीबी योजना में नाबालिक से करा रहे हैं मजदूरी



नाबालिक से काम कराते हुए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गारु।** प्रखंड में इन दिनों लगातार फर्जीवाड़ा हो या घोटाला का मामला लगातार सामने आ रहा है। ये मामला खत्म भी नहीं हुआ कि तुरंत नाबालिक स्कूली बच्चों से मनरेगा के तहत चल रहे टीसीबी योजना में कार्य करने की मामला सामने आ गया। सरकार जरूरत मन्दों को रोजगार दिलाने के लिए एड़ी चोटी एक कर रही है तो दूसरी तरफ बिचौलिए वास्तविक मजदूरों को सिर्फ मास्टर रोल में नाम दर्ज करा के सिर्फ फर्जी निकासी करने में मस्त हैं। ऐसा ही एक मामला गारु प्रखंड में देखने को मिल रहा है जहां वास्तविक मजदूरों की फर्जी मास्टर रोल तैयार कर नाबालिक स्कूली बच्चों से कार्य करा रहे हैं। मामला गारु प्रखंड के बारेसाढ़ पंचायत में मनरेगा योजना के टीसीबी योजना में अनियमितता बरतने का मामला सामने आ रहा है। जहां पर स्कूली बच्चों से टीसीबी खुदाई करवाया जा रहा है। मामले की खुलासा वार्ड सदस्य के पति कोलेश्वर राम ने गुरुवार को गांव भ्रमण करने के दौरान स्कूली बच्चों को मनरेगा योजना में कार्य करते देखा। तब मामले की खुलासा हो पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि बारेसांड पंचायत के रोजगार सेविका आरती कुमारी योजना स्थल का भ्रमण करने वाली थी। क्रिसमस त्यौहार के वजह से मजदूर व्यस्त थे। ऐसे में फर्जी मास्टर रोल भुगतान के लिए बिचौलिया पर दबाव बनाया गया जिसके चलते आनन फानन में स्कूली बच्चों को कार्य में लगाया गया। वहीं इस संबंध में गारु प्रखंड के मनरेगा प्रभारी बीपीओ से संपर्क करने की कोशिश किया गया परंतु फोन रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## रेलवे क्वाटर निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने कराया बंद

# ड्राई जॉन में आता है बरवाडीह बाजार का इलाका : दीपक राज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार के समीप रेल क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन कार्य करा रहे ठिकेदार द्वारा बुधवार की अर्धरात्रि अवैध तरीके से किए गए डीप बोर को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार की सुबह सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीणों ने इस कार्य के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बाजार समिति के अध्यक्ष दीपक राज, हम पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सिंह और मुखिया कालो देवी ने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि रेलवे के ठेकेदार द्वारा अवैध तरीके से डीप बोर कराया जा रहा है। जिससे क्षेत्रीय जलस्तर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य बिना किसी अनुमति और नियमों के विरुद्ध किया जा रहा था। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने रेलवे में चल रहे निर्माण कार्य को बंद करवा दिया। दीपक राज और अतुल सिंह ने अधिकारियों से इस मामले की जांच की मांग की और अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की बात कही। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि अगर इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोका नहीं गया तो वह आगे भी बड़े आंदोलन के लिए तैयार हैं। प्रदर्शन के बाद रेलवे अधिकारियों ने मामले की जांच का आश्वासन दिया।



कार्य बंद कराते स्थानीय लोग

### ठेकेदार ने पहले भी डीप बोर करने का किया था प्रयास : दीपक

बाजार समिति के अध्यक्ष दीपक राज ने बताया कि ठेकेदार द्वारा पहले भी दो बार डीप बोर कराने का प्रयास किया गया था। तब भी ग्रामीणों के विरोध के बाद स्थानीय अधिकारी द्वारा डीप बोर पर रोक लगा दिया गया था। उन्होंने बताया की रेलवे क्वाटर का निर्माण कार्य आरबीएनएल कंपनी द्वारा किया जा है। जिसका ठेकेदार जितेंद्र कुमार है। जिसके द्वारा ग्रामीणों के विरोध के बावजूद भी डीप बोर रात के अंधेरे में चोरी छिपे करा दिया गया। दीपक राज और स्थानीय लोगों ने डीप बोर को अविलंब ध्वस्त कराने की मांग जिले के वरीय अधिकारियों से की है।

**लाइजन ऑफिसर के लिखित आश्वासन के बाद ग्रामीण हुए शांत :** मामले की सूचना मिलते ही रेलवे के लाइजन ऑफिसर प्रकाश तिवारी ने कार्य स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों से वार्ता की। जो डीप बोर किया गया है, उसे ध्वस्त कराते हुए नॉर्मल बोर कराने पर सहमति बनी।

**अंचल निरीक्षक ने ठिकेदार के विरुद्ध दर्ज कराई थी शिकायत :** जानकारी देते चले कि पूर्व में भी ठिकेदार द्वारा डीप बोरिंग कराए जाने के मामले को संज्ञान में लेते हुए अंचल निरीक्षक सुरेश राम ने मौके पर ग्रामीणों की मांग को जायज बताते हुए डीप बोरिंग नहीं कराने के सख्त निर्देश ठिकेदार को दिए थे। जहां ठिकेदार और आरपीएफ के द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने पर अंचल निरीक्षक ने बरवाडीह थाना में इनके विरुद्ध लिखित शिकायत भी दर्ज कराई थी।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बिचौलिये प्रथा को समाप्त करें : मंत्री योगेंद्र प्रसाद




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** प्रखंड पंचायत समिति कसमार की प्रखंड सभागार में प्रमुख नियोती कुमारी की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में मुख्य रूप से सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो उपस्थित थे।

बैठक में पिछली बैठक में लिये गये प्रस्तावों के अनुपालन पर समीक्षा की गई। पिछली कई प्रस्तावों पर अनुपालन नहीं होने पर पशु चिकित्सा भ्रमणशील पदाधिकारी कल्याण पदाधिकारी एवं बीपीएम को फटकार लगाते हुए अनुपालन रिपोर्ट के साथ अगली बैठक में आने का निर्देश दिया। वहीं बिजली विभाग के कर्मी का नदारद रहने पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। सदन पर लिये गये प्रस्तावों व मामलों के अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर जेएसएलपीएस के मनोज यादव व कल्याण पदाधिकारी को मंत्री ने जमकर फटकार लगाई।

उन्होंने बीडीओ व सीओ को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी हाल में बिचौलियों के माध्यम से कार्य नहीं करना है बिचौलियों की प्रथा समाप्त करें। मंत्री ने अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार व बीडीओ नम्रता जोशी को विभिन्न योजना के तहत लंबित मामलों को जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।

टांगटोना पंसस प्रिया देवी मुरहूलसूदी पंसस कसमार एवं पोंडा पंसस सोनपुरा पंसस पोंडा मुखिया सहित दांतू पंसस द्वारा विभिन्न मामले सदन में रखे गये। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम उपप्रमुख संजू देवी पंसस एवं सम्बद्ध पदाधिकारी मौजूद थे।

# सड़क किनारे सब्जी दुकानें लगने से जाम में फंस जाती है एंबुलेंस व स्कूल की बसें



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सड़क के किनारे सब्जी दुकान लगने से प्रतिदिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह हाल है श्रीरामपाड़ा से पोखरा चौक जाने वाली सड़क की है। सड़क किनारे सब्जी की दुकानों के लगने से आवाजाही में समस्या उत्पन्न हो जाती है। जाम के कारण एम्बुलेंस और स्कूली बसों को भी श्रीरामपाड़ा की सड़कों पर सब्जी की दुकाने लगने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह सड़क दुमका शहर का मुख्य सड़कों में एक है। इस रोड में अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। जाम से निजात दिलाने में प्रशासन पूरी तरह से फेल है। यहां तक कि एम्बुलेंस से मरीजों को बाहर ले जाने में भी काफी परेशानी होती है। एम्बुलेंस आवश्यक सेवाओं में एक है। जाम की स्थिति से एम्बुलेंस सेवा को भी जाने में परेशानी होती है। स्कूली बच्चे व कॉलेज के छात्रों को भी काफी समस्या होती है। आने-जाने के दौरान स्कूली बसें भी जाम में फंस जाती हैं। इससे बच्चों को घर पहुंचने में काफी देर होती है। वहीं जाम के कारण एम्बुलेंस सेवा भी प्रभावित होती है। इस रास्ते से होते हुए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पड़ता है। इसके अलावे इसी रास्ते में कई निजी क्लीनिक एवं अस्पताल भी है। ऐसे में सड़क जाम होने की स्थिति में मरीजों को जान का खतरा भी बना रहता है। शहर के बाजार में पार्किंग की बेहतर व्यवस्था नहीं होने से लोग एवं राहगीर भी परेशान हैं। वहीं कई बार तो भारी वाहन निकलने से यह जाम आधे घंटे से अधिक का लग जाता है। आए दिन ऐसी तस्वीरें सामने आती रहती हैं। जाम लगने की वजह सड़क किनारे बाइक एवं ऑटो रिक्शा हैं। इस बावत अधिवक्ता मीलू रजक ने कहा कि सड़कों के किनारों पर बेतरतीब तरीके से खड़ी वाहनों के कारण यह समस्या उत्पन्न होती है। इसी रास्ते से दुमका कोर्ट जाती हूं और जाने में जाम में फंसने के कारण 15 मिनट से अधिक का वक्त लग जाता है।

## एक नजर में

### डॉ अम्बेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : रंजीत गिरि



**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 12ई स्थित डा भीम राव आंबेडकर के प्रतिमा को पानी से धोकर व पुष्प अर्पित कर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य सभा में बाबा साहेब पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का विरोध इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि के नेतृत्व में किया गया। मौके पर अधिवक्ता श्री गिरी ने कहा की बाबा साहेब का अपमान पूरे देश का अपमान है। गृह मंत्री को नफरत की राजनीति छोड़ कर सिर्फ देश के विकास पर फोकस करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि अमित शाह के घृणित सोच को देश ने देख लिया। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में जो लोग संविधान को बदलने की बात करेगा या ऐसी सोच भी रखता हो तो देश की जनता उसे सबक सिखाएगी। अर्जक संघ के यमुना राम ने कहा कि गृह मंत्री होने के नाते अमित शाह के रवैया से पूरा समाज मर्माहत है। संविधान निमार्ता का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस दौरान लोहरी रजक यमुना प्रसाद सेठ राम किट्टू कुमार अमर भगत झारीलाल पत्रा संजय कुमार रजक पवन कुमार रजक राजभवन कुमार दीपक सवाईयां राहुल समद बुधन मुंडा सोपो बिरुली दीपक पड़ेया आदि मौजूद थे।

### बोकारो : रोटरी क्लब चास ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया



**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा सेक्टर 12 स्थित आशस विद्यालय के प्रांगण में जयपाल नगर के रहने वाले जरूरतमंद लोगों को उच्च गुणवत्ता वाले गर्म कंबल एवं उपयोग किये हुए कपड़ों का वितरण किया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि वंचित परिवारों के उत्थान के लिए रोटरी क्लब सदैव समर्पित रहा है। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसे गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करें ताकि वे उम्मीद एवं आशा से भरी जिंदगी जी सकें। कार्यक्रम के संयोजक कुमार अमरदीप ने कहा कि नीरस जीवन जी रहे बेसहारा लोगों की जिंदगी में रोटरी क्लब चास रोशनी की किरण लाने की कोशिश कर रहा है। सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि आर्थिक व सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों की पीड़ा को कम करना ही रोटरी का उद्देश्य है। बच्चों के बीच केक कप केक और चॉकलेट का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ श्रवण कुमार पूजा बैद ललिता चोपड़ा रितु अग्रवाल पूर्वी केजरीवाल अर्चना सिंह शैल रस्तोगी विपिन अग्रवाल प्रेम शंकर सिंह समाजसेवी योगो पूर्ति का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्पीड न्यूज

### सीरात-अल-इल्म क्विज मुकाबला में शामिल हुए मंत्री योगेंद्र



बेरमो/ललपनिया। बुधवारको पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो नवजवान एकता कमिटी, ललपनिया के द्वारा आयोजित बच्चों और बच्चीयों के लिए सीरात-अल-इल्म क्विज मुकाबला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर उन्होंने क्विज प्रतियोगिता विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया। वही उन्होंने उपस्थित सभी लोगोंको संबोधित करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के बच्चों में हुनर की कोई कमी नहीं है बस जरूरत है उन्हें सही मंच देने और उनकी प्रतिभा को तरसने की है। उन्होंने ललपनिया बैंक मोड़ पर अजमेर शरीफ दरगाह जा रहे जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर उनके सफल यात्रा की कामना की।

### दुमका पेड़ से टकराया बाईक, युवक की मौत

दुमका। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुजीसिमल से गुहियाजोरी मुख्य पथ पर कुरुमपहाड़ी गांव के समीप एक बाइक सवार युवक पेड़ से जा टकराया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान कोरैया गांव निवासी 28 वर्षीय पायेल किस्कू के रुप में हुई है। यह घटना गुरुवार को दोपहर में हुई। घटना की खबर मिलने पर मुफस्सिल थाना पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हाउस में शव को रख दिया। मोबाइल व आधार कार्ड से युवक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचित किया गया। सूचना पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस पहुंच शव की पहचान किया। युवक पायेल किस्कू मूलरुप से रामगढ़ के जलवे गांव का निवासी था। वह अपने ससुराल कोरैया गांव रहकर दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार वालों का भरण-पोषण किया करता था। युवक को दो छोटे-छोटे बच्चे है। पुलिस शव का पीजेएमसीएच में पोस्टमार्टम करा उसके परिजनों को सौंप दिया। युवक की मौत होने पर उसकी पत्नी बिलख-बिलखकर रो रही थी। परिजनों का कहना है कि अपनी बाइक से किसी रिश्तेदार के यहां गया था।

### पुल निर्माण का जायजा लेने पहुंचे इफ्तेखार



बेरमो/ललपनिया। प्रखंड के चुट्टे पंचायत के नवडंडा तथा चैयाटांड के निकट मरघटवा नदी पर ग्राम्य अभियंत्रण संगठन की ओर से बनाए जा रहे पुल निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर भाकपा राजद जनअभियान के संयोजक एवं झारखंड आंदोलनकारी इफ्तिखार महमूद ने नवडंडा और चैयाटांड जाकर निर्माण कार्य को देखा। महमूद ने बताया कि उपर्युक्त दोनों पुल के निर्माण में घटिया सरिया एवं अन्य सामग्री को उपयोग में लाया जा रहा है। कहा कि पुलों के बुनियाद की गहराई भीकाम है। चैयाटांड़ के निकट का पुल का खंभा का बुनियाद 10फिट से कम है। ग्रामीणों की आपत्ति आने के बाद उक्त पुल का तिसरा खंभा का बुनियाद 20 फिट किया गया है,किंतु शेष दो खंभों की बुनियाद की गहराई 10 फीट के अंतर्गत ही है। महमूद ने कहा की निर्माण स्थल पर जो सरिया पाया गया है, वह घटिया श्रेणी का है। महमूद ने कार्यस्थल से ही ग्राम्य अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता से बात किया और घटिया निर्माण कार्य किए जाने की जानकारी दिया।

# जयराम महतो पर चोरी सहित सरकारी काम में बाधा एवं रंगदारी का लगा आरोप



## डुमरी विधायक पर एफआइआर हुआ दर्ज



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्रीय प्रबंधन ने प्रशानिक काम मे बाधा डालने पर विधायक जयराम महतो पर चन्द्रपुरा थाना मे मामला दर्ज कराया।

### सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्रीय प्रबंधन ने चन्द्रपुरा थाना मे मामला दर्ज कराया

इस मामले में जयराम महतो समेत 7 नामजद पर ऋकफ दर्ज हुआ है। इनमे जयराम महतो, संदीप महतो, तिलक महतो, नितेश, संजीत कुमार, राहुल पासवान और बिनोद चौहान सहित 30 से 40 अज्ञात लोगों पर रंगदारी, अवैध कब्जा, चोरी सहित सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगा है। मामला सेंट्रल कॉलोनी स्थित सीसीएल डी टाइप क्वार्टर नंबर डी-2 में डुमरी विधायक जयराम महतो के समर्थक द्वारा अवैध कब्जा जमाए जाने पर माहौल बना रणक्षेत्र। बेरमो सीडीओ सहित पुलिस बल ने किया लाठी चार्ज।

## जयराम ने चार थानों की पुलिस को सुनाई खरी खोटी

**सेन्ट्रल कॉलोनी, सीसीएल ढोरी क्षेत्र में क्वार्टर लेने के मामले पर हुआ जमकर हंगामा**

बेरमो। डुमरी विधायक जयराम महतो अपने बेबाक अंदाजा और उग्र तेवर के कारण हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। इसी क्रम में बीते रात्रि लगभग 2 बजे सेन्ट्रल कॉलोनी, सीसीएल ढोरी क्षेत्र में क्वार्टर लेने के मामले पर जमकर हंगामा देखने को मिला। चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली ओपी स्थित सेन्ट्रल कॉलोनी में जयराम महतो अपने समर्थकों द्वारा अवैध रूप से क्वार्टर कब्जा करने पर स्थानीय पुलिस एवं सीआईएसएफ के जवान खाली करवाने पहुंची थी, जिसकी सूचना समर्थकों द्वारा विधायक जयराम महतो को दी गई। सुचना पाते ही जयराम महतो भी वहां पहुंच गए और वहीं पर उपस्थित मजिस्ट्रेट तथा लगभग चार थानों की पुलिस व सीआईएसएफ जवानों व अधिकारियों को काफी खरी-खोटी सुना दी। बताया गया कि सीसीएल ने अपने कर्मी को उक्त आवास को आवंटित किया था। मगर वही क्वार्टर लेने के लिए विधायक जयराम महतो अड़े हुए थे। अजीब विडम्बना है कि एक विधायक किस तरह छोटी छोटी मुद्दों पर भला इतना उग्र रुप क्यो अख्तियार कर लेते हैं समझ से परे है।

### मुखिया, पंसस ने किया महिला सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास



**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के देवीपुर में गुरुवार को ओएनजीसी, सीबीएम परिसम्पति बोकारो के सीएसआर मद से स्वयं सेवी संस्था सर्वोदय महिला विकास केंद्र के तत्वाधान में ग्राम देवीपुर के ग्रामीण महिलाओं के लिए सामुदायिक विकास हेतु महिला सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्य अतिथि होसिर पश्चिमी पंचायत की माननीय मुखिया पार्वती देवी,पंचायत समिति सदस्य महेश रविदास, समाज सेवी देवनारायण प्रजापति के पुत्र ज्ञानदीप कुमार पंचायत सेवक पूर्णिमा कुमारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुखिया पार्वती देवी ने ओएनजीसी सीबीएम परिसम्पति बोकारो के प्रति इस पुनीत कार्य के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा की महिला सामुदायिक भवन की व्यस्था हमारे पंचायत में नहीं होने कारण ग्रामीण महिलाओं को किसी भी प्रकार की बैठक, उत्सव,कार्यक्रम आदि का आयोजन खुले स्थान में करना पड़ता था। जिससे ग्रामीण महिलाओ को अनेक प्रकार परेशानियों का सामना करना पड़ता था।खाश कर वर्षा और गर्मी के दिनों में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और खुले स्थान के आयोजन में महिलाओं को काफी नुकशान होता था और एक डर सा लगा रहता था। किन्तु अब उन्हें इस योजना के निर्माणसे सहूलियत होगी उन्हें किसी भी बैठक, उत्सव, कार्यक्रम करने हेतू कही भी जाना नहीं पड़ेगा और न ही कोई परेशानी होगी। ओएनजीसी के सीएसआर मद से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन के बारे में ग्रामीणों व ग्राम पंचायतके प्रतिनिधियो को सर्वोदय महिला विकास केन्द्र के परियोजना समन्वयक दिनेश्वर यादव ने कहा की देवीपुर ग्राम के ग्रामीण सामुदायिक बैठक, सामाजिक कार्यक्रमों व अन्य के आयोजन खुले स्थान में करने की विकट समस्या से काफी परेशान चले आरहे जिसे पंचायत की मुखिया जी द्वारा पहल करते हुए महिलाओं के लिए समुचित कार्यक्रमों के आयोजन हेतु ओएनजीसी के सीएसआर मद से आज इस सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ कियागया है उन्होंने कहाकी इस निर्मित सामुदायिक भवन का उपयोग इस क्षेत्र के महिलाओं द्वारा किसी भी कार्यक्रम के आयोजन हेतु उपयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य राजेश्वर साव, रंजीत प्रजापति, योगेंद्र प्रसाद, मुकेश अंबेडकर, हेमंत व ग्रामीण उपस्तिथ थे।

## दुमका : पंजाब एंड सिंध बैंक का कोर्ट कंपाउंड रोड में हुआ उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भारत सरकार के अग्रणी बैंको में से एक पंजाब एंड सिंध बैंक की शाखा कोर्ट कम्पाउण्ड रोड के समीप गुरूवार को उद्घाटन हुआ। उद्घाटन फीता काटकर डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने किया। पंजाब एंड सिंध की 1584 वीं शाखा का शुभारंभ हुआ। शाखा के माध्यम से समाज के लोगों को कई आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। लाभों में ग्राहकों को कम ब्याज दर पर विभिन्न ऋण सुविधाएं उपलब्ध होंगी। जिससे वे अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे। बचत और चालू खाता का विकल्प होगा। बैंक विभिन्न प्रकार के आकर्षक बचत और चालू खाता विकल्प प्रदान करता है, जो ग्राहकों की बचत को बढ़ावा देंगे। डिजिटल बैंकिंग सेवाएं होंगी। पीएसबी यूनिक मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्राहक अपने खाते की जानकारी, फंड ट्रांसफर, बिल भुगतान और अन्य बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। जिससे बैंकिंग अनुभव और भी सरल और सुविधाजनक होगा। इस अवसर पर बैंक के अंचल प्रबंधक समिंदर सिंह ने बैंक के उत्पादों और डिजिटल सेवाओं की जानकारी साझा करते हुए ग्राहकों को बताया कि पीएसबी यूनिक ऐप के जरिए बैंकिंग सेवाएं अब और भी सरल हो गई हैं। नई शाखा के माध्यम से स्थानीय लोगों को बेहतर वित्तीय सेवाओं का अनुभव मिलेगा।

## बोकारो : ईएसएल के परियोजना स्थलों में वेसुवियस इंडिया ने की भागीदारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** ईएसएल स्टील लिमिटेड के पार्टनर वेसुवियस इंडिया ने स्वच्छता जागरूकता सत्र का आयोजन कर चार स्मार्ट बायो टॉयलेट एवं एक शुद्ध पेयजल मशीन का उद्घाटन कर अपनी भागीदारी निभाई। यह पहल स्वच्छता जागरूकता सत्र के तहत स्कूली बच्चों को शिक्षित करने और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच 450 स्कूल बैग का वितरण भी किया गया।

इसके अतिरिक्त मधुनिया हाई स्कूल में एक वृक्षारोपण अभियान आयोजित कर पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति कंपनी की ओर से प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा अधिकारी प्रतिमा दास सहित मधुनिया पंचायत के मुखिया प्रदीप कुमार ईएसएल के रिफ्रैक्टरी प्रमुख सुमन त्रिवेदी सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा शारदेंदु त्रिपाठी और वीआईएल के बिजनेस हेड अरविंद कुमार सिंह बिक्री प्रमुख अतनु मुखर्जी वरिष्ठ प्रबंधक जलाराम आया सीएसआर विभाग से राजश्री दास वेदांता स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश झा अन्य शिक्षक और छात्र आदि उपस्थित थे।

मौके पर ईएसएल के रिफ्रैक्टरी प्रमुख सुमन त्रिवेदी ने कहा कि हम अपने समुदायों में स्वास्थ्य और स्वच्छता को बेहतर बनाने के लिए सार्थक कदम उठा रहे हैं। यह कार्यक्रम समुदायों के उत्थान और सकारात्मक प्रभाव पैदा करने के लिए वेदांता ईएसएल और वेसुवियस के चल रहे प्रयासों में एक और मील का पत्थर है।

यह पहल छात्रों के लिए सुरक्षित स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने और उन्हें आत्मविश्वास पूर्ण जीवन जीने के लिए ज्ञान के साथ सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## यह जीत हमारी नही बेरमो की जनता की जीत है : विधायक कुमार जयमंगल

**कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा के बेरमो प्रखण्ड स्थित जरंगडीह, बनासो मंदिर के समीप कांग्रेस पार्टी का प्रखंड-स्तरीय वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन का एक मात्र उदेश्य है कि हम सभी लोग एक जगह पर एकत्रित हो और आनेवाले नये वर्ष का आनंद उठा सके। उन्होंने महागठबंधन के सभी साथियों का दिल से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया, जिनके कठिन परिश्रम, समर्पण और मेहनत ने इस चुनावी सफलता को संभव बनाया। साथ ही, सभी को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। कहा कि यह जीत हमारी नही बेरमो की जनता की जीत है। मौके पर वशिष्ठ मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा व श्यामल कुमार सरकार बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, झामुमो नेता मदन मोहन अग्रवाल, विधायक प्रतिनिघि राकेश कुमार सिंह सहित हरेंद्र प्रसाद सिंह, बिरेन्द्र सिंह, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, विल्सन फ्रांसिस, जयराम सिंह, अंजनी त्रिपाठी, महफूज आलम, वृज विहारी पांडेय, मुरारी प्रसाद सिंह, मो कलीमुद्दीन, सुबोध सिंह पवार, कृष्ण कुमार चांडक, दौलत महतो, उदय सिंह, लखी सरदार, ललन सिंह, सुमित सिंह, कारू सिंह, तिरीशाल सिंह, प्रमोद सिंह,साघु बाउरी, अरूण कुमार सिंह, भोलू खान, दीपक महतो, रंजीत महतो,सरयू चौहान, राजू दिगार सहित कई लोग मौजूद थे।

## बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसो. ने मनाया स्थापना दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील ऑफिसर्स एसोसिएशन का स्थापना दिवस केक काटकर व वनभोज का आयोजन कर स्थानीय सेक्टर 4 एफ स्थित में बीएसओए कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के वर्तमान सदस्यों सहित पूर्व के सदस्यों सह अधिकारियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बीएसओए सदस्यों को इस अवसर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। 2024 बैच के अधिकारियों के लिए पहला मौका था कि एसोसिएशन की गतिविधियों को नजदीक से समझें एवं पूरे जोश के साथ संगठन की मजबूती में अपनी सहभागिता निभायें। एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह ने कहा कि बीएसओए सभी सदस्यों सह अधिकारियों के कल्याणार्थ पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मौके पर महासचिव अजय कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार, रवि भूषण श्वेताभ रजनीश ओम प्रकाश शरद गंगवार जयंत आदि मौजूद थे।

### बोकारो : भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



**बोकारो।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में चास के धर्मशाला मोड़ स्थित स्व राजेंद्र महतो स्मृति भवन में भारतीय जनता पार्टी की ओर से वाजपेयी जयंती समारोह मनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर चास प्रखंड 20 सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक जगनानी ने कहा कि आज अटल जी की कमी देश ही नहीं दुनिया को खल रही है। हम लोगों का सौभाग्य रहा है कि उनके नेतृत्व में एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। चास प्रखंड के पूर्व भाजपा अध्यक्ष सह झारखंड वनांचल आंदोलनकारी करमचंद गोप ने कहा कि हमें अटल जी के बहुत नजदीक जाकर उन्हें देखने समझने और सीखने का अवसर मिला था। इस अवसर पर अभय कुमार मुन्ना अशोक जगनानी बालकृष्ण कुमार डॉ एस कुमार प्राचार्य श्रवण कुमार सुबोध सिंह रामभजन सिंह करमचंद गोप सुनील सिंह लालमुनी देवी शिव कुमार श्रीवास्तव गौरी शंकर सिंह अतीश कुमार सिंह राम किंकर माहथा विनोद चौधरी प्रदीप कुमार महेश, नकुल प्रसाद आदि उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सीरिया में अल-असद के 20 से अधिक समर्थकों की हत्या

दमिश्क। सीरिया में अब अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों की हत्या। सैन्य संचालन विभाग ने दमिश्क, ग्रामीण इलाकों, होम्स, लताकिया और टार्टस के कई इलाकों में अभियान चलाकर असद के 20 से अधिक समर्थकों को मार गिराया और कम से कम 45 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सीरियाई सैन्य संचालन विभाग असद के इन समर्थकों को आतंकवादी मान रहा है। सैन्य संचालन विभाग ने वांछित व्यक्तियों और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चार दिन का समय दिया था।

## अल्लू अर्जुन के बहुत बड़े फैन हैं अमिताभ बच्चन



मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के ज्ञान-आधारित गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीजन 16, के मंच पर बताया है कि वह दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के बहुत बड़े फैन हैं। केबीसी 16 इंडिया चैलेंजर वीक के साथ फॉर्मेट में रोमांचक ट्विस्ट लाया है। इस सप्ताह, 10 प्ले-अलॉन्ग प्रतियोगियों में से, फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड के टॉप दो प्रतियोगी हॉटसीट पर अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए ह्यजल्दी 5 बजर राउंड में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## गाजा पट्टी में इजरायल का हमला, 10 की मौत

यरूशलम। गाजा शहर के पास ज़िटौन के नजदीक एक घर पर इजरायली हवाई हमले में पांच फिलिस्तीनी मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। अल जजीरा ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। इसके अलावा गाजा में अल अवदा अस्पताल के पास इजरायली हवाई हमले में फिलिस्तीन के कुद्स न्यूज नेटवर्क के पांच पत्रकार मारे गए। पत्रकार नुसीरात शरणार्थी शिविर में एक रिपोर्ट का फिल्मांकन कर रहे थे, तभी उनके वाहन को इजरायली सेना ने टक्कर मार दी।

## ओएससीइ से हटने पर विचार नहीं : रूस

मॉस्को। रूस यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (ओएससीई) से हटने के विकल्प पर विचार नहीं करता है। ओएससीई में रूसी स्थायी प्रतिनिधि अलेक्जेंडर लुकाशेविच ने यह जानकारी दी। जब श्री लुकाशेविच से पूछा गया कि क्या मॉस्को संगठन में संकट को देखते हुए ऐसे परिदृश्य पर विचार करता है तो उन्होंने कहा कि मैंने इसके बारे में नहीं सुना है। लुकाशेविच ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनी अर्थ में, एक संगठन के पास एक घटक दस्तावेज-एक चार्टर होना चाहिए। ओएससीई के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं है

## महाकुंभ में 31 दिसंबर तक संस्थाओं का भूमि आवंटन

महाकुम्भ नगर। महाकुंभ में अखाड़ा समेत ज्यादातर संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष संस्थाओं समेत नई संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य 31 दिसंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। महाकुंभ का सबसे बड़ा आकर्षण अखाड़ों की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है और दो से तीन अखाड़ों का छावनी प्रवेश भी हो चुका है। मेला प्राधिकरण की ओर से अखाड़ा समेत ज्यादातर संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष संस्थाओं समेत नई संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य प्रगति पर है और इसे 31 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है।

# कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाना होगा: खड़गे

## संगठन-सशक्तीकरण का साल होगा 2025

एजेंसी

▸▸ नेहरू-गांधी की विचारधारा और बाबा साहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे




नयी दिल्ली। कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में नव सत्याग्रह की शुरूआत हो गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हमें अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाना होगा। हमारे समर्थक जानना चाहते हैं कि हम अपने आप को शक्तिशाली बनाने के लिए क्या करने वाले हैं? वैसे लोग जो हमारे समर्थक नहीं है परन्तु केंद्र सरकार से अपनी उम्मीद खो बैठे हैं, वो भी जानना चाहते हैं कि हम कैसे अपने आप को मजबूत बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि 2025 संगठन-सशक्तीकरण का साल होगा। हम संगठन में सभी रिक्त पदों को भरेंगे। उदयपुर घोषणा को पूरी तरह से लागू करेंगे। अपने संगठन को मंडल और बूथ तक चुनाव जीतने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करेंगे। नयी शक्ति को मौका देने की जरूरत है। स्थानीय एवं नए नेतृत्व को भी उभारने की जरूरत है। हम बेलगावी से नये संदेश और नये संकल्प के साथ लौटेंगे। बैठक शुरू होने से पहले मल्लिकार्जुन खड़गे ने झंडोत्तोलन किया। खड़गे ने बैठक में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के इतिहास में बहुत सुनहरा दिन है। गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के सौवें वर्ष पर बेलगावी (बेलगांव) में महात्मा गांधी नगर में ऐतिहासिक नव सत्याग्रह बैठक हो रही है। 100 साल पहले यहीं 26 दिसंबर 1924 को 3 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी। इससे पहले मौलाना मुहम्मद अली जौहर कांग्रेस अध्यक्ष थे। खड़गे ने कहा कि गांधीजी केवल एक बार एक साल के लिए ही कांग्रेस अध्यक्ष बने थे। गांधीजी ने छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ मुहिम को कांग्रेस के मुख्य एजेंडे में शामिल किया। कांग्रेस के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और नेहरू की विरासत है। गांधीजी ने उन दिनों कोहाट और गुलबर्गा जैसे शहरों में हो रहे सांप्रदायिक दंगों से आहत होकर चिंता व्यक्त की थी। आज का सत्ताधारी दल और उनके नेता खुलेआम भड़काऊ नारे देते हैं और उनके बड़े नेता ही समाज में सद्भाव बिगाड़ रहे हैं, समुदायों के बीच नफरत फैला रहे हैं। पिछले 140 वर्षों की यात्रा में पार्टी ने बहुत उतार चढ़ाव देखे, पर कांग्रेस आज भी गांधीजी के विचारों की रोशनी में उनके सिद्धांतों को समर्पित और उसूलों पर कायम है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कर्नाटक उनका गृह राज्य है। आज हम जब 100 वर्ष पुराने ऐतिहासिक क्षण को पुनर्जीवित कर रहे हैं तो कर्नाटक में गांधीजी के विचारों की सरकार चल रही है। संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए महात्मा बसेश्वर, महात्मा फुले और बाबा साहेब आंबेडकर जैसे महापुरुषों के दिखाए विचारों पर आगे बढ़ रही है। हमने संसद सत्र में संविधान पर हो रही चर्चा के दौरान बाबा साहेब आंबेडकर के बारे में गृहमंत्री का घोर अपमानजनक बयान सुना। हमने आपत्ति दर्ज की, विरोध जताया, प्रदर्शन किया। अब तो पूरे देश में प्रदर्शन हो रहा है। किंतु प्रधानमंत्री और सरकार गलती मानने को तैयार नहीं है।

अमित शाह से माफी और इस्तीफा लेना तो दूर, उल्टा आपत्तिजनक बयान का समर्थन किया। राहुल गांधी पर झूठा केस दर्ज कर दिया। हम किसी से डरनेवाले नहीं हैं, ना ही झुकने वाले हैं। हम नेहरू-गांधी की विचारधारा और बाबा साहेब के सम्मान के लिए आखिरी दम तक लड़ेंगे। भाजपा के लोग हमारे ऊपर झूठा आरोप लगाते हैं कि हमने बाबा साहब का सम्मान नहीं किया। सबको मालूम है कि संसद में जो बाबा साहब की मूर्ति 1967 में कांग्रेस ने लगवायी। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल के लोगों द्वारा संविधान के प्रस्तावना का अपमान होता रहता है। संवैधानिक प्रावधानों और मूल्यों का आदर नहीं होता है। संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रित किया जा रहा है। कभी वोटरों का नाम सूची से काटा जाता है। कभी उनको वोट डालने से रोका जाता है। कभी वोटर सूची संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। कभी वोट डालने के अंतिम समय में वोट प्रतिशत अप्रत्याशित तरीके से बढ़ जाता है। डा. मनमोहन सिंह की सरकार में हमने किसानों की 72 हजार करोड़ रुपये की ऋणमाफी की। फसल का अधिकतम एमएसपी दिया।

## जापान एयरलाइंस पर साइबर हमला, टिकटों की बिक्री रोकी गयी

टोक्यो। जापान एयरलाइंस पर साइबर हमला हुआ है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पड़ा असर। जापान एयरलाइंस ने साइबर हमले की पुष्टि की है। द जापान टाइम्स के अनुसार, जापान एयरलाइंस ने गुरुवार को कहा कि सुबह उसके सिस्टम पर साइबर हमला किया गया। सुबह 8:56 बजे इसका पता चला। तकनीकी टीम ने समाधान कर लिया है। साइबर हमले की सूचना के बाद प्रस्थान करने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई। एयरलाइन ने कहा कि इससे हुई असुविधा के लिए हम माफी मांगते हैं। जापान प्रसारण निगम के अनुसार, हानेडा हवाई अड्डे पर लगभग एक दर्जन प्रस्थान उड़ानों में 50 मिनट तक की देरी हुई है। किसी भी उड़ान को रद्द नहीं किया गया है। अन्य घरेलू एयरलाइंस एएनए, स्काई मार्क, सोलासीड एयर व स्टारफ्लायर का कामकाज पूर्ववत संचालित हो रहा है।



## महाकुंभ में अंडर वॉटर ड्रोन से श्रद्धालुओं की होगी निगरानी

**महाकुंभ नगर। महाकुंभ में हर आपात स्थिति से निपटने के उद्देश्य से पहली बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अंडर वॉटर ड्रोन तैनात किया गया है, जो 24 घंटे पानी के भीतर हर गतिविधियों की निगरानी करने में सक्षम है। प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक (पूर्वी जोन) डॉक्टर राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि बेहद तेज गति से और असीमित दूरी तक पानी के अंदर काम करने वाले इस ड्रोन की तैनाती की। मिश्र ने बताया कि इस ड्रोन की सबसे खास बात यह है कि यह अंधेरे में भी लक्ष्य पर सटीक नजर रखने में कारगर है। मिश्र ने बताया कि ये ड्रोन पानी के अंदर 100 मीटर तक जाकर हर गतिविधि की जानकारी एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि पानी के अंदर कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि या घटना को लेकर यह सटीक जानकारी देगा।**

# 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड आज देंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरूवार को बताया कि सर्वेक्षण की नवनीतम ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में घरों के मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना शुरू की थी। अभी तक 3 लाख दस हजार से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जिसमें लक्षित गांवों का 92 प्रतिशत हिस्सा शामिल है। अब

**स्वामित्व योजना**

**अब तक डेढ़ लाख गांवों के लिए 2. 20 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार**



तक लगभग डेढ लाख गांवों के लिए लगभग 2 करोड़ 20 लाख संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं। यह योजना त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में पूरी तरह से लागू हो चुकी है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों तथा कई केंद्र शासित प्रदेशों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

## प्रधानमंत्री मोदी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को देशभर में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए प्रगति बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि केन्द्र और राज्य स्तर पर सभी सरकारी अधिकारियों को यह समझना होगा कि परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत बढ़ती है बल्कि जनता को अपेक्षित लाभ मिलने में भी बाधा आती है। यह केंद्र और राज्य सरकारों को शामिल करते हुए समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए आईसीटी-आधारित मल्टी-मॉडल प्लेटफॉर्म है। बैठक में आठ महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गई, जिनमें शहरी परिवहन की छह मेट्रो परियोजनाएं एवं सड़क संपर्क तथा ताप विद्युत से संबंधित एक-एक परियोजना शामिल थी। प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान परियोजना प्रभावित परिवारों के समय पर पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन के महत्व पर जोर दिया। मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना की भी समीक्षा की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण तंत्र विकसित करके राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में छतों की स्थापना की क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया।

# नीतीश ने सीतामढ़ी में बंद रीगा चीनी मिल का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



पटना। प्रगति यात्रा के पहले चरण के तीसरे दिन गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीतामढ़ी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां वर्षों से बंद पड़ी रीगा चीनी मिल का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान सीतामढ़ी का एक महत्वपूर्ण दौरा किया है। इस दौरान उन्होंने करोड़ों रुपये की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया और नौका विहार का उद्घाटन किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बंद पड़े रीगा चीनी मिल का भी उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाहरणालय में एक समीक्षा बैठक भी की, जिसमें विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। चीनी मिल के उद्घाटन से क्षेत्र के गन्ना किसानों में खुशी की लहर है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले रीगा चीनी मिल के उद्घाटन को जिले के लिए बड़ी सौगात माना जा रहा है। इससे पहले सीतामढ़ी के सांसद और विधायकों ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया।

## एक दूसरे के पूरक हैं सिख-हिंदू लड़ाने वालों से रहें सतर्कः योगी



लखनऊ। सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को नमन करते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को वीर बाल दिवस 11,000 सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। उन्होने कहा कि देश के इस जुझारू व समृद्ध कौम ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ व परिश्रम से मिसाल प्रस्तुत की है। कभी बड़ी संख्या में फौज में जाकर सिखों ने भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया, लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम व पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं।

# संभल में सर्वे सातवें दिन भी जारी

एजेंसी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के विभिन्न इलाकों में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) का सर्वे गुरुवार को लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। विवादित जामा मस्जिद से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक कुआं मिला है। अधिकारियों ने जामा मस्जिद से कुछ दूरी पर कुआं मिलने की पुष्टि की है। यह कुआं प्राचीन समय में मृत्य कूप के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस कूप में स्नान करने के बाद श्रद्धालु हरिहर मंदिर में पूजा करने जाते थे। इससे पहले संभल के चंदौसी तहसील क्षेत्र में एएसआई के सर्वे में 150 वर्ष पुरानी बावड़ी मिली थी, जिसकी खुदाई चल रही है। संभल के निवासी एवं इतिहास के अध्येता मोहन यादव ने बताया कि मृत्यु कूप का जिक्र संभल के इतिहास में आता है। पुराणों में ये ब्रह्मा जी द्वारा निर्मित कूप बताया गया है। यह ब्रह्मा जी द्वारा निर्मित 19 कुओं में से एक है। इसमें लगभग 20 साल पहले तक पानी था। लोग पहले स्नान करते और फिर हरिहर मंदिर में पूजा करने जाते थे। इसका स्वच्छ और निर्मल जल भगवान को चढ़ाया करते थे। हमारे पूर्वजों ने बताया है कि यहां पर महादेव का मंदिर है। अगर इस क्षेत्र की खुदाई कराई जाए तो सब सच सामने आ जाएंगे। मोहन यादव ने बताया कि हमारे बुजुर्ग पूर्व में यहां आते थे और कुएं से पानी लाते थे। हालांकि कुछ परिस्थितियों और उदासीनता के कारण लोगों ने इसका उपयोग करना बंद कर दिया लेकिन अब प्रशासन और योगी सरकार के प्रयासों से हमारी विरासत के पुनरुद्धार पर जो काम हो रहा है, उसके लिए हम उनका हार्दिक आभार जताते हैं।

## विवादित मस्जिद से कुछ दूरी पर मिला पुराना कुआं



# दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार बना स्टॉक मार्केट

## शेयर बाजार का पूंजीकरण 5.29 ट्रिलियन डॉलर के पार

एजेंसी

▸▸ इस वर्ष निफ्टी और सेंसेक्स ने क्रमशः 26,277 व 85,978 का नया कीर्तिमान बनाया




मुंबई। शेयर बाजार का पूंजीकरण 5.29 ट्रिलियन डॉलर के पार हुआ और वैश्विक स्तर पर अमेरिका, चीन और जापान के बाद भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार बना। यह जानकारी गुरुवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई।

वित्तीय फर्म पैंटोमैथ ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी और सेंसेक्स ने इस वर्ष क्रमशः 26,277.35 और 85,978.25 का नया सर्वकालिक उच्च स्तर बनाया। वित्त वर्ष 24 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 8.2 प्रतिशत रही है, जो कि उम्मीद से अधिक थी। हालांकि, महंगाई और कमजोर खपत के कारण वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही में वृद्धि दर कमजोर रही है। रिपोर्ट में कहा गया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में सरकारी खर्च, निजी निवेश और ग्रामीण विकास में तेजी से वृद्धि दर में सुधार की उम्मीद है। भारत वैल्यू फंड की सीआईओ और फंड मैनेजर मधु लूनावत के अनुसार, मध्यम अवधि के निवेश के दृष्टिकोण से भारत की लॉन्ग टर्म ग्रोथ स्टोरी में भाग लेने के लिए घरेलू और वैश्विक निवेशकों जैसे एआईएफ, पीएमएस, म्यूचुअल फंड आदि के लिए कई अवसर उपलब्ध हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑटोमोबाइल क्षेत्र 10 प्रतिशत बढ़कर 6.14 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जिसमें ईवी अपनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है और इस सेक्टर से वित्त वर्ष 26 तक निर्यात 30 अरब डॉलर होने का अनुमान है। भारत 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन और 2030 तक 50 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी के लिए प्रतिबद्ध है, जिसे नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन और रिन्यूएबल एनर्जी में 100 प्रतिशत एफडीआई द्वारा समर्थन दिया जा रहा है।

एसीएमआईआईएल के रिटेल रिसर्च प्रमुख, देवांग शाह ने कहा कि भारतीय कॉरपोरेट आय में और सुधार की उम्मीद है। सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़ेगी और कंपनियों को कमोडिटी की कीमतों में नरमी का लाभ मिलेगा, जिससे मुनाफे और मार्जिन दोनों में वृद्धि होगी। शाह ने कहा कि मजबूत घरेलू मांग, सकारात्मक व्यापक आर्थिक कारकों और निजी पूंजीगत व्यय में सुधार के कारण आगामी तिमाहियों में कंपनियों का प्रदर्शन मजबूत रहने की उम्मीद है।

## शेयर बाजार सपाट बंद अडाणी पोर्ट्स टॉप गेनर

मुंबई। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को सपाट बंद हुए। कारोबार के अंत में निफ्टी पर आईटी, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स की लिस्ट में सबसे आगे रहा। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 1,243.90 रुपये पर बंद हुआ। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 33.20 रुपये की बढ़त के साथ 1,064.30 रुपये पर बंद हुआ। सेंसेक्स 0.39 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 78,472.48 पर बंद हुआ और निफ्टी 22.55 अंकों या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,750.20 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 62.30 अंकों या 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,170.70 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 67.80 अंक या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 57,125.70 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 4 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,728.65 पर बंद हुआ।

